BORN FOR THE SPOTLIGHT.

WHATTA MOVE!

TOYOTA

// MILEAGE

PETROL AMT **24.77** km/L / CNG AMT **34.47** km/kg*

// STARTS FROM

₹6.99 LAKH*

NEW FRONT FACE DESIGN / BOLD NEW FRONT GRILLE / ADAS LEVEL 2

* T&C Apply. Digitally created visual. Actual vehicle colour, features and specifications may vary depending on the variant.

//THE NEW TOYOTA GLANZA

SHARP. SMART. Awesome

LAND CRUISER 300 · VELLFIRE · CAMRY · LEGENDER · FORTUNER · HILUX · INNOVA HYCROSS · INNOVA CRYSTA · URBAN CRUISER HYRYDER · URBAN CRUISER EBELLA · RUMION · URBAN CRUISER TAISOR · GLANZA

Toyota Mobility Service Conversion | Fleet | Leasing

TOYOTA TRUST Buy | Sell | Exchange - Used car

TOYOTA FINANCIAL SERVICES

Wasan Toyota (Sanpada/Chembur/Panvel) Ph: 9702914446

Bharat Toyota (Andheri/Malad/Mira Road/Vasai/Thane/Kalyan/Boisar/Mulund/Kharghar/Virar) Ph: 9821915763

Madhuban Toyota (Bandra/Lower Parel/Kurla/Breach Candy) Ph: 9819797976

Millennium Toyota (Thane/Andheri) Ph: 8291280580

Regent Toyota (Bhiwandi) Ph: 9099225678

dentsu creative/nbt mum/04/26

महानगर > मुंबई > रविवार, 25 अक्टूबर 2026 > कार्तिक 3 शक 1948, आश्विन शुक्ल चतुर्दशी, विक्रम संवत 2083

YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

वर्ष 18, संख्या 43 > मूल्य ₹6.00 > पेज 18 > आर.एन.आई. पंजीयन नंबर 27562

www.nbt.in



राजीव गांधी बहुत खूबसूरत और सौम्य थे: सोनिया

देखें अंदर

नवभारत टाइम्स

NBT

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

शाह ने दिल्ली में कानून-व्यवस्था की समीक्षा की

▶ देखें अंदर





सिर्फ़ फैब्रिक्स ही नहीं,
एक विरासत बुनते हैं हम!
सियाराम्स की कहानी भी
ऐसी ही एक विरासत की कहानी है
जहाँ हर धागे में मेहनत है, हर बुनावट में हुनर है
और हर फैब्रिक में वर्षों का विश्वास है।
भारत की मिट्टी से शुरु हुआ हमारा सफ़र,
आज दुनिया भर में अपनी पहचान बना चुका है।
समय बदला, अंदाज़ बदले, फैशन बदला,
लेकिन गुणवत्ता के प्रति हमारा वादा कभी नहीं बदला।
क्योंकि हमारे लिए विरासत
सिर्फ़ यह नहीं कि हम कहाँ से आए हैं,
बल्कि यह है कि हम आने वाली
पीढ़ियों के लिए क्या बुन रहे हैं।
COME HOME TO WORLD-CLASS FASHION
come home to
Siyaram's
Siyaram's
Scan the QR Code and
Watch the Video
Available at all the leading retail outlets and Siyaram's Shops across the country. For trade/corporate enquiries,
Contact: 022-68330500. Toll-free No.: 1800 209 4005. For franchise enquiries, contact: 9820197273
Email: enquiries@siyaram.com | www.siyaram.com Follow us on:
YouTube

महानगर > मुंबई > **रविवार, 25 अक्टूबर 2026** > कार्तिक 3 शक 1948, आश्विन शुक्ल चतुर्दशी, विक्रम संवत 2083 YOUNG INDIA > YOUNG PAPER वर्ष 18, संख्या 43 > मूल्य ₹6.00 > पेज 18 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 27562 www.nbt.in

NBT संडे नवभारत टाइम्स

195 AQI दर्ज किया गया अणुशक्ति नगर में। | **193** AQI रहा एंटॉप हिल इलाके में। | **181** AQI अंधेरी (पूर्व) में मापा गया।



एक ही ट्रेंड की फिल्में बन रहीं: अनुराग कश्यप ▸p13



एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

दिल्ली से ज्यादा खराब मुंबई की हवा

AQI 200



IANS

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मुंबई में वायु प्रदूषण बढ़ने से हवा की गुणवत्ता चिंता का विषय बन गई है। शनिवार को शहर के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 200 के करीब पहुंच गया। इसी दिन दिल्ली में यह 191 दर्ज हुआ। अणुशक्ति नगर में सबसे अधिक 195 AQI दर्ज किया गया, जबकि एंटॉप हिल में यह 193 रहा। आराम नगर में 188 और अंधेरी (पूर्व) में 181 AQI दर्ज किया गया। इन चारों इलाकों में AQI का स्तर 180 से अधिक रहा।

बीमारों को बरतनी होगी सावधानी: केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मानकों के अनुसार, 101 से 200 के बीच AQI को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। इस स्तर पर संवेदनशील लोगों को सांस लेने में परेशानी हो सकती है। 201 से 300 के बीच AQI पहुंचने पर हवा की गुणवत्ता खराब श्रेणी में आती है। शनिवार को दर्ज आंकड़े बताते हैं कि मुंबई के इन इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब श्रेणी की सीमा के करीब पहुंच गया था। ऐसे में बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से जूझ रहे लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

37.1 डिग्री पहुंचा पारा

मुंबई में शनिवार को प्रदूषण के साथ गर्मी ने भी लोगों को परेशान किया। शहर का अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अक्टूबर के अंतिम दिनों में तापमान का इतना ऊंचा रहना गर्मी का एहसास करा रहा है। अब नवंबर मध्य में ही गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद जताई गई है।

जंतर-मंतर हिंसा: पीड़ित पैलेट गन से दुर्व्यवहार तक, दर्ज करा सकेंगे बयान

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

जंतर-मंतर पर जुलाई में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित हिंसा और पुलिस ज्यादती की जांच कर रही सुप्रीम कोर्ट की उच्चस्तरीय जांच समिति 29 और 30 अक्टूबर को प्रभावित लोगों के बयान दर्ज करेगी। समिति विशेष रूप से पैलेट गन के कथित इस्तेमाल, महिला प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाकर कथित हिंसा करने और उनसे कथित दुर्व्यवहार के आरोपों की जांच करेगी। इसके अलावा पुलिस और प्रदर्शनकारियों, दोनों पक्षों की ओर से अत्यधिक बल प्रयोग और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं की भी पड़ताल की जाएगी।

जांच समिति के सामने 29-30 अक्टूबर को रखें पक्ष

सूत्रों के मुताबिक, समिति की बैठक सुबह 11 बजे से शिक्षा सदन, 17 राउज एवेन्यू इंस्टिट्यूशनल एरिया स्थित कार्यालय में होगी। प्रभावित लोग और आम नागरिक सुबह 11.30 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच वहां पहुंचकर अपनी शिकायतें, अभ्यावेदन और संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत कर सकेंगे। समिति ने hpec.nic.in पोर्टल भी शुरू किया है।



PTI

सुरक्षा पर सख्ती... गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस के साथ बैठक कर सुरक्षा मजबूत करने, संगठित अपराध पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

नेहा बोरा ने कहा, 'पीस बॉन्ड' पर साइन नहीं करूंगी

■ **AISA की** अध्यक्ष नेहा बोरा ने कहा कि विरोध करना हमारा मौलिक अधिकार है। संविधान हमें अपनी बात रखने और विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार देता है, लेकिन 'पीस बॉन्ड' के जरिए उसी अधिकार को छीना जा रहा है। उन्होंने साफ कहा कि वह किसी भी कीमत पर इस बॉन्ड पर साइन नहीं करेंगी। नेहा के मुताबिक, विरोध प्रदर्शन करने वालों से यह लिखवाया जाता है कि वे शांति भंग नहीं करेंगे। उन्होंने इस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि विरोध करने के अधिकार पर इस तरह की शर्तें लगाना गलत है।



संदिग्ध आतंकी मो. हसन को 4 दिन की पुलिस रिमांड

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** जैश-ए-मोहम्मद से कथित लिंक के आरोप में गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी मोहम्मद हसन (33) को माहिम पुलिस ने शनिवार को स्पेशल कोर्ट में पेश किया। अदालत ने आरोपी को 4 दिनों के लिए पुलिस रिमांड में भेजा है। आरोपी हसन को ATS ने माहिम से पकड़ा था और पूछताछ के बाद आगे कार्रवाई के लिए माहिम पुलिस के हवाले कर दिया।



मोहम्मद हसन

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह सोशल मीडिया पर धार्मिक प्रवचन देखता था। पुलिस ने जब्त डिजिटल सामग्री फोरेंसिक जांच के लिए भेजी है। माहिम पुलिस ने बीएनएस की धारा 196(1) के तहत मामला दर्ज किया है। सूत्रों के अनुसार, इस मामले में UAPA की धाराएं भी जोड़ी जा सकती हैं। ATS को शक है कि आरोपी पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों (PIOs) के सीधे संपर्क में था और राष्ट्रविरोधी सामग्री शेयर कर सांप्रदायिक तनाव भड़काने की साजिश रच रहा था। मोहम्मद हसन की डिजिटल गतिविधियों और नेटवर्क की जांच जारी है। ▸▸ शेष पेज 3 पर

टाइगर पर फायरिंग के हथियार मुहैया कराने का आरोपी इंदौर से पकड़ा गया

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस में मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शनिवार को इंदौर से प्रांजल ठकरान नामक संदिग्ध आरोपी को पकड़ा है। सोनीपत निवासी प्रांजल को इंदौर के परदेशीपुरा से मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने पूछताछ के लिए उठाया है। प्रांजल पेशे से इंजिनियर है। उसके भाई का सोनीपत में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने बीमार भाई की आगे की जांच के लिए इंदौर रेफर किया है।



टाइगर पर हमला

प्रांजल यहां पांच दिन पहले भी आया था, जिसकी लोकेशन पुलिस को मिली थी। पुलिस इस केस में प्रांजल की कथित भूमिका, शूटरों से उसके संपर्क और लॉजिस्टिक सहायता उपलब्ध कराने से जुड़े पहलुओं की गहन जांच कर रही है।

डीसीपी राजतिलक रोशन के अनुसार, आरोपी से पूछताछ जारी है। उस पर फायरिंग केस में लॉजिस्टिक मुहैया कराने का शक है। अब तक पकड़े गए 10 आरोपियों से अलग-अलग पूछताछ जारी है। कुछ बिंदुओं पर इन आरोपियों से आमने-सामने बैठाकर भी पूछताछ की गई है। ▸▸ पेज 3

फर्ज़ी पहचान से छिपे थे अमेरिका में

अपराधी भाऊ-नीरज लाए जाएंगे भारत

Shanker.Singh
@timesofindia.com


मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर पकड़े गए

यूएस में पकड़े गए दोनों मोस्ट वॉन्टेड गैंगस्टर को भारतीय एजेंसियां भारत लाने के लिए डिपोर्टेशन की प्रक्रिया से जुड़ी औपचारिकताओं को अंतिम रूप देने में जुटी है, जिसके लिए अमेरिकी एजेंसियों से आगे की कानूनी कार्रवाई को लेकर विस्तृत जानकारी का इंतजार है।

■ **नई दिल्ली:** फर्जी नाम से पासपोर्ट बनवाकर विदेश भागे गैंगस्टर हिमांशु उर्फ भाऊ और नीरज उर्फ फरीदपुरिया को जल्द भारत वापस लेने की प्रक्रिया चल रही है। दिल्ली-हरियाणा में मर्डर, कातिलाना हमले, रंगदारी और फायरिंग की वारदात की सेंचुरी पार कर दहशत फैलाने वाले दोनों गैंगस्टर को गुरुवार को अमेरिका के लास वेगास (Las Vegas) में पकड़ा लिया गया। फिलहाल दोनों को नेवादा के हेंडरसन डिटेंशन सेंटर में रखा गया है।

कई केस दर्ज हैं दोनों पर, वापस लाने की प्रक्रिया शुरू

हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (STF) को रोहतक के रिटौली निवासी भाऊ और फरीदाबाद के फरीदपुर निवासी नीरज के अमेरिका में होने के इनपुट मिले थे। इसे केंद्रीय जांच एजेंसियों को साझा किया गया। इसके बाद अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी (ICE) ने हिरासत में लिया है। भाऊ की गिरफ्तारी पर साढ़े तीन लाख रुपये तो नीरज पर दो लाख रुपये का इनाम था। दोनों के खिलाफ इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवाया हुआ था। अमेरिका में भाऊ ने हिमांशु सिगरोहा तो फरीदपुरिया ने नीरज कौशिक के तौर पर खुद की पहचान रखी हुई थी। दोनों इसी नाम से फिलहाल ICE की कस्टडी में हैं।



अमेरिका में भाऊ ने हिमांशु सिगरोहा के नाम से रह रहा था।

नीरज उर्फ फरीदपुरिया ने अपना नाम नीरज कौशिक रखा हुआ था।



हरियाणा पुलिस कर सकती है गिरफ्तार!

सूत्रों के मुताबिक, दोनों गैंगस्टरों की सबसे पहले गिरफ्तारी हरियाणा पुलिस कर सकती है। रिमांड पर लेकर फर्जी पासपोर्ट बनाने के अलावा अन्य वारदात में मदद करने वालों के बारे में पूछताछ होगी। विदेश से ऑपरेट करने के पूरे तंत्र को समझा जाएगा। केंद्रीय जांच एजेंसियां भी पूछताछ में शामिल होंगी। साहिल और योगेश उर्फ बॉबी समेत विदेश के अन्य सहयोगियों का पता लगाया जाएगा। भाऊ की रिटौली गांव में गैंगवॉर चल रही है, उसके बारे में भी खंगाला जाएगा।

दिल्ली में भी लाए जाएंगे रिमांड पर

बर्गर किंग समेत कई वारदात में भाऊ का हाथ रहा है। क्राइम ब्रांच ने मकोका लगा रखी है। हेड कॉन्स्टेबल से 10 करोड़ रुपये की रंगदारी का केस भी है। फरीदपुरिया रतन लोहिया और उनके भतीजे विजय लोहिया के मर्डर का मास्टरमाइंड है। दोनों को इन केसों में रिमांड पर लिया जाएगा, ताकि गिरोह के पैसे, हथियार और शूटर सप्लाई का खुलासा हो सके। पता लगाया जाएगा कि रंगदारी की रकम कैसे विदेश मंगवाई जाती थी।

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 15

अंतर्ज्ञान

संतुलन का सूत्र

मन में स्पष्टता, हृदय में पवित्रता और कर्म में सहजता हो, तो जीवन की कई उलझनें अपने आप सुलझने लगती हैं। मन की स्पष्टता हमें सही निर्णय लेने में मदद करती है। हृदय की पवित्रता हमारे इरादों को निर्मल रखती है, जिससे हमारे व्यवहार में छल-कपट और दुर्भावना नहीं आती। कर्म में सहजता का मतलब है कि हम बिना किसी दिखावे या गैर जरूरी दबाव के स्वाभाविक रूप से अपना काम करते रहे। जब हमारी सोच, भावना और कर्म में यह संतुलन आ जाता है, तो हमें अपने हर कदम को लेकर बहुत अधिक उलझने की जरूरत नहीं पड़ती।

आज का अखबार आपको कैसा लगा?

इस क्यूआर कोड को स्कैन करें और अपनी राय दें।



फटाफट खबरें

राजीव बहुत खूबसूरत और सौम्य थे: सोनिया

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी शुरुआत करते हुए पति राजीव गांधी के साथ शुरुआती दिनों की यादें साझा की। उन्होंने राजीव को बेहद खूबसूरत और सौम्य व्यक्ति बताया। सोनिया ने कैम्ब्रिज के एक ग्रीक रेस्तरां में राजीव से पहली मुलाकात का जिक्र किया। उनकी किताब 'बिलॉन्गिंग- अ जर्नी ऑफ लव' 10 नवंबर को जारी होगी। ▸▸ पेज 16

न्यूजीलैंड पर भारत की लगातार दूसरी जीत

क्राइस्टचर्च में खेले गए दूसरे टी20 इंटरनैशनल मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को एक बॉल बाकी रहते चार विकेट से हराया। प्लेयर ऑफ द मैच रहे तिलक वर्मा जिन्होंने नॉटआउट 51 रन बनाने के अलावा दो कैच लपके। युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने मैच में 4 रन बनाए। सीरीज में भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली है। ▸▸ पेज 15

Gen Z-Alpha के पास जानकारी नहीं: फडणवीस

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि जेन जी और जेन अल्फा सूचना और टेक्नोलॉजी के विस्फोट के जमाने में पैदा हुए। इसलिए उनके पास बहुत सारी जानकारी है। लेकिन उनके पास उस जानकारी पर आधारित ज्ञान नहीं है।

मौसम

न्यूनतम तापमान 25.6°

37.1° अधिकतम तापमान

सूर्यास्त 6:09 रविवार | सूर्योदय 6:36 सोमवार

NBT संडे नवभारत टाइम्स सड़क व रेल परिवहन सेवा शुल्क 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगड जिलों के बाहर।



FOR RETAIL ENQUIRIES, CONTACT :
Pune: 95031 99961 | Mumbai: 70666 05121 / 97309 85365 / 90287 43836 / 72085 35111
Vidarbha: 90287 43833 | Marathwada: 82085 14484 | Paschim Maharashtra: 95272 45656
Konkan & Goa: 77449 68989 | Karnataka: 77950 69524
Nashik, Khandesh & Gujarat: 95799 76373 | Customer Care: 99229 44482

*T&C apply. Representative image displayed. Subject to availability, assortments may vary from platform to platform.

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA



❖ भारत के डिजिटल वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करना ❖

आरबीआई डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
के द्वारा

सम्माननीय अतिथिगण

श्री ब्रजमोहन राम
राज्यपाल, ओडिशा

श्री मोहन चरण माझी
मुख्यमंत्री, ओडिशा

श्रीमती निर्मला सीतारामन
केंद्रीय मंत्री, वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य

श्री जुएल ओरम
केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री

श्री कनक बर्धन सिंह देव
उपमुख्यमंत्री, ओडिशा
कृषि एवं कृषक सशक्तिकरण, शक्ति

श्रीमती प्रभाती परिड़ा
उपमुख्यमंत्री, ओडिशा
महिला बाल विकास, मिशन शक्ति और पर्यटन

25 अक्तूबर 2026 को 16.45 बजे
भुवनेश्वर, ओडिशा

सुरक्षित, संप्रभु डेटा
भारत का वित्तीय डेटा, भारत की सीमाओं के भीतर सुरक्षित

सतत विकास
स्वच्छ हरित ऊर्जा, स्थानीय संसाधनों और पर्यावरण संरक्षण का उपयोग

साइबर सुरक्षा विशेषज्ञता
साइबर जोखिमों के बदलते स्वरूप से निपटने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करना

सतत विश्वसनीयता
एआई, क्लाउड और नेक्स्ट जेनरेशन के डिजिटल वित्त के लिए तैयार

डीडी न्यूज़ पर सीधा प्रसारण देखें



आरबीआई के यूट्यूब चैनल पर भी लाइव स्ट्रीमिंग देखें – क्यूआर कोड स्कैन करें या यहां क्लिक करें : https://youtube.com/live/vFpAqQ-ZDPI?feature=share

reservebankofindia @RBI



पीएनजी कनेक्शन का विस्तार तेजी से करने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने गैस कंपनियों को दी जाने वाली विभिन्न रियायतों की अवधि 31 मार्च 2027 तक बढ़ा दी है। -p5

डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) ने नवी मुंबई के न्हावा शेवा पोर्ट पर करीब 25,000 किलो पाकिस्तानी तरबूज के बीज जब्त किए हैं। -p5



195
रहा मुंबई का AQI शनिवार को, जो कि अनहेल्दी है।

37.1
अधिकतम तापमान दर्ज किया गया शनिवार को। दिन में काफ़ी उमस महसूस की गई।



सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद रेलवे ने लिया यह फ़ैसला



काउंटर से टिकट बुक करने पर भी मिलेगा ट्रैवल इंश्योरेंस

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : रेलवे के आरक्षण केंद्रों (PRS) से रिजर्व टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को भी अब वैकल्पिक यात्रा बीमा (OTIS) की सुविधा मिलेगी। यह व्यवस्था 27 अक्टूबर 2026 से लागू होगी। सुप्रीम कोर्ट के 6 अक्टूबर 2026 के आदेश के बाद रेलवे ने यह फैसला लिया है। अब तक यह सुविधा ऑनलाइन ई-टिकट बुक करने वाले यात्रियों को ही मिलती थी।

इच्छानुसार चुन सकेंगे विकल्प

इस बीमा का लाभ लेना अनिवार्य नहीं होगा। यात्री अपनी इच्छा से यह विकल्प चुन सकेंगे। बीमा लेने के लिए टिकट बुक करते समय मोबाइल नंबर देना और डिजिटल माध्यम से राशि का भुगतान करना जरूरी होगा। बीमा का प्रीमियम भी टिकट के किराये के साथ डिजिटल माध्यम से ही देना होगा। नकद भुगतान करने वाले यात्री इस सुविधा का लाभ नहीं ले सकेंगे। आरक्षण कर्मचारी यात्रियों को बीमा की जानकारी देंगे और उनकी सहमति के बाद ही इसे लागू करेंगे।

आरक्षण केंद्रों पर तैयारी

रेलवे ने अपने सभी जोन को 27 अक्टूबर से पहले आरक्षण केंद्रों पर जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि इसको लेकर रेलवे की सूचना प्रौद्योगिकी संस्था क्रिस (CRIS) और आईआरसीटीसी मिलकर आरक्षण प्रणाली में जरूरी बदलाव कर रहे हैं। आरक्षण कर्मचारियों को बीमा की प्रक्रिया, प्रीमियम लेने और यात्रियों के सवालों का जवाब देने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

बीमा लेने वाले यात्रियों को पॉलिसी की जानकारी उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी।



मंडल रेल प्रबंधक और कमर्शियल विभाग के अधिकारी इस व्यवस्था की निगरानी करेंगे। तकनीकी समस्या आने पर उसे क्रिस और IRCTC के संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। सभी जोन को व्यवस्था शुरू होने से पहले तैयारी पूरी कर मंत्रालय को रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

रेल यात्रियों को ₹10 लाख तक का बीमा

- मृत्यु होने पर मिलेगा **10 लाख रुपये**
- स्थायी और पूर्ण दिव्यांगता पर **10 लाख रुपये**
- स्थायी आंशिक दिव्यांगता पर **7.5 लाख रुपये**
- अस्पताल में इलाज का खर्च **2 लाख रुपये तक**
- पार्थिव शरीर ले जाने के लिए **10,000 रुपये**

5 महीनों में 25 रुपये प्रति किलो तक बढ़े चीनी के दाम

मिठास पर महंगाई की खटास, फीकी पड़ सकती है दिवाली

NBT बाज़ार पड़ताल

Priya.Pandey@TimesOfIndia.com



■ **मुंबई:** दीपावली का त्योहार आते ही घरों में पारंपरिक मिठाइयां और पकवान बनाने की तैयारियां शुरू हो जाती हैं, लेकिन इस बार रसोई के सबसे अहम हिस्से यानी चीनी की बढ़ती कीमतों ने आम जनता की चिंता बढ़ा दी है। पिछले 5 महीनों में चीनी के दाम में दाम में प्रति किलो 25 रुपये तक की बढ़ोतरी देखने को मिली है, जिससे इस त्योहारी सीजन में घर का बजट बिगड़ सकता है।

मुंबई के स्थानीय बाजारों से लेकर ऑनलाइन प्लैटफॉर्म्स तक चीनी की कीमतों में भारी अंतर और उछाल देखा जा रहा है। शहर की अलग-अलग किराना दुकानों पर चीनी 62 रुपये से लेकर 82 रुपये प्रति किलो तक बिक रही है। वहीं, ऑनलाइन प्लैटफॉर्म्स पर भी ग्राहकों को राहत नहीं है। ब्लिंकिट पर चीनी के दाम 72 रुपये प्रति किलो और जेप्टो पर करीब 75 रुपये प्रति किलो से शुरू हो रहे हैं।

जनवरी से जून तक चीनी के दाम 45 से 48 रुपये या 50 रुपये किलो तक थे। पहले भी चीनी के दाम में ऊपर नीचे होता था, लेकिन चीनी के दाम में उतार-चढ़ाव काफी कम होता था। जून और जुलाई से यह रेट लगातार बढ़ता जा रहा है। फिलहाल मेरी दुकान पर चीनी का रेट 62 रुपये किलो है।

- जयेश रावल, राशन दुकान, खार

मिठाइयां बनाने पर बढ़ेगा ख़र्च

ऑर्गेनिक या प्रीमियम श्रेणी की खास चीनी के दाम तो बाजार में 190 रुपये प्रति किलो तक पहुंच चुके हैं। कीमतों में यह अंतर ब्रांड, पैकिंग के तरीके और इलाके के अनुसार अलग-अलग है, जिससे आम उपभोक्ताओं के लिए सही विकल्प चुनना मुश्किल हो रहा है। दिवाली पर बनने वाले लड्डू, बर्फी, गुलाब जामुन, पेड़ा और अन्य चाशनी वाली मिठाइयों में चीनी का इस्तेमाल मुख्य रूप से होता है। चीनी के दाम बढ़ने से घर में बनने वाली मिठाइयों का कुल खर्च काफी बढ़ जाएगा।

...तो पड़ेगा दोहरा बोझ

यदि त्योहार के समय खोया, शुद्ध घी, मेवे (ड्राई फ्रूट्स) और तेल के दाम भी ऊंचे बने रहे, तो घरेलू बजट पर दोहरा बोझ पड़ेगा। जिन परिवारों में दिवाली पर बड़े पैमाने पर मिठाइयां बनाई जाती है या सगे-संबंधियों और दोस्तों में मिठाइयां बांटी जाती है, उनकी जेब पर इसका सीधा असर पड़ेगा।



नहीं मिल रही सरकारी राहत

एक समय था जब त्योहारों के सीजन में सरकार की तरफ से राशन की दुकानों पर रियायती (सब्सिडाइज्ड) दरों पर चीनी उपलब्ध कराई जाती थी, जिससे आम आदमी को बड़ी राहत मिलती थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से यह व्यवस्था बंद है। वर्तमान में राशन दुकानों के जरिए केवल गेहूं और चावल ही रियायती दरों पर वितरित किए जा रहे हैं, जिससे त्योहारों के वक्त महंगाई से तुरंत राहत पाने का कोई सरकारी विकल्प नहीं बचा है।

पहले से बनाएं बजट : त्योहारों का यह सीज़न खुशियों और मेल-जोल का प्रतीक है, लेकिन महंगाई के इस दौर में सूझबूझ के साथ बजट प्रबंधन करना जरूरी हो गया है। परिवारों को चाहिए कि वे अपनी जरूरत के अनुसार राशन की पहले से योजना बनाएं, ताकि त्योहार की मिठास पर महंगाई का असर कम से कम पड़े।

गरीब रथ में TTE के साथ मारपीट, मदद मांगने के बावजूद नहीं रुकी ट्रेन

यात्रियों के एक समूह पर सामान छीनने का भी आरोप

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई


निजामुद्दीन-बांद्रा टर्मिनस गरीब रथ एक्सप्रेस (12910) में ड्यूटी कर रहे टिकट जांच कर्मचारियों (TTE) के साथ मारपीट और उनके सामान छीनने का मामला सामने आया है। रेलवे के अनुसार, 23 अक्टूबर को रवाना हुई ट्रेन में रतलाम मंडल के 3 टीटीई तैनात थे। यात्रियों के एक समूह ने टीटीई बसंत के साथ मारपीट की और उनका EFT (इलेक्ट्रॉनिक किराया टिकट बुक) तथा HHT (हैंड हेल्ड टर्मिनल) छीन लिया। घटना के बाद कर्मचारियों ने रेलवे अधिकारियों से मदद मांगी, लेकिन उन्हें समय पर मदद नहीं मिली।

रात 1:27 बजे मिली थी हंगामे की सूचना: रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, 24 अक्टूबर की रात 1:27 बजे टीटीई अमित ने रतलाम के वाणिज्य नियंत्रण कक्ष को सूचना दी कि एक यात्री कथित तौर पर नशे में है और वह अलग-अलग कोच में घूम रहा है और सीटी बजाकर यात्रियों को परेशान कर रहा है।



महाप्रबंधक को पत्र लिखकर सख्त कार्रवाई की मांग

वडोदरा पहुंचने पर RPF के जवान ट्रेन में पहुंचे, लेकिन यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण किसी को ट्रेन से नहीं उतारा जा सका। अब बांद्रा टर्मिनस पर पर्याप्त संख्या में RPF और GRP कर्मियों की तैनाती कर आरोपियों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लेने की मांग की गई है। महाप्रबंधक को पत्र लिखकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



टीटीई बसंत

चोट लगने के बाद भी नहीं रुकी ट्रेन : रात 2:14 बजे टीटीई बसंत ने दोबारा सूचना दी कि यात्रियों के एक समूह ने उनके साथ मारपीट की है और उनका EFT और HHT छीन लिया है। उन्होंने अपनी चोटों और खून से सने कपड़ों की तस्वीरों के साथ वडोदरा नियंत्रण कक्ष को फिर से सूचना दी। रात 2:34 बजे टीटीई ने गोधरा (GDA) स्टेशन पर ट्रेन रोकने की गुहार लगाई, लेकिन ट्रेन वहां भी नहीं रुकी। कुछ देर बाद टीटीई बसंत ने भी ऐसी ही शिकायत की। ट्रेन का अगला ठहराव वडोदरा (BRC) होने के कारण वहां के नियंत्रण कक्ष को सूचना देकर रेलवे सुरक्षा बल (RPF) की मदद मांगी गई।

NBT स्मार्ट रीडर



यह तस्वीर मीरा रोड (East) के रॉयल कॉलेज बस स्टॉप की है। इसे गिरीश कुमार मित्तल ने भेजा है। उनका कहना है बस स्टॉप पर फैली गंदगी से उठने वाली दुर्गंध के कारण यात्रियों को काफी परेशानी होती है। बस का इंतज़ार करने वाले यात्रियों के लिए स्टॉप पर खड़े रहना मुश्किल हो जाता है। दुर्गंध के कारण यात्रियों को नाक पर रुमाल लगाकर खड़े रहना पड़ता है। गिरीश की मांग है कि प्रशासन द्वारा बस स्टॉप पर फैली गंदगी को जल्द से जल्द साफ कराया जाए।

आप भी हमें बताएं आम जनता की समस्याएं

'मुद्दा पब्लिक का' आपकी समस्याओं को आवाज देने के लिए ही शुरू की गई पहल है। इसमें आपका शामिल होना जरूरी है। आप भी अपने आसपास की ऐसी समस्याओं को देखकर चुप न रहें। एनबीटी तक अपनी आवाज पहुंचाएं। हम इन्हें सरकार और प्रशासन तक पहुंचाएंगे, ताकि इनका हल निकले।

9967397376 नंबर पर समस्याओं की तस्वीरें हमें अपने नाम और डिटेल के साथ वॉट्सऐप करें।

BJP में शामिल होने का कई बार मिला प्रस्तावः सुशील शिंदे

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व CM सुशील कुमार शिंदे ने दावा किया कि उन्हें बीजेपी में शामिल होने का कई बार प्रस्ताव मिला, लेकिन उन्होंने ठुकरा दिया।



उन्होंने कहा, मैं हाल ही में PM से भी मिला था। उनसे मिलने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन मायने यह रखता है कि कोई व्यक्ति किस विचारधारा व किन सिद्धांतों को मानता है। बता दें कि शिंदे के पोते शिखर पहाड़िया ने PM नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर बैनर लगाकर उन्हें शुभकामनाएं दी थीं। बाद में मामले ने विवाद पकड़ लिया था।

मेट्रो से लोकल तक का सफ़र होगा आसान, बनेंगे 2 नए फुटओवर ब्रिज



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मेट्रो से उतरकर लोकल ट्रेन पकड़ने वाले यात्रियों का सफर आसान बनाने के लिए मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) 2 नए पैदल पुल (फुटओवर ब्रिज) बनाएगा। इसके तहत मेट्रो-6 के विक्रोली मेट्रो स्टेशन को कांजुरमार्ग रेलवे स्टेशन से और जोगेश्वरी मेट्रो स्टेशन को जोगेश्वरी रेलवे स्टेशन से जोड़ा जाएगा। दोनों पुलों के निर्माण पर करीब 148 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। एमएमआरडीए ने इन दोनों पुलों के निर्माण के लिए टेंडर आमंत्रित किया है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही काम शुरू करने की योजना है। दोनों पुलों का निर्माण 24 महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

कांजुरमार्ग और जोगेश्वरी में मेट्रो-रेल स्टेशनों को जोड़ने के लिए MMRDA ने निकाला टेंडर

740 और 900 मीटर होगी पुल की लंबाई

योजना के अनुसार, विक्रोली मेट्रो स्टेशन से कांजुरमार्ग रेलवे स्टेशन तक पैदल पुल की लंबाई करीब 740 मीटर होगी। वहीं, जोगेश्वरी मेट्रो स्टेशन से जोगेश्वरी रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाले पुल की लंबाई करीब 900 मीटर होगी। पुल बनने से यात्रियों को मेट्रो और लोकल स्टेशन के बीच आने-जाने में काफी सहूलियत होगी।

मेट्रो-6 के यात्रियों को होगा फ़ायदा

मेट्रो-6 मार्ग पर मेट्रो स्टेशनों के आसपास के रेलवे स्टेशनों से सीधा संपर्क बनाने की योजना है। पैदल पुल तैयार होने के बाद यात्रियों को मेट्रो से उतरकर रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए सड़क मार्ग से लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इससे रोजाना मेट्रो व लोकल दोनों से सफर करने वाले यात्रियों को फायदा मिलने की उम्मीद है।

AC लोकल में महिला के बैग में लगी आग

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : दादर से बदलापुर जा रही AC लोकल की लेडीज़ बोगी में एक महिला के बैग में आग लग गई। इससे कोच में धुआं फैल गया। यह घटना दोपहर करीब 12:30 बजे दादर से रवाना हुई लोकल ट्रेन में हुई। आशंका जताई गई है कि बैग में रखे पावर बैंक में गड़बड़ी के कारण आग लगी।

विडियो देखें
इस बारकोड को स्कैन करें और इस खबर से जुड़ा विडियो देखें

हालांकि, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। यात्रियों के मुताबिक, बैग में आग लगने के बाद लोकल की बोगी में धुआं फैलने लगा। स्थिति को देखते हुए घाटकोपर स्टेशन पर यात्रियों की मदद से बैग को ट्रेन से बाहर निकाला गया। घटना के बाद लोकल करीब 20 मिनट तक घाटकोपर स्टेशन पर रुकी रही। जांच के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।

मासूम बच्चों ने बचत कर किसानों की सहायता के लिए बढ़ाया हाथ

CM को सौंपा चेक, फडणवीस ने की सराहना

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : महाराष्ट्र में सूखे की मार झेल रहे किसानों की मदद के लिए बड़े पैमाने पर लोग आगे आए हैं। शनिवार को नागपुर में चिमुकली वरदा तिमांडे ने अपने छोटे भाई के साथ बचत करके 3,575 रुपये सूखा प्रभावित किसानों की मदद के लिए दिया। यह चेक दोनों भाई-बहन ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को सौंपा।



इस मौके पर CM फडणवीस ने वरदा के इस कदम की सराहना करते हुए कहा, छोटी उम्र में किसानों के प्रति उसकी संवेदनशीलता समाज के लिए बड़ी सीख है। वरदा ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा, उसकी छोटी-सी मदद से किसान काका के चेहरे पर खुशी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा, किसानों की मेहनत पर हमारा जीवन निर्भर है। उनकी तकलीफों को एक छोटी बच्ची ने भी महसूस किया। यह समाज में संवेदनशीलता और आपसी सहयोग की भावना को दर्शाता है।

'आरोप-प्रत्यारोप छोड़ किसानों की मदद करें'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : महाराष्ट्र में सूखे की गंभीर स्थिति को देखते हुए शिवसेना प्रमुख और DCM एकनाथ शिंदे ने पार्टी के मंत्रियों, विधायकों और कार्यकर्ताओं को राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से दूर रहकर सूखाग्रस्त किसानों की मदद करने के निर्देश दिए हैं, उन्होंने कहा, इस कठिन समय में किसानों को सहारा देना ही शिवसेना का पहला कर्तव्य है।



उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से सूखाग्रस्त क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंद परिवारों को राहत पहुंचाने की अपील की। शनिवार को DCM शिंदे ने कहा, दशहरे पर शिवसेना ने सूखाग्रस्त क्षेत्रों के लिए साढ़े 3 लाख अनाज किट भेजी हैं। इन किटों को सीधे जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाया जाना चाहिए। शिंदे ने पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि राज्य सरकार की ओर से घोषित सहायता पात्र किसान तक पहुंच रही है या नहीं, इसकी निगरानी की जाए।

मेट्रो स्टेशन के पास बसेंगे घर-दफ्तर, आने-जाने में होगी आसानी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मेट्रो स्टेशन के आसपास यदि घर, दफ्तर, दुकानें व जरूरी सुविधाएं विकसित की जाएं, तो सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल बढ़ सकता है। इससे लोगों को रोजाना आने-जाने में आसानी होगी और सड़कों पर वाहनों का दबाव कम करने में भी मदद मिलेगी। BMC आयुक्त व मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की प्रबंध निदेशक अश्विनी भिडे ने शनिवार को यह बात कही। भिड़े के अनुसार, शहरों के विकास और परिवहन की योजना एक साथ बनाना जरूरी है। भिडे ने बताया, महाराष्ट्र के नागपुर और पुणे में ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट (TOD) नीति शुरू की गई है। मुंबई में भूमिगत मेट्रो स्टेशनों के करीब 500 मीटर के दायरे में अधिक घनत्व वाले विकास को बढ़ावा देने की नीति लागू है।

12 राशियां और आपका दिन



ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज का दिन परोपकार में व्यतीत होगा। आप अपने सद्व्यवहार से माहौल को सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे। रात्रि में जीवनसाथी का स्वास्थ्य खराब होने से परेशानी होगी।

TAURUS 20 Apr - 19 May
आज का दिन पारिवारिक जनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है।

GEMINI 21 May - 21 Jun
पिता के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें।

CANCER 22 Jun - 22 July
राशि स्वामी की उत्तम स्थिति एवं राशि पर बृहस्पति का प्रथम होकर परिभ्रमण अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति करा कर कोष की स्थिति को सुदृढ़ करेगा।

LEO 23 July - 22 Aug
राजनीतिक क्षेत्र में अशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति भी होगी। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे। पाचन क्रिया मंद तथा नेत्र विकार संभव है।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आज कर्मोद्योग में तत्परता से लाभ होगा। स्वजनों से सुख, पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में उपलब्धि के योग हैं। आय के नए स्रोत बनेंगे, वाकपटुता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान, यश, कीर्ति की वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा-प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से समस्या हो सकती है।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्चा होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी सम्बन्धी के कारण तनाव बढ़ सकता है।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
व्यवसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन संभव है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता। पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
पत्नी को अकस्मात शारीरिक कष्ट होने से भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय-विक्रय से पहले सारे वैधानिक पहलुओं पर विचार कर लें।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
वैवाहिक जीवन आनन्ददायक बीतेगा। आज सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनेस में प्रोग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा।

सुडोकू

4		2			7			
1				4				
	8	7	3	1			9	2
		8					1	
		3	4		8	6		
	5					7		
5	2			6	4	3	8	
				5				4
			8			9		5

कल के सुडोकू का जवाब

5	4	6	2	1	9	3	7	8
3	7	2	5	4	8	6	9	1
8	9	1	3	6	7	5	4	2
1	6	9	7	2	4	8	5	3
4	3	5	9	8	6	1	2	7
2	8	7	1	3	5	4	6	9
7	2	8	6	5	3	9	1	4
9	5	3	4	7	1	2	8	6
6	1	4	8	9	2	7	3	5

जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष रजत पाद से प्रवेश कर रहा है। वर्ष के स्वामी शुक्र और मंगल ग्रह हैं। अक्टूबर शेष में राज्य कृपा के योग हैं। नवंबर में लंबित योजनाएं पूरी होंगी। दिसंबर और जनवरी 2027 में मित्रों का सहयोग, नई खोज और रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी। सम्मान बढ़ेगा और प्रतियोगिता में विजय मिलेगी। फरवरी में अनचाही यात्रा संभव है। मार्च-अप्रैल में कार्यों की प्रशंसा होगी। मई-जून में रहन-सहन सुधरेगा। जुलाई-अगस्त में रोग-ऋण से राहत मिलेगी। सितंबर में आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। सूर्य को अर्घ्य दें और हनुमान चालीसा पढ़ें। **-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा**

कल का पंचांग (सोमवार, 26 अक्टूबर 2026)

राष्ट्रीय मिति कार्तिक 04, शक संवत 1948, आश्विन शुक्ल पूर्णिमा, सोमवार और विक्रम संवत 2083 है। सौर कार्तिक मास प्रविष्टे 10, जमादि-उल-अव्वल 14, हिजरी 1448 (मुस्लिम) के अनुसार अंग्रेजी तारीख 26 अक्टूबर 2026 ईस्वी है। सूर्य दक्षिणायन, दक्षिण गोल और हेमंत ऋतु में हैं। राहुकाल प्रातः 07:30 तक रहेगा। पूर्णिमा तिथि प्रातः 09:42 तक, इसके बाद प्रतिपदा शुरू होगी। अश्विनी नक्षत्र सायं 05:42 तक, फिर भरणी नक्षत्र आरंभ होगा। वज्र योग अपराह्न 02:17 तक, इसके बाद सिद्धि योग लगेगा। बव करण प्रातः 09:42 तक, फिर कौलव करण शुरू होगा। चंद्रमा दिन-रात मेष राशि में संचार करेगा।

साप्ताहिक टैरो भविष्यफल (25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026)



आचार्य नंदिता पांडे

- **मेष (22 मार्च-21 अप्रैल):** आर्थिक सफलता और निवेश से धन वृद्धि होगी। सेहत सुधरेगी, परिवार संग समय बीतेगा। प्रेम और कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।
- **वृषभ (22 अप्रैल 21 मई):** कार्यक्षेत्र में उन्नति और वरिष्ठ महिला की मदद मिलेगी। निवेश लाभ देगा। प्रेम जीवन सुखद रहेगा, सेहत सुधरेगी, पारिवारिक तनाव और यात्रा में चिंता रहेगी।
- **मिथुन (22 मई-21 जून):** कार्यक्षेत्र में उन्नति और प्रोजेक्ट की खबर मिलेगी। धन वृद्धि संभव है, लेकिन तनाव सेहत प्रभावित कर सकता है। परिवार और प्रेम संबंधों में संयम रखें।
- **कर्क (22 जून- 21 जुलाई):** निवेश लाभ देगा। कार्यक्षेत्र में देरी हो सकती है। वाणी मधुर रखें, सेहत का ध्यान दें और यात्रा टालें। बातचीत से उलझन सुलझ सकती है।
- **सिंह (22 जुलाई-21 अगस्त):** प्रेम जीवन में रोमांस बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी, लेकिन यात्राओं से खर्च बढ़ सकता है। किसी महिला की सेहत की चिंता रहेगी। अहं से बचें।
- **कन्या (22 अगस्त-21 सितंबर):** निवेश में फोकस से परिणाम मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी, हालांकि अपेक्षा से कम हो सकती है। जीवनसाथी संग यात्रा सुखद रहेगी। सेहत का ध्यान रखें।
- **तुला (22 सितंबर-21 अक्टूबर):** साझेदारी के निवेश लाभ देंगे। प्रेम संबंधों में मधुरता और सुखद समाचार मिलेगा। कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी। सेहत सुधरेगी। सप्ताहांत में पुरानी यादें सुख देंगी।
- **वृश्चिक (22 अक्टूबर-21 नवंबर):** कार्यक्षेत्र में उन्नति और साझेदारी से सफलता मिलेगी। सेहत सुधरेगी, लेकिन प्रेम संबंधों में आलस्य और अहं से मतभेद बढ़ेंगे।
- **धनु (22 नवंबर-21 दिसंबर):** इस सप्ताह सेहत सुधरेगी और निवेश से धन वृद्धि संभव है। प्रेम जीवन में असंतोष रहेगा, इसलिए बड़े फैसले टालें। कार्यक्षेत्र में चिंता होगी। बातचीत से समाधान मिलेगा।
- **मकर (22 दिसंबर-21 जनवरी:** प्रेम संबंध सुदृढ़ होता जाएगा। आर्थिक स्थिति अनुकूल रहेगी और निवेश से लाभ होगा। जीवनसाथी संग घूमने का अवसर मिलेगा।
- **कुंभ (22 जनवरी-18 फरवरी):** सेहत सुधरेगी और वरिष्ठ महिला की मदद मिलेगी। प्रेम संबंधों में प्रयास सुख देंगे। कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी, आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी। बातचीत से उलझन सुलझेगी।
- **मीन (18 फरवरी-21 मार्च):** कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी। सेहत सुधरेगी और नई गतिविधि लाभ देगी। परिवार में खुशियां बनी रहेंगी। यात्रा में सावधानी रखें, खर्च संभालें। प्रेम संबंध मधुर होंगे।



सुनिला पाटील
Founder, CPO & CNO
Veena World
sunila@veenaworld.com

नए अनुभवों से सजा एक देश

वियतनाम में जब मैंने अपनी पहली एग कॉफ़ी ऑर्डर की, तो मन में थोड़ी झिझक थी। अंडा और कॉफ़ी? एक साथ? और यह दुनिया की सबसे चर्चित कॉफ़ी में से एक है? लेकिन उस गाढ़ी, क्रीमी, लगभग कस्टर्ड जैसी कॉफ़ी की एक चुस्की ली और मैं उसकी मुरीद हो गई।

कई मायनों में वह कॉफ़ी मेरे लिए पूरे वियतनाम का सार है। यह देश आपको बार-बार हैरान करता है।

यहाँ की अपनी यात्राओं में मैंने कम से कम दस तरह की कॉफ़ी तो ज़रूर चखी होगी। कोकोनट और सॉल्ट कॉफ़ी से लेकर बेहद सादी-सी वियतनामी आइस्ड कॉफ़ी 'का फे सुआ दा' तक, जो आज भी मेरी सबसे पसंदीदा है। स्ट्रॉन्ग, मीठी, ठंडी और ठेठ वियतनामी!

और कॉफ़ी से आगे भी यहाँ अनुभव करने को बहुत कुछ है। वियतनाम हैरत अंगेज़ नज़ारों, सदियों पुराने इतिहास, जीवंत शहरों और गर्मजोशी से भरे, हौसलामंद लोगों का एक दिलचस्प मेल है। हालॉन्ग बे की शानदार लाइमस्टोन चट्टानों के बीच क्रूज़ कीजिए, कंदीलों से जगमगाती होई आन की गलियों में घूमिए, हनोई और हो ची मिन्ह सिटी की ऊर्जा को महसूस कीजिए या फिर सापा के आसपास के पहाड़ों और धान के सीढ़ीदार खेतों की ओर निकल जाइए।

फिर एक और वियतनाम भी उभर रहा है। दा नांग का मशहूर गोल्डन ब्रिज ऐसा लगता है मानो पत्थर के दो विशाल हाथों ने उसे पहाड़ों के ऊपर थाम रखा हो। और फु क्वोक आइलैंड पर बेदाग बीचेस के साथ अब स्टाइलिश रिसॉर्ट्स, एंटरटेनमेंट पार्क्स और मेडिटेरेनियन एवं वेनिस की वास्तुकला से प्रेरित लाजवाब इमारतें भी नज़र आती हैं।

लेकिन शायद जो चीज़ मेरे ज़ेहन में सबसे ज़्यादा बसी रह जाती है, वह है वियतनाम का जज़्बा। यह एक ऐसा देश है जिसने युद्ध की तबाही झेली है, फिर भी आज यहाँ आपको मिलती है उम्मीद, उद्यमशीलता और लाजवाब मेहमाननवाज़ी। इसमें जोड़ दीजिए लज़ीज़ खाना, ट्रॉपिकल फल, खूबसूरत समुद्र तट, बेहतरीन होटल्स और पैसा वसूल अनुभव, तो यह समझना मुश्किल नहीं कि वियतनाम भारतीय सैलानियों का इतना पसंदीदा क्यों बन गया है।

भरपूर भूख लेकर आइए, जिज्ञासा लेकर आइए और ढेर सारी कॉफ़ी पीने के लिए तैयार होकर ज़रूर आइए। वियतनाम की एक प्यारी-सी आदत है, यह आपको आपकी उम्मीद से कहीं ज़्यादा दे जाता है।



वियतनाम

रंग, संस्कृति और जिज्ञासा का खूबसूरत संगम

ड्रैगन, लैंटर्न, कॉफ़ी...

दंतकथाएँ और संस्कृति – वियतनामी संस्कृति में ड्रैगन को समृद्धि, शक्ति और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। मंदिरों, इमारतों और लोककथाओं में उसकी जगह आज भी कायम है। दा नांग का मशहूर ड्रैगन ब्रिज इसी परंपरा की आधुनिक झलक है। होई आन में हर महीने होनेवाला लैंटर्न फ़ेस्टिवल भी वियतनाम की आस्था और परंपरा की खूबसूरत तस्वीर पेश करता है। यहाँ की सड़कों, चौक-चौबारों और बाज़ारों में भी स्थानीय संस्कृति की झलक दिखती है।

कुदरत के अलग-अलग रूप – उत्तर से दक्षिण तक फैले वियतनाम में पर्वतमालाएँ, हरे-भरे धान के खेत, नदियाँ, समुद्र तट और चहल-पहल भरे शहर, ऐसी बेजोड़ भौगोलिक विविधता देखने को मिलती है। हालॉन्ग बे के लाइमस्टोन आइलैंड्स से लेकर दा नांग के समुद्र तटों और फु क्वोक आइलैंड तक, हर इलाके का अपना अलग आकर्षण है। इसी भौगोलिक विविधता की वजह से हर हिस्से में अलग खान-पान, अलग जीवनशैली और पर्यटन का अलग अनुभव मिलता है।



युद्धभूमि से टूरिज़्म मैप तक – बीसवीं सदी में वियतनाम ने लंबे समय तक युद्ध, राजनीतिक अस्थिरता और भारी जान-माल का नुकसान झेला। इस युद्ध ने देश के सामाजिक, आर्थिक और भौतिक ढाँचे पर गहरा असर डाला। आज हो ची मिन्ह सिटी में घूमते हुए या वॉर रेम्नेंट्स म्यूज़ियम देखते हुए उस दौर के निशान और उससे मिले सबक समझे जा सकते हैं। 'कू ची टनल्स' युद्ध के दौर में स्थानीय लोगों की सूझबूझ, जुझारूपन और संघर्ष की गवाही देती हैं। आज शिक्षा, उद्योग, इंफ्रास्ट्रक्चर और पर्यटन में तरक्की की बदौलत 'हो ची मिन्ह सिटी' जैसे शहर आधुनिक वियतनाम की पहचान बन चुके हैं।



खान-पान – वियतनाम का खान-पान यानी ताज़गी, संतुलित स्वाद और स्थानीय परंपराओं का खूबसूरत मेल। वियतनाम का सबसे मशहूर व्यंजन है 'फो'। हनोई में 'बुन चा' एक और लोकप्रिय व्यंजन है। ग्रिल्ड पोर्क, नूडल्स और ताज़ा हर्ब्स से बना यह व्यंजन बेहद ज़ायकेदार होता है। इसके अलावा फ्रेंच-वियतनामी संस्कृति के मेल से बना 'बान्ह मी', होई आन के नूडल्स का खास रूप 'काओ लाउ', 'स्प्रिंग रोल्स' और कुरकुरा 'बान्ह सेओ' ज़रूर चखिए। ताज़ा सब्ज़ियों, हर्ब्स और हल्के स्वादों के साथ-साथ तटीय इलाकों की मछलियाँ, झींगे और दूसरे सी-फूड, यहाँ के खान-पान का अहम हिस्सा हैं। 'एग कॉफ़ी' और 'वियतनामी आइस्ड कॉफ़ी', इन दोनों ने दुनियाभर के खाने के शौकीनों को अपना दीवाना बनाया है। सड़क किनारे किसी छोटे-से कैफ़े में बैठकर कॉफ़ी की चुस्कियाँ लेना अपने आप में एक सांस्कृतिक अनुभव है।



वियतनामी फ़्लेवर – वियतनाम में मिलनेवाली कई चीज़ें यहाँ की संस्कृति और रोज़मर्रा की ज़िंदगी से जुड़ी हैं। यहाँ की सबसे लोकप्रिय खरीदारी है वियतनामी कॉफ़ी। रोबस्टा कॉफ़ी, एग कॉफ़ी मिक्स, कोकोनट कॉफ़ी, पारंपरिक फ़िन फ़िल्टर, काजू, लोटस सीड स्नैक्स, कैंडी, वियतनामी काली मिर्च, चक्रफूल, दालचीनी और टी ब्लेंड्स ज़रूर खरीदिए। होई आन शहर टेलर-मेड कपड़ों के लिए मशहूर है। यहाँ सिर्फ़ 24 से 48 घंटों में अपने नाप के सूट, ब्लेज़र, ड्रेस या पारंपरिक आओ दाई सिलवाए जा सकते हैं। 'नॉन ला' हैट्स, सिल्क लैंटर्न्स, एम्ब्रॉयडर्ड बैग्स, बैंबू-रेटन क्राफ़्ट्स, लैकरवेयर और फु क्वोक का मशहूर फ़िश सॉस ये लोकप्रिय सुवेनियर्स हैं। हनोई ओल्ड क्वार्टर, हो ची मिन्ह सिटी का बेन थान्ह मार्केट, होई आन नाइट मार्केट और दा नांग का हान मार्केट शॉपिंग के लिए लोकप्रिय जगहें हैं। यहाँ सुवेनियर्स, लोकल हैंडीक्राफ़्ट्स, फ़ैशन एक्सेसरीज़ और लोकल प्रोडक्ट्स बड़ी तादाद में मिलते हैं। इसलिए यहाँ से लौटते वक्त हम वियतनाम के स्वाद, रंगों और यादों की एक छोटी-सी दुनिया अपने साथ ले आते हैं।



सफ़र का नया ट्रेंड, टूरिस्ट स्पॉट्स से आगे का वियतनाम – आज वियतनाम में सिर्फ़ मशहूर लैंडमार्क्स देखने के बजाय एक्सपीरियंस-लेड ट्रैवल ज़्यादा लोकप्रिय हो रहा है। लोकल मार्केट्स में घूमना, स्ट्रीट फूड चखना, छोटे कैफ़े में कॉफ़ी पीना, लैंटर्न की रोशनी में होई आन को महसूस करना और लोकल लाइफ़स्टाइल से जुड़ना, यह सफ़र का एक अलग ही अनुभव है। इसी लिए आज वियतनाम सिर्फ़ एक साइटसीइंग डेस्टिनेशन न रहकर हैंडीक्राफ़्ट्स, खान-पान और स्थानीय अनुभवों का संगम बनता जा रहा है।



चलो वीणा वर्ल्ड के साथ!

वियतनाम का नाम लेते ही आँखों के सामने आ जाते हैं हालॉन्ग बे, होई आन, गोल्डन ब्रिज और फु क्वोक। लेकिन वियतनाम का असली मज़ा तब आता है, जब हर शहर के पीछे की कहानी, हर अनुभव के पीछे की संस्कृति और हर सफ़र के पीछे की प्लानिंग कोई और सँभाल रहा हो। इसी लिए वीणा वर्ल्ड के साथ वियतनाम का अनुभव बन जाता है और भी खास!

कस्टमाइज़्ड हॉलिडेज़ – अगर आप वियतनाम को अपने अंदाज़ में देखना चाहते हैं, तो कस्टमाइज़्ड हॉलिडेज़ बेहतरीन विकल्प है। प्राइवेट शोफ़र-ड्रिवन व्हीकल से सफ़र, निन्ह बिन्ह के राइस फ़ील्ड्स के बीच बाँस की राफ़्ट की सवारी, होई आन में अपनी खुद की वियतनामी लैंटर्न बनाने का अनुभव और हेरिटेज स्टे, हालॉन्ग बे में लग्ज़री क्रूज़, दा नांग में बीच रिसॉर्ट, फु क्वोक में आइलैंड रिट्रीट, हो ची मिन्ह सिटी में स्कूटर पर नाइट स्ट्रीट-फूड टूर, फु क्वोक के बीचफ्रंट पूल विला में स्टे या सापा के लाजवाब राइस टेरेसेस के बीच ट्रेक, ऐसे तरह-तरह के अनुभवों से सजा सफ़र आप अपनी पसंद के मुताबिक प्लान करवा सकते हैं। परिवार के साथ छुट्टियाँ हों, दोस्तों के साथ सफ़र, हनीमून या लग्ज़री हॉलिडे, हर बार वियतनाम एक नए रूप में नज़र आता है।

कॉर्पोरेट ट्रैवल (MICE) – टीम के लिए कुछ अलग प्लान कर रहे हैं? समुद्र किनारे के रिसॉर्ट्स, हालॉन्ग बे क्रूज़ पर खास कार्यक्रम, फु क्वोक में बीच इवेंट्स, दा नांग की मॉडर्न कन्वेंशन फ़ैसिलिटीज़, कल्चरल ईवनिंग्स और टीम-बिल्डिंग एक्टिविटीज़ की बदौलत वियतनाम कॉर्पोरेट ट्रैवल के लिए भी लोकप्रिय होता जा रहा है।

ग्रुप टूर – वीणा वर्ल्ड के ऑल-इन्क्लूसिव वियतनाम ग्रुप टूरों में, देश के अलग-अलग रूपों का अनुभव लिया जा सकता है। हाइलाइट्स ऑफ़ वियतनाम और बेस्ट ऑफ़ वियतनाम जैसे टूरों में हनोई के हो ची मिन्ह कॉम्प्लेक्स, वन पिलर पगोडा और मशहूर वॉटर पपेट शो का अनुभव मिलता है। हालॉन्ग बे क्रूज़ से यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट की कुदरती खूबसूरती को करीब से देखा जा सकता है। दा नांग में सन वर्ल्ड बा ना हिल्स, गोल्डन ब्रिज, मार्बल माउंटेन्स, मंकी माउंटेन, कैम थान्ह कोकोनट विलेज में बास्केट बोट राइड और होई आन में लैंटर्न बोट राइड्स सफ़र में रंग भर देते हैं, तो साउथ वियतनाम में कू ची टनल्स, वॉर रेम्नेंट्स म्यूज़ियम और मेकॉन्ग डेल्टा, देश के इतिहास और जीवनशैली से रूबरू कराते हैं।

सीनियर्स स्पेशल वियतनाम – वियतनाम यानी इतिहास, कुदरत और आधुनिकता का रंग-बिरंगा सफ़र! इस टूर की खासियत है वरिष्ठ सैलानियों की पूरी देखभाल को ध्यान में रखकर की गई टूर की प्लानिंग और गारंटीड रूम पार्टनर की सुविधा। और इस सफ़र को कहीं ज़्यादा बेफ़िक्र, समृद्ध और यादगार बनाता है वीणा वर्ल्ड का अनुभव। तो आप कौन-सा टूर चुन रहे हैं?



अरे वाह!

ये तो मुझे बिल्कुल पता ही नहीं था!

- वियतनाम में मोटरसाइकिलों की तादाद इतनी ज़्यादा है कि कुछ शहरों में तो, ये आबादी को भी टक्कर देती हैं!
- दुनिया की सबसे बड़ी नैचुरल गुफ़ाओं में से एक, सोन डूंग केव, वियतनाम में है।
- हालॉन्ग बे के हज़ारों लाइमस्टोन आइलैंड्स लाखों सालों की जियोलॉजिकल प्रक्रियाओं से बने हैं।
- हनोई की ट्रेन स्ट्रीट में ट्रेन गुज़रते वक्त ऐसा लगता है मानो वह सचमुच घरों के दरवाज़ों से होकर निकल रही हो।
- लैंटर्न फ़ेस्टिवल की रात होई आन शहर हज़ारों रंग-बिरंगी कंदीलों की रोशनी से जगमगा उठता है।
- दा नांग का ड्रैगन ब्रिज वीकेंड पर सचमुच आग और पानी की फुहारें छोड़ता है।
- दा नांग के पास का गोल्डन ब्रिज ऐसा दिखता है मानो पत्थर के दो विशाल हाथों ने उसे हवा में थाम रखा हो।
- फु क्वोक वियतनाम का सबसे बड़ा आइलैंड है और यहाँ दुनिया की सबसे लंबी समुद्री केबल कारों में से एक का अनुभव लिया जा सकता है।
- कंबोडिया का अंगकोर वाट दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक स्मारक माना जाता है।
- अंगकोर वाट उन गिने-चुने स्मारकों में से एक है, जिन्हें कंबोडिया के राष्ट्रीय ध्वज पर जगह मिली है।
- वियतनाम की पारंपरिक, शंकु के आकार की 'नॉन ला हैट' आज भी इस देश की पहचान मानी जाती है।
- कंबोडिया की 'टोनले साप' लेक का बहाव साल के कुछ समय उल्टी दिशा में होता है। यह दुनिया के दुर्लभ कुदरती करिश्मों में से एक है।

एक देश, तीन अनुभव

१. नॉर्थ वियतनाम – इतिहास, कुदरत और परंपरा का संगम
यह इलाका इतिहास, परंपरा और कुदरत का मुकम्मल मेल है। राजधानी हनोई हमें देश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से रूबरू कराती है। हालॉन्ग बे में समुद्र से उभरे लाइमस्टोन आइलैंड्स की अद्भुत खूबसूरती दुनियाभर के सैलानियों को लुभाती है, तो सापा के हरे-भरे पैडी फ़ील्ड्स में ग्रामीण वियतनाम का दिलकश रूप देखने को मिलता है।

२. सेंट्रल वियतनाम – संस्कृति, विरासत और समुद्र तटों का जादू
सेंट्रल वियतनाम को देश का सबसे रंगीन और विविधता भरा इलाका माना जाता है। दा नांग के खूबसूरत बीचेस और मॉडर्न अट्रैक्शन्स, होई आन की कंदीलों से सजी हेरिटेज इमारतोंवाली गलियाँ और ह्यू शहर का शाही इतिहास, ये सब इस इलाके को एक अलग ही पहचान देते हैं। पुराने और नए, परंपरा और आधुनिकता का खूबसूरत मेल हमें यहाँ देखने को मिलता है।

३. साउथ वियतनाम – आधुनिकता की ऊर्जा और नदी किनारे की ज़िंदगी
साउथ वियतनाम यानी तेज़ रफ़्तार और आधुनिक वियतनाम। हो ची मिन्ह सिटी, देश का आर्थिक केंद्र है और यहाँ की चहल-पहल भरी सड़कों पर आधुनिक वियतनाम की धड़कन महसूस होती है। वहीं मेकॉन्ग डेल्टा में नावों पर बसी ज़िंदगी, फ़्लोटिंग मार्केट्स और नदी से जुड़ी संस्कृति इस इलाके का एक अलग ही अनुभव कराती है।

वियतनाम की खासियत है इन तीनों इलाकों का बिल्कुल अलग मिज़ाज। इसलिए एक ही देश के सफ़र में तीन अलग-अलग देशों का अनुभव लेने जैसा महसूस होता है।


... विद कंबोडिया

अगर आप एक ही टूर में 2 देश घूमना चाहते हैं, तो वियतनाम-कंबोडिया सबसे बेहतरीन ऑप्शन है। सैकड़ों एकड़ में फैले मंदिर-समूहों की विरासत को सहेजनेवाला देश है कंबोडिया। इस टूर में आप कंबोडिया के सिएम रीप जाकर दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक मंदिर परिसर, यानी अंगकोर वाट की विरासत को करीब से महसूस करते हैं। मूल रूप से भगवान विष्णु को समर्पित हिंदू मंदिर के रूप में बने अंगकोर वाट की भव्य वास्तुकला और पत्थर की मूर्तियों को देखते हुए इतिहास मानो आँखों के सामने जीवंत हो उठता है। ख्मेर भाषा में अंगकोर वाट का मतलब बताएँ तो अंगकोर यानी नोकोर, यानी नगर, और वाट यानी मंदिर। इसी से 'टेम्पल सिटी' नाम प्रचलित हुआ। इस टूर में आप पत्थर पर बारीक नक्काशी के लिए मशहूर बांतेय स्रेई मंदिर की सैर करते हैं, ट्रेडिशनल कंबोडियन मसाज का सुकून भरा अनुभव लेते हैं और कंबोडिया के पारंपरिक अप्सरा डांस शो की रंगत का आनंद उठाते हैं। इतना ही नहीं, कंबोडिया सर्कस में स्थानीय कलाकारों की कमाल की कलाकारी, एक्रोबैटिक्स और कंबोडियन कहानियों का अनुभव भी मिलता है। प्राचीन मंदिरों, संस्कृति, कला और मनोरंजन का खूबसूरत मेल करानेवाला कंबोडिया का यह अनुभव वियतनाम-कंबोडिया टूर को सही मायनों में मुकम्मल बनाता है।



आय ॲम अनस्टॉपेबल
मी. माय वर्ल्ड. माय ट्रैवल.

वीणा वर्ल्ड वूमन्स स्पेशल



■ **NBT रिपोर्ट मुंबई:** स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के खिलाफ मैदान में उतरे विपक्ष को जवाब देने के लिए बीजेपी ने तैयारी की है। पार्टी वॉर्ड से लेकर संसदीय क्षेत्र तक पदाधिकारियों को मैदान में उतार रही है। कार्यकर्ता क्षेत्र में घर-घर जाएंगे और एसआईआर की सच्चाई को बताएंगे। अंत में हर लोकसभा चुनाव क्षेत्र में रैली निकालेंगे। बीजेपी ने अपने नेताओं, सांसदों और विधायकों और पदाधिकारियों के लिए एक विशेष 24-पेज का डोजियर तैयार किया है, जिसके माध्यम से जनता के बीच SIR से जुड़े तथ्य रखे जाएंगे। इस सिलसिले में पिछले दिनों विडियो कॉन्फ्रेंसिंग से एक बैठक हुई। अभियान के अगले चरण में पार्टी बुद्धिजीवियों के साथ बैठक और मीडिया ब्रीफिंग कर रही है, जिसमें यह तर्क दिया जा रहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों के दौरान भी ऐसे पुनरीक्षण कार्य होते रहे हैं।



देश में SIR कोई पहली बार नहीं हो रहा है। इससे पहले भी हुआ है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा ही नहीं बचा। सालों साल से सत्ता की मलाई खाने वालों को मलाई मिलनी बंद हो गई। अब जनता को बरगलाने के अलावा उनके पास कुछ बचा ही नहीं है।
***-अखिलेश चौबे**, सचिव, मुंबई बीजेपी*

शिव धनुष टूटते ही पंडाल में गूंजे श्रीराम के जयकारे

परशुराम-लक्ष्मण संवाद, राम-सीता विवाह देखने आए लोग



बोरीवली पश्चिम में रामलीला के दौरान परशुराम-लक्ष्मण संवाद और राम-सीता विवाह का मंचन

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बोरीवली पश्चिम स्थित पं. रामजस उपाध्याय रामलीला मैदान में शनिवार को श्री आदर्श रामलीला उपसमिति की ओर से आयोजित रामलीला में धनुष यज्ञ, परशुराम-लक्ष्मण संवाद और श्रीराम-सीता विवाह का मंचन किया गया। सीता स्वयंवर के दौरान श्रीराम के शिव धनुष तोड़ते ही मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

इसके बाद परशुराम और लक्ष्मण के बीच तीखे संवादों का मंचन हुआ। कलाकारों के अभिनय और संवादों ने दर्शकों का ध्यान खींचा। श्रीराम और माता सीता के विवाह के प्रसंग ने लोगों को भावुक कर दिया। धार्मिक गीतों और जयकारों के बीच पूरा मैदान उत्साह से भर गया। आयोजन समिति के अनुसार, रामलीला के जरिए भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी कहानियों और उनके आदर्शों को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे नई पीढ़ी को रामायण के प्रसंगों और उनसे मिलने वाली सीख के बारे में जानने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट रामकृपाल उपाध्याय कर रहे हैं।

जगन्नाथ के जयकारों से गूंजा गिरगांव चौपाटी का ब्रजधाम

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** गिरगांव स्थित ब्रजधाम में शनिवार को भगवान जगन्नाथ की झांकी देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्री ब्रजमंडल की ओर से रासलीला में भक्तों की भीड़ जुटी। रासाचार्य डॉ. स्वामी देवकीनंदन शर्मा और उनके बाल कलाकारों ने प्रसंगों की प्रस्तुति दी। संस्था अध्यक्ष अनिल अग्रवाल और मानद मंत्री ओमप्रकाश बी. अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। शनिवार की लीला के मुख्य यजमान ओमप्रकाश अग्रवाल ने पत्नी रेनू अग्रवाल के साथ भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए।

विडियो देखें
इस बारकोड को स्कैन करें और इस खबर से जुड़ा विडियो देखें



अहिल्या उद्धार का मंचन

■ **अरविंद त्रिपाठी, कल्याण:** कल्याण पूर्व के साकेत कॉलेज मैदान में चल रही अवध रामलीला में शनिवार को ताड़का वध, अहिल्या उद्धार और गंगावतरण के प्रसंगों का मंचन किया गया। चित्रकूट धाम के ओम तत्व ज्ञान रामायण प्रचारक मंडल के कलाकारों ने ऋषि विश्वामित्र के साथ श्रीराम और लक्ष्मण के वन जाने तथा ऋषि-मुनियों को परेशान करने वाली ताड़का के वध का मंचन किया। इसके बाद अहिल्या उद्धार और गंगावतरण के प्रसंग दिखाए गए। अवध रामलीला संस्था की यह रामलीला 31 अक्टूबर तक चलेगी। संस्था के अध्यक्ष चंद्रमणि शुक्ल सहित अन्य पदाधिकारी आयोजन की व्यवस्था में जुटे हैं।


अवध रामलीला में उमड़ी भीड़, जयकारों से गूंजा मैदान

सुबाहु-मारीच उद्धार देखने उमड़े श्रद्धालु

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** कॉटन ग्रीन में श्रीआदर्श रामलीला उप समिति की रामलीला में शनिवार को बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। श्रीसाकेत आदर्श रामलीला मंडल, श्रीधाम अयोध्या के कलाकारों ने ताड़का वध, सुबाहु-मारीच उद्धार और नगर दर्शन की लीला का शानदार मंचन किया। आयोजन की सफलता में समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अध्यक्ष राधेश्याम मिश्रा, उपाध्यक्ष विमलधर दुबे, केके मिश्रा, राकेश यादव, वृंदावन शुक्ला और ओमप्रकाश पांडे सहित कार्यालय प्रबंधक राजेंद्र वर्मा एवं सहसंयोजक उमाशंकर पांडे सक्रिय रहे।

ऑडियो क्लिप मामले में बोले जरांगे

'फडणवीस-शिंदे के खेमे के लोग बदनाम कर रहे'



■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मराठा आरक्षण आंदोलन का नेतृत्व कर रहे मनोज जरांगे पाटील ने ऑडियो क्लिप विवाद के बीच शनिवार को दावा किया कि एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस के खेमे के लोग हमें बदनाम करने के लिए एक-दूसरे को उकसा रहे हैं। उनके खिलाफ एक साजिश रची गई, क्योंकि वह किसानों और आम नागरिकों के मुद्दों को उठा रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने पर्दे के पीछे छिपी बातों को सामने ला दिया है। हमने पर्दा ही फाड़ दिया है। इसकी वजह से सभी राजनीतिक दलों के नेता जाग गए हैं। मैं मामले की तह तक जाऊंगा।

जरांगे ने कहा कि वह इस मुद्दे पर सरकार की प्रतिक्रिया देखने के लिए अगले 15-30 दिनों तक 'चुप' रहेंगे। शिंदे को इस मामले को देखना चाहिए, भले ही वे उनके अपने गुट के ही क्यों न हों। जरांगे ने दावा किया कि उनके घर पर भी हमला हो सकता है। गौरतलब है कि गुरुवार को एक ऑडियो क्लिप में दावा किया गया है कि मराठा आरक्षण कार्यकर्ता को शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के जरिए 500 करोड़ रुपये पहुंचाए गए थे। उधर, महाराष्ट्र बीजेपी के मुख्य प्रवक्ता नवनाथ बन ने कहा कि फर्जी ऑडियो क्लिप संजय राउत के वॉर रूम में एआई (AI) से तैयार की गई है। उन्होंने राउत के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज कर उनकी गहन जांच की मांग की।

ऑडियो क्लिप के राइटर-डायरेक्टर राउत हैं: लाड

NBT रिपोर्ट, मुंबई : बीजेपी के विधान परिषद सदस्य प्रसाद लाड ने उद्धव ठाकरे की शिवसेना के राज्यसभा सदस्य संजय राउत पर गंभीर आरोप लगाए हैं। लाड ने दावा किया कि यह क्लिप महायुति गठबंधन में फूट डालने के उद्देश्य से रचा गया एक राजनीतिक षड्यंत्र है। उन्होंने इस पूरे मामले की गहन और निष्पक्ष जांच की मांग की है। प्रसाद लाड ने शनिवार को कहा कि इस ऑडियो क्लिप के असली राइटर और डायरेक्टर संजय राउत हैं। इस पूरी स्क्रिप्ट को एक अखबार के स्टूडियो और प्रेस में ही तैयार किया गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि AI तकनीक का दुरुपयोग करके फर्जी वॉयस ओवर तैयार किया गया है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

बीजेपी छोड़ शिंदे सेना में गए पूर्व उपमहापौर

NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई के पूर्व उपमहापौर और चार बार नगरसेवक रहे बाबू भाई भवानजी बीजेपी छोड़कर शिंदे सेना में शामिल हो गए हैं। पार्टी ने उन्हें महाराष्ट्र गुजराती सेल का अध्यक्ष बनाया है। जिम्मेदारी संभालने के बाद उन्होंने कहा कि राज्यभर में गुजराती समाज को पार्टी से जोड़ेंगे और एक लाख पदाधिकारी बनाने का लक्ष्य है।बीजेपी छोड़ने पर उन्होंने कहा कि शिंदे सेना में उन्हें काम करने का अवसर मिला है। बीजेपी सहयोगी दल ही है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने उन पर भरोसा जताया है, जिसे वह कायम रखेंगे। स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र भवानजी ने कई प्रमुख नेताओं के साथ काम किया है।


NBT स्मृति यादों के चिराग

॥ श्री राम ॥
बैकुंठवास



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे प्रिय
डॉ. मधुकर नीलमणि
का बैकुंठवास गुरुवार, **22-10-2026** को हो गया है।
-: प्रार्थना सभा :-
रविवार, **25-10-2026** सायं **4.00** बजे से **6.00** बजे
-: स्थान :-
तेरापंथ भवन, तिसरा माला, गोकुल गार्डन ठाकुर कॉम्प्लेक्स, कांदिवली (पूर्व), मुंबई **400101.**
शोकाकुल परिवार
पत्नि : डॉ. (श्रीमती) संतोष गोयल-नीलमणि
पुत्र : पंकज नीलमणि, डॉ. नीरज नीलमणि
पुत्रियाँ : डॉ. नंदिता गोयल, डॉ. चांदनी गोयल
समस्त गोयल-नीलमणि परिवार
ॐ शांति।

भावभीनी श्रद्धांजलि



हमारे प्रिय
डॉ. मधुकर नीलमणि
का बैकुंठवास गुरुवार, **22-10-2026** को हो गया है।
परमपिता परमात्मा से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देकर चिर शान्ती प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।
हम अपनी संवेदनायें व भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।
-: श्रद्धावनत् :-
सरावगी परिवार


REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES



बाईसवीं पुण्यतिथि
आप भले ही हमसे दूर चले गए,
पर आपकी यादें दिल में बसी हैं।
आपका प्यार हमेशा साथ रहेगा,
और आपकी कमी हर पल महसूस होगी।
स्मृति दिन पर शत-शत नमन
स्व. रीकबचंदजी गुणेशमलजी कोठारी
(आर.जी. कोठारी) - बागोल ।। स्वर्गवास : 25-10-2004 ।।
श्रद्धावनत
पत्नी : श्रीमती पिस्ताबाई कोठारी
पुत्र : विनोद व दिनेश
पुत्रवधु : सौ. आशा व सौ. रश्मि
पौत्र-पौत्री : दिया, धनिष, विवान, हेतांश
पुत्री व जमाई: सौ. संगीता संजय जी लुणिया, सौ. अरुणा प्रवीण जी श्रीश्रीश्रीमाल, सौ. भावना विवेक जी मेहता, सौ. जयश्री धीरज जी कोठारी
पौत्री व जमाई : तृषी साहिलजी श्रीश्रीश्रीमाल,
मे. कोठारी मेटल ऐण्ड एलॉयज (पालघर)

स्मृति सन्देश | आकस्मिक निधन

चौथी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि




स्व-हंसराज ब्रिजवल्लभ मौर्य
स्वर्गवास : २५.१०.२०२२
चौथी पुण्यतिथि पर हम परिवार जन आपको कर्मनिष्ठा, स्वाभिमान पारिवारिक वात्सल्यपूर्ण भावनाओं तथा कर्तव्यों का स्मरण करते हुए, आपको भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है, और आपकी दिव्य आत्मा की चिरशांति एवं सद्गति के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं।
आपको हमारा शत् शत् प्रणाम।
शोकाकूल मौर्य परिवार

बीसवीं पुण्यतिथि



स्व. श्रीमती सावित्रीदेवी मंगला
स्वर्गवास 25.10.2006
आप नहीं है इस दुनिया में फिर भी आपका आशीर्वाद हमारे साथ है। आपकी पुण्यतिथि पर याद करते हुए सभी परीवारजनों की हार्दिक श्रद्धांजलि एवं कोटि कोटि प्रणाम और आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।
श्रद्धानवत
पतिः स्व. रवीन्द्र पाल मंगला
पुत्री एवं जमाईः
रजनी-स्व. शिवकुमार गुप्ता
पुत्र-पुत्रवधुः
राजेंद्र-सरोज मंगला
संजय-उर्मिला मंगला
पुत्री-जमाईः
सीमा-हरीश अग्रवाल
पौत्र-पौत्र बहुः
सागर-क्षमा मंगला
पौत्री-पौत्री जमाईः
मेघना-मोहित गुप्ता
पौत्री एवं पौत्रः
अंकिता, मेहुल
धेवता-बहुः
कपिल-दीपाली
डॉ. रितेश-डॉ. प्रियंका
धेवती एवं धेवताः
पुजा, तुषार
परनातीः साँची
परनातुः आरव
परपौत्रीः मानश्री
परपौत्रः यशवीर
प्रतिष्ठानः
राजेंद्र ज्यूस सेंटर, वीटी सबवे,
संजय रेडीमेड स्टोर्स, वीटी सबवे,
श्रीजी कॉम्पलेक्स, आबू रोड,
होटल श्रीजी पैलेस, आबू रोड

॥ ॐ ॥
बैकुंठवास




अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
श्री नरोत्तम लाल जी केडिया
(सुपुत्र स्व: फूलचंद जी एवं स्व: भगवती देवी केडिया)
का बैकुंठवास
शुक्रवार, **23-10-2026**
को हो गया है।
-: बैठक :-
रविवार, दि. **25-10-2026**
सायं **4** बजे से **6** बजे तक
-: स्थान :-
सत्यनारायण गोयनका भवन
जे. बी. नगर,
अंधेरी ईस्ट, मुंबई **400059.**
शोकाकुल परिवार
धर्मपत्नी :
श्रीमती ललिता देवी केडिया
पुत्र-पुत्रवधू:
संदीप एवं अमिता
पौत्र-पौत्रवधू:
अदिस एवं दिशा
एवं समस्त केडिया परिवार
परमात्मा दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

Ads.timesofindia.com
BOOK OBITUARY & REMEMBRANCE ANNOUNCEMENTS
Scan to book
For details please contact:
Jai Sarsar
9867505472
For booking and personalized assistance log on to
Ads.timesofindia.com

SRFTI छात्रों के प्रदर्शन को नसीर का समर्थन

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने बीजेपी पर तीखा हमला बोलते हुए सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (SRFTI) के उन छात्रों का समर्थन किया, जो परिसर में हुई हिंसक घटनाओं के विरोध में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। शाह ने आरोप लगाया कि बीजेपी अपनी विचारधारा और नीतियों से सहमत नहीं होने वाले लोगों से बदला ले रही है। SRFTI छात्र 12 अक्टूबर से कुलपति संतोष अजमेरा के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे हैं। वे परिसर में हुई हिंसक घटनाओं को लेकर उनके इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। फेसबुक पर पोस्ट किए गए एक विडियो में शाह ने कहा कि इस साल की शुरुआत में पश्चिम बंगाल चुनाव में 'चालाकी से हासिल की गई जीत' के बाद बीजेपी की बदले की राजनीति का ताजा शिकार इस फिल्म संस्थान के छात्र बने हैं। बीजेपी अब उन सभी लोगों से बदला लेने पर आमादा दिख रही है, जो उसकी विचारधारा और नीतियों से सहमत नहीं हैं।



दीक्षा से पहले रॉल्स रॉयस में सवार हुए दीक्षार्थी, गाजे-बाजे संग निकली शोभायात्रा

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** जैनेश्वरी दीक्षा से पहले शनिवार को दक्षिण मुंबई के भूलेश्वर में दिगंबर जैन समाज के लोगों द्वारा दीक्षार्थियों को लेकर गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। 65 वर्षीय शास्त्री वीरेन्द्र जैन और 60 वर्षीय अरविंद जैन सुंदर वस्त्रों में सजकर शोभायात्रा के लिए शाही कार रॉल्स रॉयस में सवार हुए। इस दौरान काफी संख्या में जैन समाज की महिलाएं नाचते-गाते ध्वज लेकर शोभायात्रा में शामिल हुईं। इससे पहले दीक्षार्थियों की मेहंदी और हल्दी हुई। इस दौरान चंद्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर का पूरा वातावरण भक्ति और उत्सव में रंगा नजर आया।

शोभायात्रा में निकलने से पहले दीक्षार्थियों ने अपने परिवार के लोगों से मुलाकात की। सुबह दीक्षा से जुड़े अनुष्ठान किए गए। उन्हें दीक्षा के संयमों के बारे में बताया गया। उपाध्यायश्री विरंजन सागर ने कहा कि दिगंबर जैन दीक्षा महोत्सव जैन धर्म का एक बहुत पवित्र, प्रेरणादायक एवं आध्यात्मिक महोत्सव है।

आत्मकल्याण का संदेश देता है जैन दीक्षा महोत्सवः उपाध्यायश्री

विडियो देखें
इस बारकोड को स्कैन करें और इस खबर से जुड़ा विडियो देखें



आज दिलाई जाएगी दीक्षा



उपाध्यायश्री विरंजन सागर ने कहा कि यह महोत्सव त्याग, तपस्या, संयम, अहिंसा और आत्मकल्याण का संदेश देता है। जैन धर्म में दीक्षा का अर्थ है सांसारिक मोह-माया का त्याग कर आत्मकल्याण की ओर अग्रसर होना। दीक्षा महोत्सव धर्म, श्रद्धा, वैराग्य और आत्मशुद्धि की अनुपम प्रेरणा प्रदान करता है। पूज्य मुनिराज के मंगलमय सानिध्य में यह पावन आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक चेतना जागृत करने तथा जैन धर्म के सिद्धांतों को आत्मसात करने का शुभ अवसर है। गौरतलब है कि दोनों दीक्षार्थियों ने करोड़ों रुपये का कारोबार छोड़कर आत्मकल्याण और आत्मशांति के लिए दीक्षा का मार्ग अपनाया है। दोनों दीक्षार्थियों को रविवार 25 अक्टूबर को माधवबाग हॉल में जैनेश्वरी दीक्षा दिलाई जाएगी।

मुंबई हलचल

आप हमें 9967397376 पर जानकारी वॉट्सऐप भी कर सकते हैं।

परमार्थ ने लगाया रक्तदान शिविर



■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** परमार्थ सेवा समिति, मुंबई की ओर से 217 वां महारक्तदान शिविर दादर रेलवे स्टेशन पर प्रमिला मनमोहन गोयनका के सौजन्य से लगाया गया। इसमें रेणु सराफ, संतोष सोमानी, आनंद प्रकाश गुप्ता, कमलकिशोर राठी, गोविंद सराफ के साथ अन्य लोगों ने भाग लिया। व्यवस्था शंशाक अनिल गरे ने की। शिविर को सफल बनाने में खालसा कॉलेज के विद्यार्थियों और जगजीवनराम रेलवे हॉस्पिटल के डॉक्टा और मेडिकल टीम का विशेष सहयोग रहा।


मुंबई पुस्तक महोत्सव में लगेंगे 600 स्टॉल

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मुंबई यूनिवर्सिटी के कलिना कैंपस में 24 से 29 नवंबर तक मुंबई पुस्तक महोत्सव आयोजित किया जाएगा। महोत्सव में 600 से अधिक पुस्तक स्टॉल, साहित्यिक सत्र, लेखक संवाद और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। आयोजन के प्रचार के लिए यूनिवर्सिटी ने संबद्ध कॉलेजों के लाइब्रेरियनों की विशेष बैठक की। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और शोधार्थियों को महोत्सव से जोड़ना और पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देना है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया, महाराष्ट्र सरकार, मुंबई यूनिवर्सिटी और बीएमसी के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले इस महोत्सव में विभिन्न भारतीय भाषाओं के लेखक और साहित्यकार शामिल होंगे। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रा. रवींद्र कुलकर्णी ने कहा कि महोत्सव कॉलेजों को पुस्तकालयों के लिए उपयोगी किताबें चुनने और विद्यार्थियों में पढ़ने की रुचि बढ़ाने का अवसर देगा। नैशनल बुक ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रा. मिलिंद मराठे ने कॉलेजों से विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ महोत्सव में पहुंचने की अपील की।

साहित्यिक सत्र, लेखक संवाद और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

प्रदर्शन से सरकारें करती हैं बेहतर कामः वांगचुक

■ **भाषा, मुंबई:** , जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने शनिवार को कहा कि विरोध प्रदर्शन सरकारों को बेहतर काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने श्रीलंका और बांग्लादेश में हुए घटनाक्रम का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रदर्शन की अनुमति न मिलने पर ऐसे हालात पैदा हो सकते हैं। मुंबई में आईपीएफ महोत्सव को संबोधित करते हुए वांगचुक ने कहा कि ब्रिटेन, नॉर्वे और स्वीडन जैसे देशों में संसद के सामने भी प्रदर्शन होते हैं, जबकि भारत में संसद से काफी दूर प्रदर्शन करने की जगह दी जाती है।



शरद पूर्णिमा पर कई साल बाद बन रहा शुभ संयोग


रेवती नक्षत्र और हर्षण योग का खास संयोग, चंद्रदेव की पूजा का है विशेष महत्व

Krishna.Shukla@timesofindia.com

■ **मुंबई:** शरद पूर्णिमा का पर्व 25 अक्टूबर को मनाया जाएगा। आश्विन मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले इस पर्व का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। इस बार शरद पूर्णिमा पर रेवती नक्षत्र और हर्षण योग का खास संयोग बना है। साथ ही उदयातिथि के अनुसार, 26 अक्टूबर को पूर्णिमा का संयोग बन रहा है, जिसे शुभ माना जा रहा है। ज्योतिर्विद आचार्य पं. घनश्याम तिवारी के अनुसार, कई वर्षों बाद बना यह संयोग विशेष है। शरद पूर्णिमा को कोजागरी और रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। मान्यताओं के अनुसार, इस रात चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से पूर्ण होता है और उसकी किरणों से अमृत बरसता है। इसी वजह से इस रात चंद्रमा के दर्शन, पूजा-पाठ और रातभर जागकर भजन-कीर्तन करने का विशेष महत्व है।



आचार्य घनश्याम तिवारी



चांदनी में रखी जाती है खीर

शरद पूर्णिमा की रात दूध और चावल से बनी खीर को खुले आसमान के नीचे रखने की परंपरा है। मान्यता है कि चांदनी में रखने से खीर में अमृत जैसा गुण आ जाता है। अगले दिन इसे प्रसाद के रूप में खाया जाता है। इस परंपरा को अच्छी सेहत और सुख-समृद्धि की कामना से जोड़ा जाता है।

चंद्र दोष की शांति के लिए करें पूजा

आचार्य पं. तिवारी के अनुसार, जिन लोगों की जन्मकुंडली में चंद्रमा कमजोर हो या केमद्रुम योग हो, उन्हें शरद पूर्णिमा पर चंद्रदेव की पूजा करनी चाहिए। इस दिन चंद्रमा को अर्घ्य देना, चंद्र मंत्र का जाप करना, भजन-कीर्तन और ध्यान करना शुभ माना जाता है। श्रद्धालु इस दिन महालक्ष्मी मंत्र और श्रीकृष्ण मंत्र का जाप भी कर सकते हैं।

■ **मां लक्ष्मी की कृपा के लिए करते है जागरण:** शरद पूर्णिमा को कोजागरी व्रत के रूप में भी मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस रात मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और जागने वाले भक्तों पर कृपा बरसाती हैं। इसी विश्वास के चलते श्रद्धालु रातभर जागकर मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा करते हैं।

■ **श्रीकृष्ण की महारासलीला का महत्व:** शरद पूर्णिमा का संबंध भगवान श्रीकृष्ण की महारासलीला से भी है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी रात भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन में गोपियों के साथ रासलीला की थी। इसे भक्ति और भगवान से जुड़ने का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर कृष्ण मंदिरों में विशेष पूजा और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

वाराणसी में आज एयर शो देखेंगे पीएम मोदी

■ NBT न्यूज, वाराणसी

काशी में 'विंग्स ओवर गंगा' की थीम पर हो रहे एयर शो का समापन रविवार को होगा। इस खास अवसर के मुख्य अतिथि वाराणसी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी होंगे। मुख्य समारोह की तैयारी शनिवार को पूरी हो गई। दूसरे दिन का एयर शो खत्म होने के बाद मुख्य कार्यक्रम स्थल नमो घाट को एसपीजी ने अपने कब्जे में ले लिया तो डमी कार के साथ फ्लीट रिहर्सल भी किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी देर शाम वाराणसी पहुंचे। नमो घाट पर प्रधानमंत्री की अगवानी रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री समेत कई बड़े नेता करेंगे।

पीएम ब्लू कारपेट पर चलेंगे: पीएम मोदी शनिवार को काशी में करीब साढ़े चार घंटे रहेंगे। वह अपने संसदीय क्षेत्र में सुबह सवा दस बजे आएंगे। बाबतपुर एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से खोचवां (मिर्जामुराद) जाकर वहां 100 करोड़ की लागत से स्थापित अरविंद मिल का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण के बाद दोपहर करीब 12 बजे प्रधानमंत्री खोचवां से पुलिस लाइन आकर सड़क मार्ग से नमो घाट जाएंगे, जहां एयर शो का होगा।

डीपफेक के मुखौटे से भी नहीं बचेंगे अपराधी: योगी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टीवी सीरियल CID में दिखाई जाने वाली वैज्ञानिक जांच अब हकीकत बन चुकी है। अपराधी कितना भी डीपफेक या आधुनिक तकनीक का आवरण ओढ़ ले, प्रदेश की वैज्ञानिक और विधिक क्षमता उसे खोज निकालेगी।

योगी ने उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (UPSIFS) में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'टेक संगम-2026' के दूसरे दिन शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित किया। उन्होंने इस मौके पर देश के पहले LEXQ सेंटर ऑफ एक्सिलेंस का शुभारंभ किया, कंसेंट मैनेजमेंट पोर्टल लॉन्च किया, 'अभेद्य' परियोजना की आधारशिला रखी और 'AI इन कंस्ट्रक्शन' पुस्तक का विमोचन किया। योगी कहा कि AI उपयोगी है, लेकिन उसे अंतिम निर्णयकर्ता नहीं बनाया जा सकता। तकनीक का संचालन मानव विवेक से होना चाहिए, न कि मनुष्य तकनीक के विवेक पर निर्भर हो जाए। AI पर पूरी तरह निर्भरता भविष्य में संकट बन सकती है।

CIDCO
WE MAKE CITIES
सत्यमेव जयते

ON THE NEW HORIZON OF DEVELOPMENT,
THE DAWN OF A BRIGHT FUTURE



NARENDRA MODI
Prime Minister


COMMENCEMENT OF DEVELOPMENT WORKS
IN THE NAINA REGION AND DISTRIBUTION
OF PROPERTY CARDS TO LANDHOLDERS
ALONG WITH
INAUGURATION OF SIGNIFICANT
CONNECTIVITY PROJECTS
IN NAVI MUMBAI



BY
DEVENDRA FADNAVIS
Chief Minister, Maharashtra

PRIORITY TO PUBLIC WELFARE, MOMENTUM TO DEVELOPMENT

- Development of the NAINA project spread over an area of 225 sq. km. surrounding the Navi Mumbai International Airport (NMIA).
- Efficient infrastructure and smooth connectivity will make travel easier, save time, and give new momentum to regional development.
- Various connectivity projects to provide excellent connectivity to Navi Mumbai and NMIA.
- Citizen's participation is strengthened through planned development and the distribution of property cards, providing a new direction to the progress of Navi Mumbai and its surrounding areas.



Groundbreaking of various infrastructure project works in NAINA TPS




Inauguration of Uran Bypass Bridge




Inauguration of significant connectivity projects surrounding the airport : SBR-9 (Stilt Bridge), BR - 4 and BR- 5

KEY FEATURES OF PROJECTS

* NAINA Project: Planned and comprehensive development of the region surrounding the airport.
* BR-4 and BR-5: Easy connectivity to Navi Mumbai and the airport from Panvel, Thane, Kalyan, and Pune.
* Stilt Bridge SBR-9: Efficient connectivity for traffic coming towards the airport from the east.
* Uran Bypass Bridge: An important step towards reducing traffic congestion in Uran city and making commuting easier.
* Distribution of Property Cards: Clear information about the final plot to eligible landholders and transparency in property records.



Devendra Fadnavis
Chief Minister, Maharashtra



Eknath Shinde
Deputy Chief Minister, Maharashtra



Sunetra Ajit Pawar
Deputy Chief Minister, Maharashtra



Madhuri Misal
Minister of State, Urban Development, Maharashtra

VENUE

Ground near to Delhi Public School, Sangurli,
Along the Mumbai - Goa National Highway,
Shirdhon, Tal. Panvel, Dist. Raigad.

DATE & TIME:

Sunday, 25th October 2026
at 11:00 AM

CITY AND INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION OF MAHARASHTRA LIMITED

www.cidco.maharashtra.gov.in CIN - U99999 MH 1970 SGC-014574 CIDCO/PR/266/2026-27

For updated information, follow us on- @cidco_Ltd :/cidco CIDCO Ltd. @cidco_ltd

फटाफट खबरें

शिवसेना (UBT) के पदाधिकारी कांग्रेस में



■ **NBT न्यूज, कल्याण:** मुंबई के तिलक भवन में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ऑफिस में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रेसिडेंट हर्षवर्धन सपकाल और कल्याण सिटी डिस्ट्रिक्ट कांग्रेस कमेटी के प्रेसिडेंट नवीन सिंह की मौजूदगी में शिवसेना (UBT) ग्रुप के पदाधिकारी कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। नसरू शेख (मोहने टिटवाला), असलम सोयन माइनॉरिटी ठाणे डिस्ट्रिक्ट जनरल सेक्रेटरी के नेतृत्व में, कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का दामन थामा। इस मौके पर सपकाल के हाथों सभी का स्वागत किया गया।

भिवंडी: शटर तोड़कर कॉपर केबल चोरी

■ **NBT न्यूज, भिवंडी:** नारपोली पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक गोदाम का लोहे का शटर तोड़कर अज्ञात चोरों ने कॉपर केबल और नकदी चोरी कर ली। इसके बाद वे फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। निखिल देसाई (55) का कोपर स्थित आदिनाथ कांप्लेक्स में आरबी एंटरप्राइजेज का गोदाम है। 17-18 अक्टूबर की रात गोदाम का मुख्य लोहे का शटर तोड़ आरोपी ने 2.75 लाख रुपये की कॉपर केबल तथा नकदी चोरी कर ली। मामले की जांच पुलिस हवलदार बी.बी. चव्हाण कर रहे हैं।

बिना अनुमति ड्रेनेज लाइन डाला, केस दर्ज

■ **NBT न्यूज, भिवंडी :** नारपोली क्षेत्र में मनपा की पूर्व अनुमति के बिना आरसीसी सड़क खोदकर कथित रूप से ड्रेनेज लाइन डालने और मनपा की जलापूर्ति करने वाली पाइप लाइन में छेद कर अवैध रूप से पानी का कनेक्शन लेने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। विराज मनोहर भोईर (38) की शिकायत पर अकरम हन्नान खान उर्फ अकरम बांबूवाला, निवासी नारपोली के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उसने अनुमति लिए बिना ही सड़क खोदकर ड्रेनेज लाइन डाली थी।

निवेश के लालच में फंसाते थे, फर्जी कॉल सेंटर से 13 अरेस्ट

छापेमारी में 8.87 लाख रुपये का सामान जब्त, जांच जारी

■ **NBT न्यूज, नालासोपारा**

शेयर बाजार में मुनाफा कमाने का लालच, SEBI से अधिकृत होने का दावा और फोन पर निवेश की सलाह देकर ग्राहकों को कथित तौर पर पैसों की ठगी करने वाले फर्जी निवेश कॉल सेंटर पर पुलिस ने छापेमारी की है। इसमें 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। शिकायत में कुल 15 लोगों के नाम सामने आए हैं, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस के मुताबिक, मामले में 8.87 लाख का माल जब्त किया गया है।

बता दें कि 23 अक्टूबर को नालासोपारा पुलिस स्टेशन के साइबर सेल में कार्यरत पुलिसकर्मी बाबाराव दत्ताहरी भुताले (28) को इस कथित गतिविधि की जानकारी मिली। इनके बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को मामले से अवगत कराया गया। अधिकारी के आदेश के बाद पुलिस ने नालासोपारा पश्चिम में एक कमरे पर छापा मारा। वहां कई लोग मोबाइल फोन के जरिए ग्राहकों से बातचीत करते मिले। उनके सामने मोबाइल नंबरों और लोगों के नामों की सूचियां रखी थीं। पूछताछ में शीतल श्यामनारायण यादव (27) ने खुद को वहां का मैनेजर बताया।

शिकायत में दर्ज आरोपों के मुताबिक, लोगों को फोन कर 'फॉर इनवेस्ट 2 गेन रिसर्च' नामक कंपनी के SEBI में पंजीकृत होने का दावा किया जाता था। इसके बाद ग्राहकों को शेयर बाजार के अलग-अलग शेयरों में निवेश करने की सलाह दी जाती थी। पुलिस शिकायत में इस पंजीकरण संबंधी दावे को कथित तौर पर झूठा बताया गया है।



शिकायत करने वालों के मोबाइल नंबर ब्लैकलिस्ट में डाल देते थे



शिकायत के अनुसार, कॉल सेंटर में काम करने वाले लोगों को बाहर से मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए जाते थे। वे इन नंबरों पर फोन कर निवेश के लिए ग्राहकों को तैयार करते थे। आरोप है कि निवेश से मुनाफा होने पर उसका 30 प्रतिशत हिस्सा कंपनी को दिया जाता था और रकम प्राप्त करने के लिए श्याम यादव की ओर से उपलब्ध कराए गए स्कैनर का इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि निवेश में नुकसान होने पर शिकायत करने वाले ग्राहकों के मोबाइल नंबर कथित तौर पर ब्लैकलिस्ट कर दिए जाते थे। इसके अलावा, बैंक खातों की जानकारी और पासवर्ड लेकर मोबाइल या लैपटॉप के माध्यम से लॉगिन कर निफ्टी और सेंसेक्स में ट्रेडिंग किए जाने का भी उल्लेख है। इन आरोपों की जांच की जा रही है।

पुलिस शिकायत में 15 लोगों के नाम दर्ज

पुलिस शिकायत में 15 लोगों के नाम दर्ज किए गए हैं। इनमें शीतल श्यामनारायण यादव (27), दिनेश रामरूप यादव (35), रोहित श्यामनारायण यादव (26), अनुज सरोज पाल (19), ओम कमलेश उपाध्याय (21), कुशल जयकुमार गौंड (19), सुंदरम सुरेश उपाध्याय (20), श्रीकांत नागनाथ कोरे (19), अंश रामनगीना यादव (27), चंदन गोपी राऊत (19), स्वरूप राजेंद्र जाधव (27), आनंद रामकिसुन मदेशिया (25), रोहित मोहन राम (19) और एक नाबालिग बालक है, जिसकी पहचान गोपनीय रखी गई है। इसके अलावा श्यामजीत यादव का नाम भी शामिल है। पुलिस शिकायत में कुल 8,87,000 रुपये का उल्लेख है। इस मामले में नालासोपारा पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(5), 318(4), 336(3) और 61(2) के तहत FIR दर्ज किए जाने की जानकारी दी गई है। शिकायत में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66(ड) और अन्य कानूनी प्रावधानों का भी उल्लेख है। पुलिस जांच जारी है।

'पूर्णेकर मर्डर की जांच ठाणे से बाहर के IPS अधिकारी के नेतृत्व में हो'

सपकाल ने की हाई कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की मांग

■ **NBT न्यूज, ठाणे :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल शनिवार को ठाणे स्थित दिवंगत प्रदीप पूर्णेकर के घर पहुंचे और परिवार को सांत्वना दी। इस अवसर पर सपकाल ने मीडिया से बात करते हुए ठाणे पुलिस की जांच पर ऊंगली उठाई और कहा कि अब तक की जांच को देखकर साफ है कि पुलिस किसी को बचाने की कोशिश कर रही है। मौजूदा SIT सिर्फ एक दिखावा है। सपकाल ने ठाणे के बाहर के IPS अधिकारी के नेतृत्व में SIT का गठन कर हाई कोर्ट की निगरानी में हत्याकांड की जांच करने की मांग की। सपकाल ने बताया कि दिवंगत पूर्णेकर ने पहले ही अपनी जान को खतरा होने की बात कही थी, इसलिए यह मामला बहुत गंभीर है। पूर्णेकर परिवार सहित ठाणे के लोगों को स्थानीय पुलिस की SIT पर कोई भरोसा नहीं है। राज्य सरकार को चाहिए कि वह परिवार को इंसाफ दे। सपकाल के साथ शहर अध्यक्ष राहुल पिंगले, श्रीरंग बर्गे, विक्रांत चव्हाण, संगीता कोटल, रवींद्र कोली सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

Anil Shinde



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सपकाल ने की पुर्णेकर के परिवार से मुलाकात।

दो आरोपियों को न्यायिक हिरासत

प्रयागराज से गिरफ्तार संतोष कन्नोजिया और अमित सिंह को शनिवार को ठाणे न्यायालय में हाजिर किया गया। जहां न्यायालय ने दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा। इससे पहले गिरफ्तार सुभाष शिंदे उर्फ पप्पा, निखिल यादव ,नितेश पवार भी न्यायिक हिरासत में ठाणे जेल में है। अभी तक कुल 5 आरोपी गिरफ्तार हुए है।

पुलिस जल्द जाएगी पुणे

ठाणे पुलिस की SIT की एक टीम जल्द ही पुणे के मुलशी जाएगी। मुलशी में पुलिस टीम राजेंद्र शिंदे के फार्म हाउस की छानबीन करेगी और हत्याकांड से जुड़े सबूतों को जुटाएगी। प्रदीप के बेटे राम पूर्णेकर ने दावा किया है कि उनके पिता की हत्या का मुख्य आरोपी पूर्व मेयर मीनाक्षी शिंदे का पति राजेंद्र शिंदे है और राजेंद्र ने ही आरोपी निखिल यादव को पिस्तौल दी थी और उसे बंदूक चलाने की ट्रेनिंग पुणे के मुलशी स्थित अपने फार्म हाउस पर दी थी। पुलिस का फोकस अब मुलशी पर होगा।

सड़क से उड़कर खेत में गिरी कार, बाल-बाल बचे 3 सवार



■ **NBT न्यूज, कल्याण:** कल्याण वेस्ट के गांधारी रिंग रोड इलाके में एक तेज रफ्तार कार सड़क से उछलकर सीधे खेत में जा गिरी। इस कार में दो लड़के और एक लड़की सवार थी। इन तीनों को हल्की चोटें आईं। आस-पास के लोगों और पुलिस ने उन्हें कार से सुरक्षित बाहर निकाला। कार बुरी तरह डैमेज हो गई है।

कल्याण वेस्ट के गांधारी रिंग रोड इलाके में यह हादसा हुआ है। शनिवार की शाम ड्राइवर का कंट्रोल खो गया। इसके बाद, कार सड़क से सीधे खेत में जा गिरी। आस-पास के लोगों और पुलिस ने तुरंत मदद की और तीनों को कार से बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि तीनों को मामूली चोटें आई हैं।

ठाणे मनपा के निलंबित अधिकारियों की जांच शुरू

■ **NBT न्यूज, ठाणे :** मूर्ति विसर्जन घाट पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने और ठीक तरह से व्यवस्था नहीं करने के आरोप में निलंबित ठाणे मनपा के तीनों अधिकारियों की विभागीय जांच शुरू की गई है। दोष साबित होने पर उनके खिलाड़ कड़ी कार्रवाई हो सकती है। निलंबित अधिकारियों में चीफ फायर ऑफिसर गिरीश झलके, असिस्टेंट कमिश्नर महेश कुमार जामनोर तथा एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ऋषिकेश जवलकर हैं। इसके अलावा डिजास्टर मैनेजमेंट सेल के प्रमुख यासीन तड़वी और सिक्योरिटी विभाग के मुखिया घनश्याम फर्डे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

20 अक्टूबर को देवी मूर्ति विसर्जन के दिन मासुंदा तालाब परिसर के दत्त मंदिर घाट पर इन सभी की ड्यूटी थी। लेकिन विसर्जन के दौरान घाट पर ये लोग मौजूद नहीं थे। वहां अति आवश्यक स्थिति के लिए लाइफ जैकेट और कोई बोट मौजूद नहीं थी। साथ ही वहां रही फायर ब्रिगेड के वाहन का पंप खराब था। इसकी शिकायत मिलने के बाद DCM एकनाथ शिंदे ने जोरदार नाराजगी जताई थी। जिसके बाद एडिशनल कमिश्नर प्रशांत रोडे ने तीनों को निलंबित किया था और दो को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यदि विभागीय जांच में आरोप सही निकले, तो कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

विसर्जन घाट पर लापरवाही बरतने का मामला

लोकल ट्रेन में गहने चुराने की दो आरोपी अरेस्ट

■ **NBT न्यूज, ठाणे:** लोकल ट्रेन में महिला डिब्बे में भीड़ का फायदा उठा चेन स्नैचिंग करने वाली दो शातिर महिला स्नैचर को ठाणे जीआरपी की महिला जवानों ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई अनू काले और मेघिता काले दोनों पुणे के येरवडा की रहनेवाली हैं। दोनों के पास से पुलिस ने साढ़े 7 लाख मूल्य के 5 मंगलसूत्र को जब्त किया है। ठाणे जीआरपी प्रमुख धर्मेंद्र आवारे के मुताबिक मुंब्रा निवासी महिला की शिकायत पर रेलवे पुलिस ने दीवा स्टेशन पर जाल बिछाया था। CSTM जा रही लोकल में चेहरा ढके दोनों महिला चोर चढ़ी थी।

नालासोपारा विधान सभा क्षेत्र से 50 हजार वोटर्स गायब: रोहित पवार

■ **NBT न्यूज, वसई :** नालासोपारा विधान सभा क्षेत्र में 2024 के विधानसभा चुनाव में वोट देने वाले 50,000 वोटरों को SIR प्रोसेस के बाद बाहर कर दिया गया है। एनसीपी (शरद पवार) के MLA रोहित पवार ने यह दावा करके सियासी हलचल मचा दी है। पवार ने यह भी आरोप लगाया है कि ये वोटर बोगस थे और बीजेपी ने उनके नाम वोटर लिस्ट में डाल दिए थे। जिसकी वजह से राजन नाईक यह चुनाव जीत गए। बहुजन विकास आघाडी के प्रेसिडेंट हितेंद्र ठाकुर और मनसे ने भी आरोप लगाया है कि ये नाम बोगस थे।

2024 के विधानसभा चुनाव से पहले नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र में कुल 6 लाख 8 हजार 526 वोटर थे। इनमें से 3 लाख 50 हजार 142 वोटरों ने 2024 के विधानसभा चुनाव में वोट दिया था। इस चुनाव में बीजेपी के राजन नाईक जीते थे। हालांकि, वोटर लिस्ट के स्पेशल इन-डेप्थ रिवीजन (SIR) प्रोसेस में वोट देने वाले 50 हजार वोटर्स के नाम बाहर कर दिए गए हैं। यह आरोप रोहित पवार ने लगाए हैं। पवार ने दावा किया कि ये सभी बाहरी वोटर्स थे और बीजेपी ने इनके नाम वोटर लिस्ट में डाले थे। पवार ने यह भी कहा कि बीजेपी के राजन फर्जी वोटर्स के दम पर जीते हैं। इसके बाद बहुजन विकास आघाडी और मनसे ने भी हमला बोला है। मनसे के जिला अध्यक्ष अविनाश जाधव ने कहा कि वोटर लिस्ट सिस्टम में दखल देकर ये फर्जी नाम डलवाए थे। अब जब चुनाव खत्म हो गए हैं, तो SIR के जरिए इन नामों को हटा दिया गया है। दूसरी ओर, बहुजन विकास आघाडी के अध्यक्ष और पूर्व विधायक हितेंद्र ठाकुर ने भी इस घोटाले की जांच की मांग की है।

NCP (SP) के MLA के दावे से गरमाई सियासत



कुएं में नहाते हुए डूबा छात्र, मौत

■ **NBT न्यूज, वसई:** माणिकपुर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के माणिकपुर इलाके के शनिवार को कुएं में नहाने गए एक 16 वर्षीय छात्र की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है छात्र परीक्षा देकर घर आ रहा था। रास्ते में वह दोस्तों के साथ कुएं पर नहाने गया था। वसई के गोखिवरे निवासी प्रेम प्रवीण सावंत (16) कॉलेज में 10वीं कक्षा में पढ़ता था। शनिवार को वह एग्जाम देने के बाद अपने दोस्तों के साथ माणिकपुर के चर्च रोड पर एक कुएं में नहाने गया था। दोपहर करीब 12 बजे तैरते समय उसे पानी की गहराई का अंदाजा न रहा। फायर ब्रिगेड टीम ने उसके शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

नवी मुंबईः पुरानी रंजिश में युवक की हत्या, 2 गिरफ्तार



■ **NBT न्यूज, नवी मुंबई:** नवी मुंबई के रबाले एमआईडीसी पुलिस स्टेशन क्षेत्र के यादव नगर में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की चाकू से वार कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान दिवाकर सोमनाथ यादव (26) के रूप में हुई है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीसरा आरोपी घायल है और अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। इलाज के बाद उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक देवीदास कथारे ने बताया कि, दिवाकर यादव और आरोपियों के बीच पुरानी रंजिश थी। इसी रंजिश के चलते योगेश निरंजन जयस्वाल उर्फ बॉबी, कृष्णा दिलीप सिंह और विवेक राजेंद्र यादव उर्फ छोटू ने दिवाकर पर चाकू से हमला कर दिया। रबाले एमआईडीसी पुलिस ने हत्या के मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस ने योगेश जयस्वाल और कृष्णा सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। आरोपियों पर पहले से कोई मामला दर्ज होने की जानकारी सामने नहीं आई है।

गेमिंग के चक्कर में अगवा हुआ युवक, छुड़ाया

■ **NBT न्यूज, कल्याण:** नासिक के एक 22 साल के युवक को ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े क्रिप्टोकरेंसी ट्रांजैक्शन के बहाने जयपुर बुलाकर किडनैप कर लिया गया और फिरौती मांगी गई। कल्याण रेलवे पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मुंबई में क्राइम ब्रांच टीम की मदद से 19 अक्टूबर को युवक को हरियाणा से सुरक्षित छुड़ाया। दो संदिग्ध किडनैपर नवीन और मंगला को गिरफ्तार किया गया है। उन्हें आगे की जांच के लिए जयपुर में प्रतापनगर पुलिस को सौंप दिया गया है। किडनैपरों पर 15 लाख रुपये और उसकी गर्लफ्रेंड से 7 लाख रुपये फिरौती मांगने का आरोप है।

हरियाणा से सुरक्षित छुड़ाया गया है पीड़ित युवक

दोहरी नियुक्तिः 3 को नोटिस

■ **NBT न्यूज, भिवंडी :** आईजीएम उपजिला अस्पताल और भिवंडी निजामपुर शहर महानगरपालिका स्वास्थ्य विभाग में संविदा आधार पर डॉक्टरों की कथित दोहरी नियुक्ति का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में सवाल उठने के बाद मनपा स्वास्थ्य विभाग ने तीनों डॉक्टरों डॉ. मोअज्जम खान, डॉ. अब्दुल रहमान और डॉ. सोहन नाईक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। तीनों डॉक्टरों से दो दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है। इस मामले में एनबीटी ने मनपा स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप गाडेकर से प्रतिक्रिया लेने के लिए संपर्क किया था। उन्हें मैसेज भेजकर जानकारी लेने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने जानकारी देने के बजाय मोबाइल ही बंद कर दिया था, लेकिन उसके बाद तीनों डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी हुआ।

कल्याण-डोंबिवली में शाम को छाई धुंध

■ **NBT न्यूज, कल्याण:** कल्याण-डोंबिवली में शाम 4 बजे के बाद विजिबिलिटी अचानक कम हो गई। लोगों और ड्राइवरों ने कहा कि करीब 500 मीटर से आगे कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। क्या विजिबिलिटी में यह अचानक कमी प्रदूषण की वजह से है या क्लाइमेट चेंज की वजह से? कई लोगों ने शक जताया है। डोंबिवली में प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों का मामला हमेशा चर्चा में रहता है। जब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड से पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि विजिबिलिटी सिर्फ कल्याण, डोंबिवली में ही नहीं, बल्कि ठाणे, अंबरनाथ, बदलापुर इलाकों में भी कम थी। सीधे तौर पर यह नहीं कहा जा सकता कि यह प्रदूषण की वजह से है। इस इलाके में बड़े हाउसिंग और डिवेलपमेंट प्रोजेक्ट्स पर काम चल रहा है। इसीलिए विजिबिलिटी कम हुई है।

उल्हासनगर: सभी वॉर्डों में होगा 'लड़की बचाओ आंदोलन'

■ **NBT न्यूज, उल्हासनगर:** उल्हासनगर शहर में लड़के और लड़कियों के जन्म दर के बीच के अंतर को कम करने, कन्या भ्रूण हत्या को रोकने और लड़कियों के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच बनाने की पहल की गई है। उल्हासनगर मनपा और कल्याण-डोंबिवली नगर निगम के स्वास्थ्य विभागों की ओर से मिलकर 'लड़की के जन्म का स्वागत करें- लड़की बचाओ आंदोलन' नाम से एक खास गाइडेंस वर्कशॉप आयोजित की गई। मेयर अश्विनी निकम और हेल्थ चेयरपर्सन सविता तोरणे-रगड़े ने इस मौके पर पूरे उल्हासनगर नगर निगम क्षेत्र में वॉर्ड-वाइज जन जागरूकता अभियान लागू करने की एक महत्वपूर्ण घोषणा की।

19 साइकिलिस्ट एडवेंचर पर निकले, पानी बचाने का संदेश

■ **NBT न्यूज, कल्याण:** महाराष्ट्र में पड़े भयंकर सूखे को देखते हुए, कल्याण, डोंबिवली और आस-पास के इलाकों के 19 साइकिलिस्ट पानी बचाने के मैसेज के साथ 900 किलोमीटर की साइकिल राइड पर निकले। कल्याण से कर्नाटक के दांडेली तक का यह 900 किलोमीटर का एडवेंचर सफर पहाड़ों के बीच से होकर गुजरने वाला एक बहुत ही एडवेंचरस सफर होगा। इस पहल का फ्लैग-ऑफ समारोह दुर्गाडी चौक पर कल्याण के इंटरनेशनल मैराथन रनर दिलीप घाडगे, रोटरी क्लब ऑफ कल्याण के कैलाश देशपांडे और दूसरे बड़े लोगों की मौजूदगी में हुआ।

एस्ट्रोन्यूमरो मिरर



सद्गुरुश्री दयाल
(डॉ. स्वामी आनंदजी)
(आध्यात्मिक गुरु एवं ज्योतिषीय चिंतक)

इसे भी आजमाएं

यदि संघर्ष पीछा न छोड़ें, मेहनत पर पानी फिर जाए, आर्थिक संकट बढ़ने लगे, बनते काम बिगड़ने लगें, ज़रा-सी बात पर दिमाग़ का दही हो जाए, सेहत का बाजा बजता रहे या कुंडली में अनंत कालसर्प योग हो, तो मान्यताओं के अनुसार 43 दिनों तक प्रतिदिन जल में रांगा धातु का टुकड़ा प्रवाहित करने से लाभ होगा।

■ **प्रश्नः क्या मोरपंख रखने से घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है?**
- देवांश मेहता

उत्तरः सद्गुरुश्री कहते हैं कि मोरपंख भारतीय संस्कृति में सौंदर्य, सौभाग्य और श्रीकृष्ण की मनोहारी छवि का प्रतीक है। लोकपरंपराओं में इसे नज़र दोष और नकारात्मकता से रक्षा करने वाला भी माना गया है। घर में इसे रखना श्रद्धा और सौंदर्य का विषय है। मान्यताएं इसे धनवृद्धि, विषैले जीवों से सुरक्षा या नकारात्मक ऊर्जा के नाश से जोड़ती हैं, पर इसका कोई वैज्ञानिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है। मोरपंख सजाइए, लेकिन घर की शांति के लिए प्रेम, संवाद और सद्भाव को भी स्थान दीजिए।

प्रश्नः क्या वायव्य कोण में धन रखने से आर्थिक परेशानी बढ़ती है?
-प्रखर गुप्ता

■ **उत्तरः** सद्गुरुश्री कहते हैं कि उत्तर और पश्चिम के बीच की दिशा वायव्य कोण कहलाती है। वास्तु की कुछ परंपराओं में इसे गति, परिवर्तन और चंचलता से जोड़ा गया है। इसी आधार पर वहां धन रखने को स्थिर बचत के लिए कम अनुकूल माना जाता है। किंतु यह कोई अटल नियम नहीं कि उस दिशा में तिजोरी रखने से धन अवश्य नष्ट होगा। आर्थिक समृद्धि का वास्तविक आधार आय, बचत, विवेकपूर्ण निवेश और खर्चों पर नियंत्रण है। आमदनी अठन्नी और खर्च रुपैया हो, तो तिजोरी की दिशा बदलने से अधिक आवश्यक अपनी आदतें बदलना है। वास्तु को जीवन की व्यवस्था का सहायक मानिए, भाग्य का अंतिम निर्णायक नहीं।

■ **प्रश्नः सप्तम भाव में शनि और मंगल की युति हो, तो क्या वैवाहिक जीवन में तनाव रहता है?**
- अनामिका वर्मा

उत्तरः सद्गुरुश्री कहते हैं कि सप्तम भाव विवाह, जीवनसाथी और साझेदारी का प्रतिनिधि है। मंगल तेज अग्नि की तरह है, जबकि शनि धैर्य और अनुशासन का प्रतीक। दोनों की युति मानो एक रथ में गति और विराम को साथ बैठा देती है। अशुभ प्रभाव होने पर मतभेद, हठ, क्रोध और संबंधों में दूरी के संकेत मिल सकते हैं। किंतु शुभ स्थिति में यही संयोग कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति, जिम्मेदारी और स्थायित्व भी प्रदान करता है। गुरु की शुभ दृष्टि, सप्तमेश की स्थिति और नवांश कुंडली परिणाम बदल सकती है। केवल इस युति के आधार पर विवाह टूटने या जीवनसाथी के स्वास्थ्य का निर्णय नहीं करना चाहिए।

बात पते की

अष्टम भाव का चंद्रमाः कुंडली का अष्टम भाव रहस्य, आकस्मिक परिवर्तन और साझा संपत्ति का भाव है। यहां चंद्रमा हो, तो मन शांत ठहरी हुई झील जैसा दिखकर भी अपने भीतर कुलांचे मारने वाली लहरें छिपाए रखता है। व्यक्ति संवेदनशील, अंतर्मुखी और गूढ़ विषयों का जिज्ञासु होता है। बलवान चंद्रमा कठिन अनुभवों से सीखने की क्षमता देते हैं, पर निर्बल होने पर अनिश्चितता और भावनात्मक उतार-चढ़ाव लाते हैं। सूर्य की युति आत्मसम्मान और भावनाओं में खींचतान लाती है, वहीं सूरज की दृष्टि आत्मबल जगाती है। मंगल की युति आवेग और साहस को खाद-पानी देता है। मंगल की नज़र हड़बड़ी से गड़बड़ी का कारक बनती है, और प्रतिक्रियाओं को तीखापन प्रतिष्ठा का बेड़ा गर्क करती है। बुध की युति शोधपरक बुद्धि और कल्पनाशील अभिव्यक्ति प्रदान करती है, दृष्टि विचारों को तार्किक और वैज्ञानिक दिशा देती है। गुरु की संगति विवेक और आध्यात्मिक रुचि बढ़ाते के साथ आत्मिक संबल देती है। शुक्र की युति प्रेम, सौंदर्यबोध और संबंधों में गहराई लाती है। शनि की युति अकेलेपन और जिम्मेदारियों का बोझ लादती है, उनकी दृष्टि धैर्य की परीक्षा लेकर जीवन संवार देती है। राहु की युति आशंकाएँ और आकर्षण बढ़ा सकती है। केतु विरक्ति तथा अंतर्मुखता जगाते है, इसकी इनकी दृष्टि बेचैनी और वैराग्य का सूत्रपात करती है।

नोटः अगर, आपकी कोई समस्या है, तो आप अपनी जन्म तारीख, जन्म समय और जन्म स्थान के साथ अपना सवाल **nbtmumbai@timesofindia.com** पर मेल कर सकते हैं। **Subject: NBT Astro Numero** जरूर लिखें। चुनिंदा सवालों के जवाब छापे जाएंगे।

स्टेट अपडेट

पुणे में छात्र ने छात्रा को चाकू मारकर किया घायल

■ **भाषा, पुणे:** पुणे जिले में स्कूली यात्रा के दौरान बनाए गए एक कथित विडियो को लेकर हुए विवाद के बाद नौवीं कक्षा के एक छात्र ने अपनी सहपाठी छात्रा को कथित तौर पर चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने छात्र को हिरासत में ले लिया गया है। यह घटना शुक्रवार अपराह्न करीब 2:15 बजे महालुंगे गांव में स्कूल परिसर में हुई। बावधन थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घायल छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्टूडेंट्स टूर पर गए थे, जहां लड़कियों के नृत्य कार्यक्रम का एक विडियो बनाकर नौवीं कक्षा के आरोपी छात्र ने इंस्टाग्राम पर साझा किया था। स्टूडेंट्स में बहस के बाद में लड़के ने इसे हटा दिया। पुलिस को संदेह है कि उसके मन में इस घटना को लेकर नाराजगी थी।

पानी सप्लाई को लेकर पीटा, 2 पर केस

■ **भाषा, लातूर:** अहमदपुर में पानी की अनियमित आपूर्ति को लेकर नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि घटना गुरुवार को हुई थी। अहमदपुर नगर परिषद के उप मुख्य अधिकारी अशोक वैजनाथ स्वामी (57) की शिकायत के अनुसार, संतोष शेप और मनोज कांबले ने पानी की आपूर्ति में देरी को लेकर उनके और अन्य कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किया। आरोपियों ने कार्यालय की एक कुर्सी को भी नुकसान पहुंचाया और सरकारी कामकाज में बाधा डाली।

उल्हासनगर में ट्रैफिक पुलिस का ऐक्शन, 29 लावारिस वाहन हटाए

नोटिस, फाइन और क्रेन से कार्रवाई, ट्रैफिक जाम से राहत

■ **NBT न्यूज, उल्हासनगर :** ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम ने मिलकर उल्हासनगर की सड़कों पर जगह रोककर ट्रैफिक में रुकावट डाल रही 29 लावारिस गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की। नोटिस के बाद 17 मालिकों ने खुद ही गाड़ियां हटा लीं, जबकि चार लोगों से 3-3 हजार रुपये का फाइन वसूला गया। बाकी 8 गाड़ियों को क्रेन से उठाकर नगर निगम को सौंप दिया गया। इससे सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या कम हो गई है।

उल्हासनगर ट्रैफिक सब-डिवीजन के सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर युवराज सरनोबत और नगर निगम के असिस्टेंट कमिश्नर गणेश शिंपी के मार्गदर्शन में वार्ड कमेटी नंबर 1 और 2 की एक जॉइंट टीम ने यह कार्रवाई की। अभियान का मकसद पब्लिक सड़कों को ट्रैफिक के लिए खुला रखना और गाड़ियों से होने वाली रुकावटों को हटाना था।

ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम ने उन गाड़ियों के खिलाफ जॉइंट कैंपेन चलाया, जो लंबे समय से पब्लिक सड़कों पर खड़ी थीं और ट्रैफिक में रुकावट डाल रही थीं। इस कैंपेन में 29 गाड़ियों के खिलाफ ऐक्शन पूरा किया गया और आठ गाड़ियों को क्रेन की मदद से हटाकर नगर निगम को सौंप दिया गया। चार गाड़ी मालिकों से कुल 12,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

12 अक्टूबर को संबंधित 29 गाड़ियों को नोटिस जारी किए गए थे।



17 गाड़ियां मालिकों ने खुद ही नोटिस के बाद हटाईं
8 गाड़ियां क्रेन से उठाई गईं
4 वाहनों पर फाइन

आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

प्रशासन ने साफ किया कि पब्लिक जगहों पर जाम लगाने और सड़कों पर ट्रैफिक में रुकावट डालने वाली गाड़ियों के खिलाफ जरूरत के हिसाब से जॉइंट ऐक्शन जारी रहेगा। ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट और म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने लोगों से अपील की है कि वे पब्लिक सड़कों पर अपनी गाड़ियां लावारिस न छोड़ें, दूसरों के आने-जाने में रुकावट न डालें और कैंपेन में सहयोग करें। इस ऐक्शन की वजह से, संबंधित इलाकों की सड़कें ट्रैफिक के लिए क्लियर हो गई हैं।



भविष्य के निर्माता


SPOTLIGHT

भारत को विश्वगुरु बनाने में युवाओं की भूमिका, शिक्षा और उद्योग के बीच तालमेल, कृषि में नवाचार और सामाजिक बदलाव जैसे मुद्दों पर एनबीटी मुंबई के एक्सिलेंट लीडरशिप समिट में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने विचार साझा किए।

युवा लीडरशिप को समझने और मौका देने की जरूरत


पैनल डिस्कशन 1

पैनल 1 डिस्कशन में रेडियो विश्वास 90 .8 कम्युनिटी रेडियो स्टेशन की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर रुचिता ज्योति विश्वास ठाकुर ; बायोलॉजिकल एग्री सॉल्यूशंस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सीईओ विपिन सैनी और उर्मिला फाउंडेशन की फाउंडर ऐंड चेयरमैन उर्मिला द्विवेदी ने विचार रखे।


पैनल डिस्कशन 2

पैनल 2 डिस्कशन में विवांटिस एडवाइजरी की फाउंडर श्रद्धा भट्ट ; टीसीईटी, डीम्ड टू बी युनिवर्सिटी मुंबई, के प्रो-वाइस चांसलर डॉ . आर .आर . सेडमकर और सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक्स डॉ . दीपक एच . शर्मा ने विचार रखे।

गणेश खनकर, हाउस लीडर ऐंड मेंबर स्टैंडिंग कमेटी BMC

Respedit.Nbt@timesofindia.com

एनबीटी मुंबई द्वारा आयोजित एक्सिलेंट लीडरशिप समिट में मुख्य अतिथि बीएमसी, हाउस लीडर, और स्टैंडिंग कमिटी के सदस्य गणेश खणकर ने कहा कि भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर है। इसमें सबसे अहम किरदार भारते के युवाओं का होगा। इसके लिए बस हमें उन्हें समझने और राह दिखाने की जरुरत है। आज जो हमारे नागरिक विदेशी कंपनियों में सीईओ और बड़े पदों पर हैं यह एक विश्वगुरु बनने की दिशा में बड़ा कदम है। समिट में दो राउंड टेबल का भी आयोजन किया गया था। इसमें अलग-अलग इंडस्ट्री के लोगों ने लीडरशिप की क्वॉलिटी आदि पर चर्चा की। लीडरशिप समिट में शामिल हुए इंडस्ट्री लीडरों में बायोलॉजिकल एग्री सल्यूसंस असोसिएशन ऑफ इंडिया के सीईओ, विपिन सैनी ; टीसीईटी, डीम्ड टू बी युनिवर्सिटी मुंबई, के प्रो-वाइस चांसलर, डॉ . आर .आर . सेडमकर ; सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक्स, डॉ .दीपक एच शर्मा ; विवांटिस एडवाइजरी की फाउंडर श्रद्धा भट्ट ; रेडिओ विश्वास 90 .0 कम्युनिटी स्टेशन की प्रबंध निदेशिका, रुचिता ज्योति विश्वास ठाकुर ; उर्मिला फाउंडेशन की फाउंडर एवं चेयरमैन उर्मिला द्वीवेदी ने हिस्सा लिया।

कृषि में जैविक समाधानों का विस्तार

बायोलॉजिकल एग्री सॉल्यूशंस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सीईओ विपिन सैनी ने कहा कि जैविक कृषि समाधानों को किसानों तक पहुंचाने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान, खेतों में प्रदर्शन और प्रशिक्षण जरूरी हैं। उत्पादों की गुणवत्ता, प्रमाणन और सही उपयोग की जानकारी से किसानों का विश्वास बढ़ाया जा सकता है। इससे टिकाऊ कृषि और मिट्टी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

उच्च शिक्षा और उद्योग के बीच तालमेल

टीसीईटी, डीम्ड टू बी युनिवर्सिटी मुंबई, के प्रो-वाइस चांसलर, डॉ . आर .आर . सेडमकर ने कहा कि उच्च शिक्षा और उद्योग की जरूरतों के बीच तालमेल बढ़ाना आवश्यक है। विद्यार्थियों को डिग्री के साथ समस्या समाधान, डिजिटल दक्षता और व्यावहारिक अनुभव देना होगा। इंटर्नशिप, उद्योग आधारित परियोजनाओं और आधुनिक प्रयोगशालाओं के माध्यम से उन्हें रोजगार और नवाचार के लिए तैयार किया जा सकता है।

शिक्षा में नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना

सोमैया विद्याविहार विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक्स, डॉ .दीपक एच शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों में विषयगत ज्ञान के साथ आलोचनात्मक सोच, निर्णय लेने और टीम के साथ काम करने की क्षमता विकसित होनी चाहिए। परियोजना आधारित शिक्षण, बहुविषयक अध्ययन और उद्योग विशेषज्ञों से संवाद विद्यार्थियों को वास्तविक चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

लांग टर्म पॉलिसी और ट्रांसपरेंशी में बढ़ोतरी की जरूरत

विवांटिस एडवाइजरी की फाउंडर, श्रद्धा भट्ट ने कहा कि व्यवसायों को वित्तीय अनिश्चितताओं और प्रतिस्पर्धा के बीच आगे बढ़ने के लिए स्पष्ट रणनीति, बेहतर वित्तीय योजना और जोखिम प्रबंधन की जरूरत है। पारदर्शी संवाद, आंकड़ों पर आधारित निर्णय और नियमित समीक्षा से उद्यमों को मजबूत बनाया जा सकता है। नेतृत्वकर्ताओं को तत्काल लाभ के साथ दीर्घकालिक स्थिरता पर भी ध्यान देना चाहिए।

पंकज लिडू,एमडी, लैंडमार्क क्राफ्ट्स लिमिटेड

सामुदायिक रेडियो से स्थानीय आवाजों को मंच


रेडियो विश्वास 90 .0 कम्युनिटी स्टेशन की प्रबंध निदेशिका रुचिता ज्योति विश्वास ठाकुर ने कहा कि सामुदायिक रेडियो स्थानीय लोगों तक उनकी भाषा में विश्वसनीय जानकारी पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है। स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण और सरकारी योजनाओं से जुड़े कार्यक्रमों के जरिए जागरूकता बढ़ाई जा सकती है। युवाओं और महिलाओं को मंच देकर स्थानीय नेतृत्व और सामाजिक संवाद को मजबूत किया जा सकता है।

सामाजिक बदलाव में नेतृत्व की भूमिका

उर्मिला फाउंडेशन की फाउंडर एवं चेयरमैन उर्मिला द्विवेदी ने कहा कि सामाजिक पहलों को प्रभावी बनाने के लिए स्पष्ट लक्ष्य, पारदर्शी वित्तीय प्रबंधन और समुदाय की भागीदारी जरूरी है। शिक्षा, महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य और कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं के परिणामों का नियमित मूल्यांकन करने से उनकी प्रभावशीलता और जवाबदेही बढ़ाई जा सकती है।

डॉ .सतीश वाघ, चेयरमैन, सुप्रिया लाइफसाइंस लिमिटेड

एडवोकेट चांदनी कपाड़िया, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टरGLS यूनिवर्सिटी


डॉ . ग्रेस पिंटो,एमडी, रायन ग्रुप ऑफ स्कूल्स


डॉ .विनय अग्रवाल, चांसलर आईएसबीएम यूनिवर्सिटी


डॉ . सत्य रमानी वडलामणि, चेयरपर्सन और एमडी, एमकेपीपीएल

सहयोग से आगे बढ़ेगा भारत

समिट में वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि देश की प्रगति के लिए कृषि, शिक्षा, उद्योग, उद्यमिता, सामुदायिक मीडिया और सामाजिक संस्थाओं के बीच सहयोग आवश्यक है। नेतृत्व का अर्थ केवल निर्णय लेना नहीं, बल्कि लोगों को साथ जोड़कर समस्याओं का समाधान करना भी है। युवाओं को अवसर, संस्थानों को स्पष्ट दिशा और समाज को विकास की प्रक्रिया में भागीदारी देकर भारत को विश्वगुरु बनाने के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ा जा सकता है।


विकास देसाई,डायरेक्टर निर्मल इंडस्ट्रियल कंट्रोल्स प्रा .लि .


डॉ . उनमेश तकलकर, केअर सिग्मा हॉस्पिटल


डॉ . गीतिका मित्तल गुप्ता, मेडिकल डायरेक्टर एवं फाउंडर ISAAC Luxe


कामेश सलाम, सीईओ ऐंड फाउंडर CanBoo


डॉ .मधुलिका सिंह,चेयरपर्सन के .एन .एस .मेमोरियल हॉस्पिटल


पायल कपूर, फाउंडर ऐंड डायरेक्टर आरुषी आर्ट्स


संजय कलिका मिश्रा, ज्वाइंट डायरेक्टर एपेक्स इंश्योरेंस कंसल्टेंट लि .

Disclaimer: An initiative of BM, Ryan Group of Schools, KNS Memorial Group of Hospitals & Institutions, Bodhisattva University, Cane & Bamboo Value Chain Management Pvt. Ltd. (CanBoo),Care Ciigma Hospital Sambhajinagar (Aurangabad), Landmark Crafts Limited, Supriya Lifescience Limited, Apex Insurance Consultant Ltd., GLS University, Radio Vishwas 90.8 Community Radio Station, Arushi Arts, ISBM University, Murli Krishna Pharma Pvt Ltd, Nirmal Industrial Controls Pvt. Ltd., Biological Agri Solutions Association of India, Urmila Foundation, ISAAC Luxe, BCCL does not endorse and is not responsible for the accuracy or completeness of the information contained herein. Readers should seek appropriate professional advice before taking any decision.

लोकतंत्र का मुकद्दस काम: सबके लिए जगह बनाना

■ सुवीर सरन

मैंने लोकतंत्र को उस इंसान की नज़र से परखना सीखा है, जिसे सबसे आसानी से अनदेखा कर दिया जाता है। जो बहुसंख्यकों जैसा नहीं दिखता, पूजा नहीं करता, प्रेम नहीं करता, बोलता या चलता



नहीं या उन बातों पर यकीन नहीं करता जिन पर बहुसंख्यक यकीन करते हैं।

यह मेरे लिए किसी किताब का खूबसूरत खयाल नहीं। इसकी शुरुआत मां की रसोई से होती है।

मैं घर का सबसे छोटा बच्चा था। पिता सख्त हो सकते थे। कई बार मुझे सबके खा लेने, सबकी ज़रूरतें पूरी हो जाने तक इंतज़ार करना पड़ता। मां दावत के बीच सौ छोटे-बड़े काम संभाल रही होती- एक थाली में रोटी, दूसरी में सब्ज़ी, किसी मेहमान के लिए पानी, किसी बच्चे के लिए एक और कौर। फिर भी वह बार-बार मेरे पास लौटतीं। पूछतीं, 'तुम ठीक तो हो? सब्र टूट तो नहीं रहा?' और कहतीं, 'तुम्हारा वक्त आएगा, आएगा, ज़रूर आएगा।'

सबसे छोटा बच्चा इंतज़ार का भूगोल जानता है। मां जानती थीं कि मुझे कोई बड़ा वादा नहीं चाहिए, बस इतना यकीन चाहिए कि किसी ने मुझे देखा है। लोकतंत्र में भी मेरी पहली मांग यही है: सत्ता में बैठे लोग एक बार शोर से नज़र हटाकर देखें- कौन अब भी इंतज़ार में है? किसकी बात अनसुनी रह गई है? किसे यह कहने वाला कोई नहीं कि तुम्हारा वक्त भी आएगा?

खलील जिब्रान ने लिखा कि बच्चे हमारे ज़रिए दुनिया में आते हैं, मगर हमारे नहीं होते। उनके ख्वाब उस आने वाले कल की तरफ बढ़ते हैं, जिसे शायद उनके मां-बाप कभी देख न पाएं। मेरी मां शायद यह बात कविता पढ़े बिना जानती थीं। कमरे की सारी मांगों के बीच उनकी नज़र उस सबसे छोटे बच्चे पर लौट आती थी।

भगवद्गीता की शुरुआत संशय से होती है। रणभूमि में अर्जुन अपने गुरु, भाई-बंधु और मित्रों को सामने देखता है। उसका हाथ रुक जाता है। कृष्ण उससे यह नहीं कहते कि सोचना छोड़ दो; वह उसे और गहराई से देखने को कहते हैं: तुम्हारा फर्ज़ क्या है? इंसाफ किसमें है? ऐसा क्या है जो तुम्हारी अपनी सहूलियत से बड़े संसार के काम आए?

'लोकसंग्रह'- दुनिया को थामे रखने और जोड़ने वाला कर्म- हमारे सार्वजनिक जीवन का भी पथ-प्रदर्शक हो सकता है। नेता का काम विविधताओं से भरे समाज को साथ रखना है, मगर उसके फर्क मिटाकर नहीं। एकता का अर्थ सबको एक जैसा बना देना नहीं; एक-दूसरे के लिए जगह बचाए रखना है।

महाभारत हमें यह भी दिखाता है कि जब ताकतवर खामोश रहते हैं तो क्या होता है। सभा में द्रौपदी का अपमान होता है। लाज सिर्फ उसकी नहीं जाती, उन सबकी भी जाती है जो देखते हैं और कुछ नहीं करते। महाकाव्य का सवाल आज भी हमारे सामने खड़ा है- जब कमज़ोर आवाज़ दें, तो हमारा फर्ज़ हमसे क्या मांगता है?

मेरी दादी ने मुझे एक और विरासत दी। वह बहुत धार्मिक थीं, फिर भी रस्मों से हटकर ध्यान और आत्मचिंतन की ओर मुड़ीं। कहती थीं कि अपने भीतर के केंद्र तक पहुंचकर उन्हें ईश्वर से एकत्व का एहसास हुआ। उनका विश्वास था कि धर्म और विज्ञान साथ चल

AI Image



महाभारत और भक्ति-कवियों से लेकर रवीन्द्रनाथ टैगोर, बसवन्ना और मार्टिन लूथर किंग तक-असहमति, गरिमा और हर इंसान के अपनेपन के हक की एक निजी पुकार।

अनकही कहानियां

सकते हैं- जहां एक की राह थम जाए, वहां दूसरा आगे ले जाए। उनकी बात आज भी मेरे भीतर ठहरती है- आस्था को सवालों से डरना नहीं चाहिए और सवालों को आस्था का मज़ाक नहीं उड़ाना चाहिए।मेरे नाना का दुनिया से जुड़े रहने का अपना ढंग था। अस्सी की उम्र पार करके भी वह अखबार शुरू से आखिर तक पढ़ते, नई तकनीक की दुनिया में हो रहे बदलावों पर नज़र रखते। उन्हें देखकर समझ आया कि जिज्ञासा की कोई उम्र नहीं होती। लोकतंत्र भी जागते रहने का नाम है- क्या हो रहा है? किस पर गुज़र रही है? और मैंने अभी क्या जानना बाकी रखा है?

कृष्ण अपने प्रिय भक्त की पहचान बताते हैं- वह जो द्वेष से मुक्त हो, करुणामय, विनम्र और धैर्यवान हो; सुख-दुःख में स्थिर रहे। इससे मैं अक्सर अपने आप से पूछता हूं: हमारी भक्ति हमें कैसा इंसान बना रही है? अगर पूजा के बाद पड़ोसी के लिए तिरस्कार बढ़े, तो कहीं कुछ बहुत गलत हुआ है।

तुकाराम दुखियों को अपना कहते हैं। ज्ञानेश्वर सब जीवों के बीच मैत्री मांगते हैं। नरसी मेहता के लिए सच्चा भक्त वह है जो दूसरे की पीड़ा महसूस कर सके। रवीन्द्रनाथ टैगोर ऐसे मन का ख्वाब देखते हैं जो भय से मुक्त हो। बसवन्ना कहते हैं- अमीर शिव के मंदिर बनाते हैं; मेरे पास क्या है? मेरे पैर स्तंभ हैं, मेरा शरीर ही मंदिर। इन कवियों के लिए पवित्रता किसी चीज़ पर अपना दावा नहीं, दूसरे इंसान से मिलने का तरीका है।

जब विद्यार्थी परीक्षा में धांधली या प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों पर जवाब मांगते हैं या नागरिक मतदाता सूची से अपना नाम गायब होने की आशंका जताते हैं, तो उनकी आवाज़ को फौरन खारिज नहीं करना चाहिए। पारदर्शी जांच मांगना लोकतंत्र की धड़कन है। बरसों पढ़ने वाला छात्र पूछ रहा है कि क्या मेहनत का अब भी कोई अर्थ है? मतदाता पूछ रहा है कि क्या मेरी नागरिकता मुझे पहचानती है? विरोध इन निजी चोटों को सबके सामने लाता है।

लोकतंत्र का दायरा उन लोगों ने बढ़ाया, जिन्हें कभी कहा गया कि वे यहां के नहीं हैं। औरतों ने वोट का हक तोहफे में नहीं पाया- पीढ़ियों ने मार्च किया, लिखा, संगठन बनाए और गिरफ्तारी का जोखिम उठाया। मार्टिन लूथर किंग और नागरिक अधिकार आंदोलन ने उस मुल्क के झूठ को उजागर किया जो खुद को आज़ाद कहता था, मगर अश्वेत नागरिकों को बराबर की गरिमा नहीं देता था। दिव्यांग अधिकारों के लिए लड़ने वालों ने यही संघर्ष स्कूलों, दफ्तरों, सड़कों और मतदान केंद्रों तक पहुंचाया। हक तब बढ़ते हैं जब लोग बहिष्कार को कुदरत का कानून मानने से इनकार कर देते हैं।

यही कसौटी समलैंगिक और ट्रांसजेंडर लोगों पर भी लागू होती है। उनकी ज़िंदगियां किसी नेता की तालियों के लिए बनाया गया मज़ाक या निशाना नहीं है। नीतियों पर बहस हो सकती है, मगर जिनकी ज़िंदगी उन फैसलों से प्रभावित होती है, उन्हें सुरक्षा, बराबरी और अपनी बात कहने का हक है। किसी अल्पसंख्यक को खतरा बताकर पेश करना सिर्फ उसी को चोट नहीं पहुंचाता; यह हमारे साझा 'हम' को छोटा कर देता है।

मैं जानता हूं कि अपनेपन पर सवाल उठना कैसा होता है। समलैंगिक होकर बड़ा होते हुए मैंने उस खामोशी को जाना है, जिसमें एक सच को खुलकर कहने की इजाजत नहीं थी। मैं अपनी आवाज़, अपनी चाल, अपने छोटे-छोटे हाव-भाव पर नज़र रखता- कहीं वे वह बात न कह दें जिसे छिपाना सिखाया गया था। अपने संस्मरण में मैंने खामोशी से ईमानदार ज़िंदगी तक का यह सफर लिखा है। उससे जाना कि दिखाई देना दिखावा नहीं होता। कभी वह बचने का रास्ता होता है; कभी एक इंसान का सच दूसरे को यह एहसास दिलाता है कि वह अकेला नहीं।

जब कोई नेता शहरों और वहां रहने वाले लोगों को मिटा देने की बात कहता है, फिर उसे हल्का करने के लिए सफाई देता है, तब भी उन घरों में एक सिहरन रह जाती है जिन्हें बात में बेवज़न समझ लिया गया। जब ताकतवर लोग दिव्यांगता का मज़ाक उड़ाते हैं- भले ही वे इससे इनकार करें- तो चोट सिर्फ एक व्यक्ति को नहीं लगती। ऊंचे आसन से निकला उपहास, नीचे की दुनिया को बेरहम होने की इजाजत दे सकता है।

धर्म सार्वजनिक जीवन में आएगा, क्योंकि वह संस्थाओं से पहले लोगों के भीतर रहता है। आस्था रखने वालों को इंसाफ, भूख, दया और जीवन की पवित्रता पर बोलने के लिए अपनी आस्था दरवाज़े के बाहर छोड़ने की ज़रूरत नहीं। मगर कोई धर्म इस गणराज्य का अकेला मालिक नहीं। मेरी दादी हमसे आस्था छोड़ने को नहीं कहतीं। वह पूछतीं कि आस्था हमारे भीतर कर क्या रही है। यही सवाल हर मंदिर, गिरजे, मस्जिद, गुरुद्वारे और प्रार्थनाघर में होना चाहिए। आस्था चिराग दे सकती है, यह तय नहीं कर सकती कि घर में किसे आने दिया जाए।

मां एक कमरे में सबको खाना खिला रही थीं, फिर भी उस बच्चे के पास लौटती थीं, जिसने अभी कुछ नहीं खाया था। मेरे लिए लोकतंत्र वहीं से शुरू होता है। यह देखना कि कौन अब भी इंतज़ार में है, उसे यकीन दिलाना कि उसका वक्त भी अहम है; और ऐसा मुल्क बनाना जहां किसी को यह न सोचना पड़े कि क्या कोई उसके पास लौटकर आएगा।

हमें बताएं: इस पर क्या है आपकी राय, हमें sundaynbt@timesofindia.com पर ईमेल करें या वॉट्सऐप नंबर 89298-16941 पर भेजें।



आपकी राय

पिछले हफ्ते हमने इसी पेज पर 'आत्मा से पहले उपनाम' पब्लिश किया था। हमें इस पर आपकी ढेर सारी प्रतिक्रियाएं मिली हैं। चुनिंदा को यहां पढ़ सकते हैं:

विकास के साथ हमें अपनी सोच भी बदलनी चाहिए

लेख की सबसे प्रभावशाली बात यह है कि देश ने तरक्की तो बहुत की है, लेकिन सामाजिक भेदभाव अब भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। किसी की जाति या उपनाम जानकर उसके बारे में राय बना लेना हमारी सोच की कमज़ोरी है। डॉ. श्रेयांश तिर्की के अनुभव बताते हैं कि पढ़ाई और अच्छे पद पर पहुंचने के बाद भी किसी व्यक्ति को भेदभाव का सामना करना पड़ सकता है। आदिवासी समाज की प्रकृति से जुड़ी जीवनशैली और मिल-बांटकर रहने की परंपरा से भी हमें सीखना चाहिए। सच्चा विकास तभी होगा, जब हर व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के सम्मान और आगे बढ़ने का समान अवसर मिलेगा। -नेहा वर्मा

इंसानियत की खुशबू से महकता लेख

लाजवाब! डॉ. श्रेयांश तिर्की जैसे आदर्श डॉक्टर और संवेदनशील इंसान के माध्यम से सुधीर सरन ने न केवल खुद वास्तविक भारत के दर्शन किए, बल्कि नवभारत टाइम्स के पाठकों को भी उस भारत से रूबरू कराया, जहां पेड़ के पत्तों पर रखा भोजन चिड़िया और छोटे-छोटे कीड़े बिना किसी भेदभाव के ग्रहण करते हैं। जहां इंसानियत किसी परिचय या निवेदन की मोहताज नहीं होती। जिस तरह एक अजनबी ने बिना कुछ कहे लेखक का सामान संभालकर उनका बोझ हल्का किया, वह मानवीय संवेदना का सुंदर उदाहरण है। लेख पढ़कर ऐसा लगा, जैसे यह अनुभव मेरे साथ ही हुआ हो। छोटी-छोटी घटनाएं भी बहुत गहरे अर्थ समेटे होती हैं। अच्छे आचरण और व्यवहार की अपनी अलग पहचान होती है, जिसे महसूस करने के लिए संवेदनशील नजर और समझ की ज़रूरत है। इस लेख को बार-बार पढ़ने का मन करता है। इसे पढ़कर मन को सुकून मिला और इंसानियत पर भरोसा और मज़बूत हुआ। -राज सिंह डबास

अनदेखे भारत से अच्छी तरह रूबरू कराता है यह लेख

यह आदिवासी समाज, उसकी संस्कृति और उन लोगों के बारे में बेहद सुंदर लेख है, जो आज़ादी के इतने वर्षों बाद भी समाज में अनदेखे रह गए हैं। वे मुख्यधारा में शामिल नहीं किए गए हैं। लेख की भाषा बहुत प्रभावशाली और भावपूर्ण है। लेखक ने जिस खूबसूरती से आदिवासी जीवन, उनकी परंपराओं और उनके सामने आने वाली चुनौतियों को सामने रखा है, वह पाठकों को सोचने पर मज़बूर करता है। लेख पढ़कर महसूस होता है कि भारत को समझने के लिए सिर्फ शहरों और आधुनिक विकास को देखना काफी नहीं है, बल्कि उन समुदायों को भी समझना ज़रूरी है, जो हमारी संस्कृति का अहम हिस्सा हैं, लेकिन जिन्हें अक्सर उचित पहचान और सम्मान नहीं मिलता। यह लेख हमें अपनी सोच पर विचार करने और हर व्यक्ति को उसकी जाति या उपनाम से नहीं, बल्कि इंसान के रूप में देखने की प्रेरणा देता है। -दक्ष

किसी की भी पहचान उसके पहनावे से नहीं, व्यवहार से हो

अक्सर किसी से मिलकर हम उसके पहनावे और रहन-सहन के आधार पर उसके शहर या पृष्ठभूमि का अंदाजा लगाने लगते हैं। लेकिन मेरा मानना है कि पहनावा किसी इंसान की असली पहचान नहीं हो सकता। कानपुर में रहने के दौरान मैंने एक ऐसी घटना देखी, जिसने मुझे सोचने पर मज़बूर कर दिया। एक शख्स ने बेहद स्टाइलिश कपड़े पहने हुए थे। उस पर हमला हुआ तो उसकी जेब से महज एक रुपया मिला। यह घटना बताती है कि बाहरी दिखावे से किसी की आर्थिक स्थिति या ज़िंदगी की हकीकत का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। जातिगत भेदभाव हमने ही बनाया है, जबकि इंसान की असली पहचान उसके व्यवहार से होती है। सच तो यह है कि कई बार सामान्य पहनावे वाला शख्स भी विद्वान हो सकता है। वह पैसे वाला हो सकता है। वह किसी बड़ी कंपनी का मालिक भी हो सकता है। -यामिनी बजाज

उपनाम से बड़ी होती है इंसानियत

यह लेख पढ़कर लगा कि हम आज भी इंसान को उसके नाम, जाति और पहचान से परखने की गलती करते हैं। डॉ. श्रेयांश तिर्की की कहानी बताती है कि किसी व्यक्ति की असली पहचान उसकी सोच, व्यवहार और दूसरों के प्रति संवेदनशीलता से बनती है। सबसे अच्छी बात यह लगी कि लेख में आदिवासी संस्कृति को सिर्फ परंपराओं के रूप में नहीं, बल्कि जीवन जीने के एक सुंदर तरीके के रूप में दिखाया गया है। हमें ऐसे भारत को समझने और उससे सीखने की ज़रूरत है, जहां किसी को छोटा-बड़ा मानने के बजाय हर इंसान का सम्मान किया जाए। -अमित सक्सेना

परवरिश/पैरंटिंग



इतना भी मत दौड़ाइए कि बच्चा हांफने लगे

आज बच्चा पहली क्लास में हो या पांचवीं या आठवीं में, उसका शेड्यूल किसी कॉर्पोरेट ऑफिस के एम्प्लॉई से कम टाइट नहीं दिखता। स्कूल से लौटने के बाद स्केटिंग की क्लास, फिर अबेकस या वैदिक मैथ्स, फिर डांसिंग, आर्ट, कोडिंग या एआई फॉर चाइल्ड क्लास। और घर लौटने के बाद स्कूल का होमवर्क, डिनर, सोना और अगले दिन फिर वही रूटीन। इतनी एक्स्ट्रा करिकुलर ऐक्टिविटीज़ के बीच उसे अपने लिए वक्त मिला या नहीं? उसे इतनी क्लासेज की ज़रूरत है भी या नहीं...

डांस, स्विमिंग, कोडिंग की क्लासों की लंबी लिस्ट, पर बच्चा कितना सीख रहा है और कितना झेल रहा है?

AI Image

Varun.Anand@timesofindia.com

शाम के करीब साढ़े चार बजे हैं। ग्रेटर नोएडा की एक सोसायटी के गेट पर एक कार के पीछे सात साल का बच्चा स्कूल के कपड़े बदलकर कराटे क्लास की पोशाक पहनने के लिए जद्दोजहद में है। एक हाथ में आधा खाया हुआ सैंडविच दबा है और दूसरे हाथ से जूते उतार रहा है। आगे की सीट पर स्टीयरिंग थामे मां बार-बार रियर-व्यू मिरर से देखकर बोल रही है, जल्दी करो बेटा, क्लास शुरू होने वाली है। देर हो गई तो सर क्लास में आने से मना कर देंगे। बच्चे की आंखों में स्कूल की थकान और दोपहर में छूटी हुई नींद साफ दिख रही है, लेकिन वह किसी रोबोट की तरह खुद को अगली शिफ्ट के लिए तैयार कर रहा है। ठीक 45 मिनट बाद कराटे क्लास से छूटेगा, तो वापस अपनी सोसायटी में आएगा। वहीं पार्किंग में मुंह धोकर सीधे दो ब्लॉक दूर वैदिक मैथ्स की क्लास में पहुंचेगा। उसके कंधे से स्कूल बैग छूटने के बाद अलग-अलग ऐक्टिविटीज़ की किट होती है। उसके चेहरे पर शाम की खुली हवा में बेफिक्री से दोस्तों के साथ वह मस्ती नहीं दिखती, जो कभी हमारे बचपन में खेल के मैदान पर दिखती थी। कुछ है तो कॉर्पोरेट एम्प्लॉय की तरह बेचैनी, जिसे एक क्लाइंट मीटिंग निपटाकर फौरन दूसरी प्रेजेंटेशन में बैठना है।



यह तस्वीर आज किसी एक घर की नहीं, बल्कि कई घरों की कहानी बन चुकी है। दोपहर में स्कूल की घंटी बजने का मतलब अब बच्चों के लिए आज़ादी नहीं रहा। हैरानी यह है कि इस पूरी भागदौड़ को हमने बहुत गर्व के साथ 'ग्रूमिंग' और 'टैलेंट हंट' का नाम दे रखा है।

एक्सपर्ट पैनल



गीतांजलि शर्मा
सीनियर पैरंटिंग एक्सपर्ट



पूजा प्रियंवदा, मेंटल हेल्थ काउंसलर एंड रिसर्चर

पॉटरी क्लास भेजते हैं, पर मिट्टी से खेलने नहीं देते

हमने मोबाइल छुड़वाने के लिए बच्चों को इन ऐक्टिविटीज़ में इतना बिजी कर दिया है कि वे अब एक पल के लिए भी खाली दिखें तो लगता है समय बर्बाद कर रहे हैं, लेकिन इसका दूसरा पहलू भी है। पूजा प्रियंवदा कहती हैं कि हमारे टाइम में बच्चे दोस्तों के साथ गली-मुहल्ले में खेलते थे। स्ट्रक्चर्ड क्लासेज और ऐक्टिविटीज़ पर इतना ज्यादा ज़ोर नहीं था। बच्चों को पार्क ले जाने का एक कल्चर था। वहां अपनी उम्र के बच्चों के साथ अनस्ट्रक्चर्ड प्ले यानी उनके मन में जो आया, वे वह करते थे। पकड़न-पकड़ाई, लुका-छिपी, विष-अमृत जैसे तमाम खेल थे। पेड़ों के पत्तों से कुछ बनाना, झूले पर झूलना। मिट्टी में ही खेल लेना। आज हम बच्चों को पॉटरी क्लास में तो भेज सकते हैं, लेकिन मिट्टी से खेलने नहीं दे सकते। कुछ वक्त उन्हें उनकी मर्जी का करने दें। कुछ नहीं कर रहे तो वह भी ठीक है। खाली दिमाग में भी कुछ क्रिएटिव सोच सकते हैं।

...तो समझ जाएं कि अब ज्यादा हो गया

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, बच्चों को ऐक्टिविटीज़ में इन्वॉल्व करने के साथ कुछ चीज़ें भी देखें। अगर यहां बताई कुछ चीज़ें उनमें दिख रही हैं तो समझ जाएं अब उनका दबाव कम करने की ज़रूरत है:

- अगर बच्चा अपनी उम्र के हिसाब से ज़रूरी नींद पूरी नहीं कर पा रहा। कम से कम 9 से 10 घंटे।
- दोस्तों से मिलने या अपने लिए मी टाइम ही नहीं बच रहा हो उसके पास।
- बच्चा लगातार इरिटेट रहने लगे या आपसे बात करने से कतराए।
- क्लास के नाम पर बार-बार रोए या जाने से बचे।
- जिस ऐक्टिविटी को पहले पसंद करता था, उसमें अब दिलचस्पी न दिखाए।
- थकान के चलते होमवर्क, खाना या रोज़मर्रा के काम प्रभावित होने लगे, स्कूल में सोने लगे।
- बार-बार सिरदर्द, पेटदर्द, थकान की शिकायत करे।

क्या याद रहेगा... कोच की सीटी, घड़ी की सुइयां

सवाल यह नहीं है कि बच्चा कितने मेडल या सर्टिफिकेट बटोर रहा है। असली सवाल यह है कि जब वह 20 साल बाद अपने बचपन को मुड़कर देखेगा, तो उसे क्या याद आएगा? कोच की सीटी और घड़ी की सुइयां, या बेफिक्र होकर दोस्तों के साथ ठहाके लगाने वाली वो शामें? सीवी बनाने के लिए पूरी उम्र पड़ी है, लेकिन बचपन दोबारा नहीं लौटेगा।

वर्किंग कपल

वर्किंग कपल के लिए यह एक तरह से मजबूरी है। दोनों काम पर रहते हैं, ऐसे में बच्चों को सेफ्टी के साथ कहीं कुछ सीखने को मिल रहा है तो यह उनके लिए अच्छी चीज़ है।

सोशल सर्किल में शोशेबाजी

फैमिली, फ्रेंड्स, सोसायटी और सोशल सर्किल में यह बताने का एक फैशन चल रहा है कि बच्चा कितनी ज्यादा ऐक्टिविटीज़ में इन्वॉल्व है।



अपनी अधूरी ख्वाहिशों का बोझ

कई बार पैरंट्स अपने बचपन की अधूरी ख्वाहिशें बच्चों से पूरी करवाते हैं। जैसे कोई चाहता था कि वह गिटार सीखे पर नहीं सीख सका।



खाली रहेगा, तो कमरे में स्क्रीन पर बिताएगा वक्त

आज के दौर में अगर बच्चा शाम को 5 से 7 बजे स्विमिंग या ताइक्वांडो क्लासेज नहीं जाएगा, तो क्या वह बालकनी में बैठकर दर्शनशास्त्र सोचेगा? यह कहना है दिल्ली की 40 साल की गायत्री का। वह आगे कहती हैं, बच्चा खाली रहेगा तो 90% चांस है कि वह कमरे का दरवाजा बंद करके यूट्यूब शॉर्ट्स, इंस्टाग्राम या आईपैड पर गेम खेलेगा। आज सड़कों पर खेलने की जगह नहीं है, ट्रैफिक है और सेफ्टी की चिंता है। ऐसे में स्ट्रक्चर्ड क्लासेज बच्चे को कम से कम फिजिकल मूवमेंट, धूप और कुछ नया सीखने का मौका तो देती ही हैं।

खराबी ऐक्टिविटीज़ में नहीं, उनकी गिनती में

सीनियर पैरंटिंग एक्सपर्ट गीतांजलि शर्मा कहती हैं कि खराबी किसी भी ऐक्टिविटी में नहीं, बल्कि उसकी गिनती में है। इस दिखावे की क्या ज़रूरत है कि बच्चा 4-5 ऐक्टिविटीज़ में शामिल है? मेरे पास कई पैरंट्स आते हैं, जो कहते हैं बच्चा हमें टाइम नहीं देता। हमारे साथ बात नहीं करता। जब मैं उनका रूटीन देखती हूं, तो कहती हूं कि आपने उसके लिए समय ही कहां छोड़ा? हाल में मेरे पास एक बच्चा आया, जिसे परफॉर्मेंस एंग्जाइटी थी। उसने बताया कि जब वह सोता है तो सपने में देखता है कि वह मेडल या सर्टिफिकेट जीत रहा है या नहीं।

रास्ता... एक दिन में एक ऐक्टिविटी भी काफी

कोई भी एक हल या एक रास्ता, हर बच्चे के लिए सही नहीं कहा जा सकता। यह कहना है गीतांजलि शर्मा का। वह आगे कहती हैं, बच्चों के लिए ब्रेथ (चैन की सांस) और डेप्थ (किसी चीज़ को गहराई से सीखना) दोनों ज़रूरी हैं। बेहतर होगा कि एक दिन में उन्हें स्कूल के बाद इस तरह की किसी एक ही ऐक्टिविटी में इन्वॉल्व किया जाए और सबसे अहम है उसका इंट्रेस्ट बना रहे। अगर बच्चा कई ऐक्टिविटीज़ में शामिल होता रहेगा तो न तो वह अपने लिए समय निकाल पाएगा और न ही किसी एक पर फोकस करके उसकी डेप्थ में जा पाएगा। जैक ऑफ ऑल ट्रेड्स, मास्टर ऑफ नन बनाकर क्या फायदा?

Enterटेनमेंट masalamix

एक ही ट्रेंड की फिल्में बन रहीं: अनुराग कश्यप

अनुराग कश्यप इन दिनों मुंबई छोड़कर बेंगलुरु में रह रहे हैं। बॉलिवुड के इस मशहूर डायरेक्टर का कहना है कि इन दिनों बॉलिवुड में सिर्फ दो ही तरह की फिल्में बन रही हैं और किसी अन्य तरह के प्रोजेक्ट पर काम करना बहुत मुश्किल हो गया है।





कॉन्सर्ट को मिली मंजूरी, दिलजीत दोसांझ ने ली चुटकी

राजधानी दिल्ली में होने वाले दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट को पुलिस की मंजूरी मिल गई है। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को आयोजकों के साथ बैठक के बाद पहले के फैसले पर दोबारा विचार किया और कार्यक्रम को मंजूरी दे दी। इसके बाद दिलजीत ने सोशल मीडिया पर एक मज़ेदार विडियो साझा किया।


उन्होंने अपने चिर-परिचित अंदाज़ में कहा, 'आज कितना अच्छा दिन है! कितनी अच्छी वाइब्स आ रही हैं!' फिर उन्होंने कॉन्सर्ट को लेकर चल रही रील, बहस और ट्वीट पर चुटकी लेते हुए कहा कि अब सब खत्म हो गया हो तो हम कॉन्सर्ट में मिलते हैं। उन्होंने लोगों को सलाह भी दी कि किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले सही खबर जरूर पढ़ लें।

पहले क्यों रोकी गई थी मंजूरी ?

इससे पहले पुलिस ने सुरक्षा संबंधी चिंताओं, संभावित खतरों और त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए कॉन्सर्ट की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

दो टाइम ज़ोन में उलझा ये जुनूनी प्यार

Rekha.khan@timesofindia.com



फिल्मः तू है मेरी किरन

रेटिंग

★★½☆☆

निर्देशक: करण रावल
कलाकार: सोनाक्षी सिन्हा, जहीर इकबाल, अंकित गुप्ता, शर्लिन सेठ, जरीना वहाब आदि
अवधि: 2 घंटे 2 मिनट
जॉनर: साइकोलॉजिकल-थ्रिलर

हॉलिवुड में टाइम ट्रैवल पर आधारित कहानियों की लंबी फेहरिस्त है, मगर बॉलिवुड में यह जॉनर अब भी बहुत लोकप्रिय नहीं हो पाया है। 'दरअसल , टाइम ट्रैवल की कहानी में अतीत और वर्तमान के बीच तालमेल बिठाने के साथ-साथ घटनाओं के तार जोड़ना और तर्क की कसौटी पर उन्हें विश्वसनीय बनाए रखना बड़ी चुनौती होती है। जरा-सी चूक पूरी कहानी का मजा किरकिरा कर सकती है। यही वजह है कि इस जॉनर को साधना आसान नहीं। निर्देशक करण रावल भी सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की जोड़ी के साथ 'तू है मेरी किरण' में इसी चुनौती को आजमाते हैं। मगर टाइम ट्रैवल, रहस्य और जुनूनी प्रेम के दिलचस्प मेल के बावजूद फिल्म अपनी संभावनाओं को भुनाने में चूक जाती है ।

बेस्टसेलर लेखिका किरण (सोनाक्षी सिन्हा) की जिंदगी में तब रहस्यमयी मोड़ आता है, जब नए घर में मिले पुराने फोन के जरिए उसका संपर्क 2016 में जी रहे समर (जहीर इकबाल) से होता है, जबकि वह खुद 2026 में जी रही है। आपराधिक अतीत वाला समर किरण के प्रति आसक्त होकर उसे ब्लैकमेल करने लगता है। उसका एकतरफा प्यार खतरनाक जुनून में बदल जाता है।

करण रावल की फिल्म तू है मेरी किरण रहस्यमयी कॉल से दिलचस्प शुरुआत करती है और फर्स्ट हाफ में दर्शकों की दिलचस्पी बनाए रखती है। समय के दो दौर में जी रहे किरदारों और एकतरफा प्यार के जुनून पर आधारित इसकी अवधारणा रोमांच पैदा करने की गुंजाइश रखती है, लेकिन कमजोर पटकथा और घटनाओं के बीच तारतम्य की कमी कहानी का असर घटा देती है। पुराने फोन के जरिए अतीत और वर्तमान का जुड़ाव स्पष्ट नहीं हो पाता, वहीं सेकंड हाफ में घटनाएं काफी उलझन पैदा करती हैं। साइकोलॉजिकल थ्रिलर और टाइम ट्रैवल का यह मेल बेहतर लेखन, कसी हुई कहानी और दमदार क्लाइमैक्स के अभाव में अपेक्षित रोमांच पैदा नहीं कर पाता।

सोनाक्षी सिन्हा ने किरन के किरदार को अतीत और वर्तमान, दोनों दौर में खूबसूरती से जिया है। वहीं, जहीर इकबाल जुनूनी और मतलबी आशिक की भूमिका में प्रभावी रहे हैं। अंकित गुप्ता ने भी अपनी भूमिका के साथ न्याय किया है, जबकि जरीना वहाब और पूर्णेंदु भट्टाचार्य छोटी भूमिकाओं में याद रह जाते हैं।

क्यों देखें
साइकोलॉजिकल थ्रिलर और टाइम ट्रैवल की कहानियों के शौकीन इसे देख सकते हैं ।

क्रिकेट के रोमांच में दबी मूल कहानी

Upma.Singh@timesofindia.com



फिल्मः दूसरा

रेटिंग

★★½☆☆

निर्देशक: अभिनय देव
कलाकार: प्लाबिता बोरठाकुर, अंकुर विकल, कृष्णा गोकानी, समिधा गुरु, नवीन राठवा, अक्षय अजीत सिंह आदि।
अवधि: 1 घंटा 18 मिनट
जॉनर: स्पोर्ट्स ड्रामा

भारत में क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है, बल्कि एक जज्बा है, जो तमाम युवाओं की आंखों में सपने बोता है। क्रिकेट के इसी असर की बानगी है, फिल्म 'दूसरा'। फिल्म में क्रिकेट में मिली एक ऐतिहासिक जीत को एक लड़की की आजादी से दिलचस्प अंदाज में जोड़ा गया है, मगर लड़की के संघर्ष पर क्रिकेट का करिश्मा भारी पड़ गया है।

साल 1991 से 2002 का समय दिखाती फिल्म में दो कहानियां साथ चलती हैं। एक तरफ प्रिंस ऑफ कोलकाता सौरव गांगुली भारतीय क्रिकेट की पुरानी छवि तोड़कर कामयाबी की नई इबारतें लिख रहे थे, तो दूसरी ओर राजस्थान के एक रूढ़िवादी परिवार की बगावती बच्ची तारा (प्लाबिता बोरठाकुर) सौरव की हर जीत में अपनी विजय देख रही थी। सौरव का हर साहसी कदम तारा को पितृसत्तात्मक समाज और पिता (अंकुर विकल) से लड़ने की हिम्मत देता है। ऐसे में, लॉर्डस के मैदान पर नेटवेस्ट सीरीज में मिली ऐतिहासिक जीत पर सौरव का अपनी जर्सी लहराना, तारा के लिए अपनी सेक्सुएलिटी को दुनिया के सामने लाने और खुद के लिए खड़े होने का सबब बनता है।

देल्ही बेली फेम निर्देशक अभिनय देव की फिल्म का आइडिया रोचक है। वह सौरव गांगुली के क्रिकेट करियर को डॉक्यूमेंट्री के तौर पर दिखाते हैं, जिसमें मैच के असल फुटेज के साथ हर्षा भोगले, राजदीप सरदेसाई, शेखर कपूर आदि के इंटरव्यू भी हैं। वहीं, उसी के समकक्ष तारा की फिक्शनल कहानी चलती है। गड़बड़ यह है कि कहानी का केंद्र जहां तारा होनी चाहिए, वहां आपका ध्यान सौरव की शानदार पारी खींच लेती है। फिल्म का रोमांचक पहलू क्रिकेट साबित होता है, न कि तारा की कहानी। उसमें गहराई की कमी लगती है। तारा का संघर्ष पूरी तरह उभरकर सामने नहीं आ पाता। वहीं, क्रिकेट की बात करें तो जिन दर्शकों ने वे मैच देखे हैं, उनके लिए ये नोस्टैल्जिया ज्यादा कारगर होगा। जबकि, युवा दर्शक शायद वह जुड़ाव ना महसूस करें। अदाकारी की बात करें तो चाइल्ड आर्टिस्ट त्रिशा जोशी तारा के बगावती रूप में बखूबी सेट करती हैं, जिसे प्लाबिता अपने चहेरे की मासूमियत और सख्ती से आगे बढ़ाती हैं। हालांकि, वह राजस्थानी भाषा के साथ सहज नहीं दिखती, जो खटकता है। अंकुर विकल पिता के किरदार में जंचते हैं। जबकि, बाकी सहयोगी कलाकारों को ज्यादा मौका नहीं मिला है।

क्यों देखें
रोचक आइडिया और सौरव गांगुली की शानदार क्रिकेट पारी के लिए।



निक जोनस ने बताया, 13 साल पहले क्यों टूटा था उनका ब्रदर्स बैंड

निक जोनस ने हाल ही में अपनी सास और प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा से लंबी बातचीत की। इसमें उन्होंने 2013 में जोनस ब्रदर्स के अलग होने की वजहों पर भी खुलकर बात की। मधु ने इसके कुछ क्लिप सोशल मीडिया पर साझा किए हैं।

निक ने बैंड टूटने पर कहा, 'हमारे बीच दरारें पड़ने लगी थीं। हम एक ओर कामयाबी के उस मुकाम पर थे, जहां प्रेशर कुकर जैसा माहौल बन जाता है और दूसरी तरफ कई साल वैसी कामयाबी मिली भी नहीं थी। हम नए लोगों से जुड़ने से कतराने लगे थे, क्योंकि डर था कि हम फोन करेंगे तो शायद कोई हमारे साथ काम ही न करना चाहे।' मधु ने निक से आगे पूछा कि उन्हें अपनी सबसे बड़ी कमी क्या दिखती है। निक ने कहा कि रचनात्मक काम में वह हर बात को जरूरत से ज्यादा सोचते हैं। उनके शब्दों में, 'मैं पेंच कसता जाता हूं और आखिर में लकड़ी टूट जाती है। बस वो संतुलन पकड़ना है, जहां आपने अपना 100 फीसदी दे दिया और बाकी दूसरों के हाथ में छोड़ दिया।'

> हमारे बीच दरारें पड़ने लगी थीं। एक तरफ कामयाबी के उस मुकाम पर थे, जहां प्रेशर कुकर जैसा माहौल बन जाता है। दूसरी तरफ कई साल वैसी कामयाबी मिली नहीं थी।




vijay sales
Trust Matters
www.vijaysales.com



BAJAJ FINANCE CASHBACK UP TO ₹20,000* | HDB FINANCIAL SERVICES CASHBACK UP TO ₹31,000* | IDFC FIRST Bank CONSUMER DURABLE LOAN CASHBACK UP TO ₹45,000* | 1 EMI OFF ON SELECT BRANDS & MODELS, APPLICABLE ON ALL THREE PAYER FINANCE.



PRICE ₹26,999
EXCHANGE PRICE ₹11,990
DOWN PAYMENT ₹3,996
EMI ₹999 x 8 Months
In Exchange of your old working condition LED TV



PRICE ₹43,190
EFFECTIVE PRICE ₹27,990 (AFTER EXCHANGE VALUE)
FINAL PRICE ₹22,891 (AFTER CASHBACK AND EXCHANGE VALUE)
ZERO DOWN PAYMENT | EMI ₹3,749 x 8 Months

SIDE BY SIDE U/E* EMI STARTING FROM ₹4,499* UPTO 20% CASHBACK* UPTO ₹20,000
FROST FREE U/E* EMI STARTING FROM ₹1,799* UPTO 20% CASHBACK* UPTO ₹7,000
DIRECT COOL U/E* EMI STARTING FROM ₹1,249* UPTO 5% CASHBACK* UPTO ₹2,500

REFRIGERATORS
RANGE AVAILABLE FROM 180 LTRS TO 800 LTRS



WASHING MACHINES
RANGE AVAILABLE FROM 6 KG TO 25 KG



FRONT LOAD U/E* EMI STARTING FROM ₹1,922* UPTO 20% CASHBACK* UPTO ₹6,000
TOP LOAD U/E* EMI STARTING FROM ₹1,222* UPTO 10% CASHBACK* UPTO ₹5,000
SEMI AUTOMATIC U/E* EMI STARTING FROM ₹991* UPTO 8% CASHBACK* UPTO ₹1,000

AIR CONDITIONERS
RANGE AVAILABLE FROM 0.8 T TO 3 T



Best Deals on Laptops



DELL Technologies INSPIRON, XPS INSPIRON GAMING, ALIENWARE
- Cashback Upto ₹20,000/-*
- Warranty / ADP Starts @ ₹99/-*
- Dell Wireless Keyboard Mouse Combo @ ₹799/-*

hp OMNIBOOK, VICTUS, OMEN
- Cashback Upto ₹18,000/-*
- Extended Warranty + ADP + Antirus Starting @ ₹2,999/-*
- One EMI Free





HDFC BANK FESTIVE TREATS INSTANT DISCOUNT UP TO ₹15,000* WITH EASY EMI ON HDFC BANK DEBIT / CREDIT CARDS
SBI card INSTANT DISCOUNT UP TO ₹12,000* ON CREDIT CARDS EMI TRANSACTIONS
ICICI Bank INSTANT DISCOUNT UP TO ₹15,000* ON CREDIT CARDS EMI TRANSACTIONS

UP TO ₹15,000/- INSTANT DISCOUNT ON CREDIT CARD / DEBIT CARD
HSBC | IndusInd Bank | RBL BANK | BOBCARD | YES BANK | AU SMALL FINANCE BANK | IDFC FIRST Bank | DBS | standard chartered

VIJAY SALES (INDIA) PVT. LTD.


MUMBAI | PUNE | AHMEDABAD | SURAT | GANDHINAGAR | VADODARA | DELHI | GURUGRAM | NOIDA | INDIRAPURAM | FARIDABAD | GHAZIABAD | HYDERABAD | WARANGAL | ANDHRA PRADESH | BENGALURU

MUMBAI • WESTERN: Operahouse | Prabhadevi | Mahim | Khar-West | Santacruz-West | Andheri-West: Infiniti Mall | Andheri-West: S.V. Road | Andheri-East | Goregaon-East | Goregaon-West | Malad-West | Borivali-West | Miraroad -East | Vasai-West | Nallasopara-West | Virar-West | Boisar-West | Palghar-West • CENTRAL: Sion | Ghatkopar-West: R City Mall | Ghatkopar-West: L.B.S. Road | Bhandup-West | Thane-West: Ghodbunder Road | Thane-West: Tip-top Plaza | Dombivli-East | Bhiwandi | Kalyan-West | KALYAN West Khadakpada | Mumbra-Bellamonte | Ulhasnagar | Badlapur-East • HARBOUR: Chembur | Vashi | Belapur | Kharghar | Panvel

PAREL - One Avighna Park, M. P.Marg, Lower Parel (E) Near Currey Road Station
KANDIVALI WEST - Shiv Shrushti CHS LTD, New Link Road, Mahavir Nagar, Kandivali West Only For Mobiles, Laptops & TVs

SCAN FOR STORES
Scan to Shop Online
www.vijaysales.com

*Conditions apply. This offer includes all other discounts also. No other offer can be clubbed with this offer. Images shown are for illustrative purpose only. Offer till stocks last. Finance offer applicable at the sole discretion of Financier. #Processing Fees and other charges is applicable as per Financier. Offer is based on minimum transactions slabs defined by Financer . Convenience fees may be charged by the respective financer. Kindly speak to our store sales staff for the "Terms and Conditions" of all the bank offers, and for the respective Instant Discount/Cashback amounts applicable on each Bank. *Cashback Applicable on Select Banks & Cards. Up to off on select brands and models only.



स्ट्रोक के लक्षणों को समझना ज़रूरी

वजन काबू में हो। बीपी, शुगर भी कंट्रोल रहे तो ब्रेन स्ट्रोक का रिस्क कम हो जाता है। सर्दियों में मामले कुछ बढ़ जाते हैं। किसी को स्ट्रोक आ भी जाए तो वक्त बर्बाद न करते हुए (2-3 घंटे में) सही ट्रीटमेंट मिल जाए तो नुकसान बेहद कम होगा। यही गोल्डन आवर है। एक्सपर्ट्स से बातकर पूरी जानकारी दे रहे हैं लोकेश के. भारती

ब्रेन स्ट्रोक में लक्षणों को समझकर BEFAST करने से नुकसान बहुत कम कर सकते हैं।

AI Image

सर्दी में ज्यादा क्यों

वैसे तो ब्रेन स्ट्रोक की समस्या कभी भी हो सकती है, लेकिन सर्दियों में यह परेशानी ज्यादा होती है। दरअसल, सर्दी में खून की नसें सिकुड़ जाती हैं जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। कभी-कभी बीपी बढ़ने से दिमाग की नस फट जाती है।

किसको खतरा ज्यादा

महिलाओं की तुलना में पुरुषों को खतरा ज्यादा है। किसी को शुगर या बीपी की फैमिली हिस्ट्री है तो 30-35 साल की उम्र से ही पता लगाना चाहिए कि शुगर या बीपी का खतरा है या नहीं। उम्र बढ़ने और शुगर व बीपी होने पर खतरा बढ़ जाता है।

वर्ल्ड स्ट्रोक डे
29 अक्टूबर (गुरुवार) पर विशेष

एक्सपर्ट पैनल



प्रफेसर डॉ. मंजरी त्रिपाठी, HOD न्यूरॉलजी, AIIMS



डॉ. एम. वी. पद्मा श्रीवास्तव, चेयरपर्सन, न्यूरॉलजी, पारस



डॉ. पी. शरत चंद्रा, प्रफेसर, HOD न्यूरोसर्जरी, AIIMS

स्ट्रोक होने की वजहें

1. मोटापा: ब्रेन स्ट्रोक की परेशानी की वजह से लकवा होता है। ब्रेन स्ट्रोक का सबसे बड़ा कारण गलत लाइफस्टाइल है। मोटापा एक बड़ा फैक्टर हो सकता है।

2. फिजिकल ऐक्टिविटी में कमी: इस वजह से बीपी और शुगर की परेशानी होती है या बढ़ती है। इसलिए हर दिन 30 से 40 मिनट और हफ्ते में कम से कम 150 से 180 मिनट ब्रिस्क वॉक (तेज-तेज चलना) ज़रूर करनी चाहिए। इसके लिए हर दिन 15 से 20 मिनट का योग भी कर सकते हैं। बुजुर्गों को यह खतरा ज्यादा होता है। अगर शुगर और बीपी है तो यह खतरा और ज्यादा बढ़ जाता है। इसलिए ऐसे लोगों को फिजिकली ऐक्टिव ज़रूर रहना चाहिए।

3. बेकाबू शुगर और बीपी: अगर किसी को बीपी और शुगर की परेशानी है तो कई बार लोग इसके सामान्य होने पर खुद ही दवा कम या बंद कर देते हैं। यह बिलकुल गलत है। ऐसा करने से बीपी बढ़ जाता है। दवा में कोई भी बदलाव डॉक्टर से बिना पूछे नहीं करना चाहिए।

4. गलत खानपान: ज्यादा पैक्ड फूड, जंक फूड और चिकनाई वाली चीजें खाने से भी खतरा बढ़ जाता है।

5. स्मोकिंग: सिगरेट या बीड़ी या फिर ऐसी किसी भी दूसरी चीज़ की लत स्थिति को बिगाड़ देती है। इससे खून की नलियों में सूजन हो सकती है।



6. सिर पर चोट: कभी सिर पर जोर से चोट लग जाए, भले ही खून न निकले लेकिन बेहोशी जैसा महसूस हो तो भी डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

7. यह भी कारण: गलत तरीके से जिम करने से भी कुछ युवाओं में लकवा की परेशानी हो सकती है। ट्रेंड जिम ट्रेनर के साथ ही जिम करें। इसके अलावा बढ़ती उम्र, ज्यादा पलूशन भी बड़े कारण हैं।

रिवाइवल में फिजियोथेरपी की अहम भूमिका

लकवे के मामलों में फिजियोथेरपी से बहुत ज्यादा फायदा होता है। वैसे यह फायदा भी इस बात पर निर्भर करता है कि अटैक कितना गंभीर था। हां, स्पाइनल से जुड़े मामलों में ज्यादा फायदा नहीं होता। फिजियोथेरपिस्ट यह देखते हैं कि ब्रेन के जिस भाग में गड़बड़ी की वजह से लकवा हुआ है, क्या उसमें सुधार की गुंजाइश है? इसके लिए वह अलग-अलग तरीके की एक्सरसाइज़ कराते हैं। फिजियोथेरपी का सेशन कुछ दिनों से लेकर कई महीनों तक का हो सकता है।

ब्रेन हेमरेज और स्ट्रोक में क्या है फर्क?

ब्रेन हेमरेज में खून की नली ब्रेन के अंदर या बाहर फट जाती है। अगर अचानक या बहुत तेज सिरदर्द हो या उल्टी आ जाए, बेहोशी छाने लगे तो हेमरेज की आशंका ज्यादा होती है। ब्रेन हेमरेज से भी पैरालिसिस होता है। इसमें खून का थक्का जम जाता है और इसे हटाने के लिए सर्जरी भी करनी पड़ सकती है। दूसरी तरफ, अगर रक्त वाहिकाओं में किसी रुकावट की वजह से दिमाग को खून की सप्लाई में कोई रुकावट आ जाए या सप्लाई बंद हो जाए तो दिमाग की कोशिकाओं में ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की कमी होने लगती है और कुछ ही मिनटों में मस्तिष्क की कोशिकाएं मृत होने लगती हैं। इसे स्ट्रोक कहते हैं। ध्यान रखने वाली बात यह है कि स्ट्रोक और हेमरेज, दोनों से पैरालिसिस हो सकता है।

स्ट्रोक को कैसे पहचानें

स्ट्रोक को इमरजेंसी की स्थिति कह सकते हैं। जिस तरह इमरजेंसी की स्थिति अचानक पैदा होती है और अलार्म बजना शुरू हो जाता है, उसी तरह स्ट्रोक की स्थिति में...

- एक भाग में कमजोरी या काम करना बंद कर देता है।
- जुबान और कदम लड़खड़ाने लगते हैं।
- अचानक बेहोशी हो सकती है।
- बहुत तेज़ सिरदर्द हो सकता है।



नोटः ये लक्षण किसी दूसरी बीमारी या परेशानी में भी हो सकते हैं।

पुख्ता करने के लिए BE FAST करें

ब्रेन स्ट्रोक के अटैक को पुख्ता करने के लिए कई फॉर्मूले हैं, उन्हीं में से एक है **BE FAST**। अगर मरीज बेहोश है तो होश में आते ही शक को पुख्ता कर सकते हैं और वक्त बचा सकते हैं।

B -Balance: ब्रेन स्ट्रोक की वजह से अचानक ही लोगों का बैलंस खराब हो जाता है। चलने पर मरीज़ लड़खड़ाने लगता है। इसमें शख्स को कुछ कदम चलने के लिए कहा जाता है।


E -Eyes: धुंधला दिखाई दे सकता है। इसलिए शख्स की आंखों को परखने के लिए 5 से 7 कदम दूर से, दूसरा शख्स अपने हाथों की उंगलियों को गिनने के लिए कहता है।

F-Face: पैरेलिसिस में चेहरे पर भी असर होता है। इसमें चेहरा एक तरफ या दोनों तरफ लटक जाता है। इसलिए मुस्कुराना मुश्किल हो जाता है। मरीज को मुस्कुराने के लिए कहा जाता है, इसके साथ दूसरे लक्षण भी होने चाहिए।

A-Arms: दोनों बांहें उठाने के लिए कहा जाता है। इसका मकसद यह देखना है कि शख्स की किसी बांह में कमजोरी महसूस तो नहीं हो रही।

S-Speech: मरीज को बोलने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उसे कोई वाक्य भी बोलने के लिए कह सकते हैं। अमूमन स्ट्रोक के बाद जीभ मुड़ जाती है जिससे बोलने में परेशानी होती है।

T-Time: अगर ऊपर वाले लक्षणों में से कोई एक या इससे ज्यादा लक्षण दिखें तो मरीज़ को फौरन ही अस्पताल लेकर जाना चाहिए। शुरुआती 3 घंटे गोल्डन आवर्स होते हैं। इसका उपयोग करना बहुत ज़रूरी है। 112 या 108 इमरजेंसी नंबर पर कॉल भी कर सकते हैं।



ब्रेन स्ट्रोक मुख्य रूप से दो तरह का होता है

1 इस्केमिक स्ट्रोक



यह तब होता है, जब ब्रेन तक खून पहुंचाने वाली किसी खून की नली में ब्लड क्लॉट या दूसरे तरह की रुकावट आ जाती है। इससे ब्रेन के उस हिस्से में सही मात्रा में ऑक्सीजन आदि नही पहुंच पाता और ब्रेन सेल को नुकसान पहुंचने लगता है। स्ट्रोक के ज्यादातर मामले इसी तरह के होते हैं।

2 हेमरेजिक स्ट्रोक



इसमें ब्रेन की कोई खून की नली फट जाती है और खून ब्रेन के अंदर या उसके आसपास ही जमा होने लगता है। इससे ब्रेन के टिशूज़ पर दबाव पड़ता है और उन्हें नुकसान पहुंच सकता है। हाई या बेकाबू बीपी, हाई शुगर इसका एक बड़ा रिस्क माना जाता है।


ब्रेन स्ट्रोक एक ऐसी गंभीर स्थिति है, जिसमें ब्रेन के किसी हिस्से तक ब्लड और ऑक्सीजन की सप्लाई बाधित हो जाती है या फिर ब्रेन की खून की नली फट जाती है। इससे ब्रेन के सेल्स को बहुत ज्यादा नुकसान होने लगता है। कई बार जब वक्त पर इलाज न मिले तो पैरालिसिस यानी लकवा की स्थिति भी बन सकती है। दिल, आंतों की मांसपेशियों को छोड़कर शरीर की करीब-करीब सभी मांसपेशियां दिमाग के कहने पर ही काम करती हैं। ऐसे में स्ट्रोक से दिमाग के जिस भाग का काम प्रभावित हुआ हो, लकवा उसी मांसपेशी पर होगा। कई बार स्ट्रोक बहुत गंभीर होने पर मरीज की हालत भी बहुत गंभीर हो जाती है। अगर स्ट्रोक बड़ा नहीं है, तो लकवे का असर भी कम होता है। सीधे कहें तो ब्रेन स्ट्रोक कारण है और लकवा यानी पैरलिसिस उसका संभावित परिणाम। स्ट्रोक आने के बाद अगर पहले 2 से 3 घंटे यानी गोल्डन आवर में इलाज शुरू हो जाए बहुत बढ़िया, लेकिन अगर किसी कारणवश ऐसा न हो पाए तो भी इलाज ज़रूर कराएं।



कबूतर जा जा जा...

कबूतर या किसी भी पक्षी को हरगिज नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए। लेकिन कई बार कुछ लोगों को इन पक्षियों की गंदगी, पंख आदि की वजह से फेफड़ों से जुड़ी छोटी और कभी-कभी गंभीर परेशानी (हाइपर सेंसिटिविटी न्यूमोनाइटिस) भी हो सकती है। इस बीमारी को कैसे पहचानें, क्या बच्चों को भी हो सकती है यह परेशानी ? पूरी जानकारी दे रहे हैं लोकेश के. भारती

AI Image



एक्सपर्ट पैनल



डॉ. नीतू जैन
सीनियर कंसल्टेंट, पल्मोनोलॉजी PSRI



डॉ. अरुण गुप्ता
एक्स प्रेसिडेंट DMC, सीनियर पेडिएट्रिशन

क्या है इलाज?

उस मटीरियल के संपर्क को रोकना जो फेफड़ों में सूजन पैदा कर रहा है।

संपर्क से बचाव: घर, ऑफिस, स्कूलों में कबूतरों के घोंसलों और बीट के संपर्क को कम करें। सफाई रखें।

कॉर्टिकोस्टेरॉइड दवाएं कम: कुछ मरीज़ों में डॉक्टर सूजन कम करने के लिए स्टेरॉयड दवाएं देते हैं। इन्हें अपनी मर्जी से शुरू या बंद नहीं करना चाहिए। बहुत ज़रूरी होने पर ही लें।

ऑक्सीजन थेरेपी: अगर खून में ऑक्सीजन का स्तर कम है, तो डॉक्टर ऑक्सीजन देने की सलाह दे सकते हैं।

फाइब्रोसिस का इलाज: जिन मरीजों में बीमारी फाइब्रॉटिक रूप ले चुकी है और लगातार बढ़ रही है, उनमें एक्सपर्ट शुरुआत में बीमारी की गति धीमी करने वाली दवा दे सकते हैं।

फॉलो-अप: फेफड़ों की क्षमता, ऑक्सीजन लेवल और इमेजिंग टेस्ट की मदद से बीमारी की प्रोग्रेस पर नज़र रखी जाती है।

इनसे दूरी बनाकर बचाव

- बालकनी, खिड़की और एयर कंडीशनर की बाहरी यूनिट पर घोंसले बनने से रोकने के लिए सुरक्षित जाली (नेट) लगाएं।
- कबूतरों की बीट को सूखने के बाद झाड़ू से जोर-जोर से न बुहारें और न ही वैक्यूम क्लीनर से उड़ाएं, क्योंकि इससे इन्फेक्टेड डस्ट हवा में फैल सकती है।
- बीट को हटाने के लिए अच्छी क्वालिटी (N-95) का मास्क लगाएं। ज्यादा मात्रा में जमा बीट की सफाई के लिए प्रफेशनल्स को हायर कर सकते हैं।
- सफाई के दौरान बच्चों को उस जगह से दूर रखें।
- सफाई के बाद हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोएं।

सूखी खांसी महीनों से ठीक नहीं हो रही, वजह भी पता नहीं चल पा रही, तो कबूतरों से रहें दूर

कुछ वर्ष पहले एक रिसर्च में यह बात पता चली कि इंसानों, बंदरों की तरह कबूतर भी जोड़-घटाव कर सकते हैं। कबूतर शांति का प्रतीक है। अमूमन वे प्रत्यक्ष तौर पर कोई नुकसान नहीं पहुंचाते। जब इतनी सारी खूबियां हों तो हर किसी का आकर्षित होना लाजमी है। हम उन्हें खाना देते हैं। पहले के जमाने में तो कबूतर संदेशवाहक भी होते थे। सलमान खान और भाग्यश्री की सुपरहिट फिल्म 'मैंने प्यार किया' में कबूतर एक अहम किरदार था। इतना ही नहीं, कबूतर को लेकर एक सुपरहिट गाना भी था, 'कबूतर जा जा जा...'। लेकिन क्या कबूतरों को लेकर सभी बातें साफ हैं? क्या उनकी मौजूदगी से कोई नुकसान नहीं होता? सीधे कहें तो हां, सभी को नुकसान नहीं है, लेकिन कुछ लोगों को तो है। वैसे इसका सही जवाब अक्सर वे लोग देते हैं, जिन्हें कबूतरों की बीट (पॉटी) और पंखों की वजह से समस्याएं होती हैं या फिर इन लोगों का इलाज करने वाले डॉक्टर देते हैं। कभी-कभी ये बड़ी समस्याएं बन जाती हैं। समझने वाली बात यह है कि इस तरह की परेशानी किसी भी तरह के पालतू पक्षी, जैसेः तोता, मैना आदि से भी हो सकती है।

...तब पता चला उन्हें इस बारे में

दिल्ली में रहने वाली 46 साल की सुषमा (बदला हुआ नाम) को जब सांस लेने में अक्सर परेशानी होने लगी तो वह एक पल्मोनोलॉजिस्ट के पास गईं। हालांकि, सुषमा को पहले से ही कुछ समस्याएं थीं। शुरुआत ड्राई कफ से हुई थी, सूखी खांसी कई महीनों से चल रही थी। जब सांस की परेशानी हुई तो वह डॉक्टर के पास पहुंचीं। डॉक्टर ने बाकी चीज़ें पूछने के साथ पूछा कि कबूतरों के संपर्क में रहती हैं? सुषमा ने कहा कि हां, बालकनी में 2 कबूतर हैं। मैं खाना देती हूं। डॉक्टर ने कहा कि कबूतरों की बीट और पंखों ने शायद यह हाल किया है। हाइपर सेंसिटिविटी न्यूमोनाइटिस (फेफड़ों में गंभीर सूजन) जैसे लक्षण दिख रहे हैं। सीटी स्कैन में दिखा कि फाइब्रोसिस हो चुका था, लेकिन शुरुआती स्टेज का। इलाज शुरू हुआ। सुषमा को फायदा हुआ। लेकिन वह पूरी तरह ठीक नहीं हो पाई हैं। उन्हें बीच-बीच में ऑक्सीजन की ज़रूरत पड़ जाती है।



क्या है हाइपर सेंसिटिविटी न्यूमोनाइटिस?

यह फेफड़ों की एक ऐसी बीमारी है, जिसमें वातावरण में मौजूद कुछ पदार्थों को बार-बार सांस के साथ अंदर लेने पर शरीर का इम्यून सिस्टम ज़रूरत से ज्यादा ऐक्टिव हो जाता है। इससे फेफड़ों में मौजूद छोटे-छोटे एयर सैक और उनके आसपास के टिशू में सूजन हो जाती है। यह सामान्य एलर्जी से अलग स्थिति है। इसमें सिर्फ नाक बहने या छींक आने की समस्या नहीं होती, बल्कि फेफड़ों के अंदरूनी हिस्से भी प्रभावित हो सकते हैं। और एक बार अगर फेफड़ों में यह समस्या बन गई तो उसे वापस पहले वाली स्थिति में लाना मुश्किल हो जाता है। कबूतरों या चिड़ियों की वजह से सिर्फ यही बीमारी नहीं होती। कई और तरह की भी परेशानी हो सकती है।



कैसे होती है यह बीमारी?

इसके पीछे खासतौर से पक्षियों से निकलने वाले प्रोटीन होते हैं। ये प्रोटीन पंखों, उनकी स्किन से झड़ने वाले महीन कणों, डैंड्रफ, लार और बीट में मौजूद हो सकते हैं। जब ये कण हवा में मिलते हैं और कोई शख्स इन्हें सांस के साथ अंदर लेता है, तो संवेदनशील शख्स के फेफड़ों में इम्यून रिस्पांस शुरू हो जाता है।

क्या हैं इसके लक्षण ?

लक्षण इस पर निर्भर करते हैं कि बीमारी कितनी गंभीर है, कब से है?

सूखी खांसी: लगातार कुछ हफ्तों या महीनों से खांसी रह सकती है, जिसमें बलगम बहुत कम या बिलकुल नहीं निकलता।

सांस फूलना: शुरुआत में सीढ़ियां चढ़ने, तेज चलने या खेलने पर परेशानी हो सकती है। बीमारी बढ़ने पर आराम करते समय भी सांस फूल सकती है।

थकान और कमजोरी: शरीर में पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचने में परेशानी या सूजन के कारण थकान महसूस हो सकती है।

बुखार या ठंड लगना: कुछ मरीजों में बुखार, ठंड लगने, दर्द जैसे लक्षण आ सकते हैं।

सीने में जकड़न: सांस लेते समय असहजता या सीने में भारीपन महसूस हो सकता है। कुछ लोगों को कबूतरों के संपर्क में आने के बाद बार-बार परेशानी होती है। दूर रहने पर लक्षण कम होने लगते हैं।

नोटः ये लक्षण इन्फेक्शन, अस्थमा और दूसरी बीमारियों में भी हो सकते हैं।

क्या बच्चों को भी हो सकती है परेशानी?

गंदे और इन्फेक्टेड डस्ट, पंख आदि का सांसों के माध्यम से फेफड़ों तक पहुंचने से बच्चों को भी सूखी खांसी, फीवर, गंभीर एलर्जी जैसी परेशानी लगातार हफ्तों या महीनों तक रह सकती है। अगर ये परेशानी दवाओं आदि से ठीक न हो और बालकनी, घर के भीतर कबूतरों या दूसरी पक्षियों की मौजूदगी से दूरी बनाकर ज़रूर देखें। मुमकिन है इससे काफी हद तक निजात मिल जाए।
अहम बातः यहां इस बात को भी समझें कि कबूतरों के आसपास रहने से यह बीमारी हो जाए, यह हरगिज ज़रूरी नहीं। कितनी मात्रा में और कितने समय तक संपर्क हुआ, उस बच्चे या शख्स का शरीर इसे सहने में कितना सक्षम है और फेफड़ों का रिएक्शन कैसा है, इन बातों की अहमियत होती है।



जांच से ऐसे पकड़ में आती है यह बीमारी

1. मेडिकल हिस्ट्री और शारीरिक जांच: डॉक्टर पूछते हैं कि खांसी कब शुरू हुई, सांस कब फूलती है और क्या पक्षियों के संपर्क के बाद लक्षण बढ़ते हैं।
ओपीडी चार्ज: 500 से 2500 रुपये

2. एचआरसीटी (HRCT): छाती का हाई-रेजोल्यूशन सीटी स्कैन फेफड़ों में सूजन, एयर सैक्स या एयर पाइप से जुड़े बदलाव और फाइब्रोसिस दिखा सकता है।
खर्चः 1800 से 8000 रुपये

3. पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT): इससे पता चलता है कि फेफड़े कितनी हवा अंदर ले और बाहर छोड़ सकते हैं और गैसों के आदान-प्रदान की क्षमता कितनी है। कुछ मरीज़ों में ऑक्सीजन का स्तर और डिफ्यूजन क्षमता कम मिल सकती है। खर्चः 700 से 1500 रुपये

4. खून की जांच: पक्षियों के प्रोटीन के खिलाफ कुछ एंटीबॉडी की जांच की जा सकती है।
खर्चः 1500 से 3000 रुपये

5. ब्रोंकोस्कोपी: चुनिंदा मामलों में सांस की नली के रास्ते फेफड़ों से तरल का नमूना लेकर उसकी जांच की जाती है। खर्चः 3000 से 15000 रुपये

नोटः जांच के खर्च में फर्क मुमकिन है।

आर.एन.आई. पंजीयन नंबर एमएचबीओई/ 2009/27562 इस समाचार-पत्र का प्रकाशन आर. कृष्णमूर्ति द्वारा टाइम्स ऑफ इंडिया बिल्डिंग, डॉ. डी. एन. रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 से बेनेट, कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड के लिए किया गया है। स्थानीय संपादक (मुंबई) : ललित वर्मा (पी. आर. बी. अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी) मुद्रण उमेद नायक द्वारा द टाइम्स ऑफ इंडिया सबर्बन प्रेस, आकुर्ली रोड, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, कांदिवली (पूर्व), मुंबई-400101 में (टेलीफोन नंबरः 66353535, 22733535) और इंद्रजीत सेन द्वारा द टाइम्स ऑफ इंडिया प्रिंट सिटी, प्लॉट नं. 4, टी.टी.सी. इंडस्ट्रियल एरिया, ठाणे बेलापुर रोड, ऐरोली, नवी मुंबई-400 708 में (टेलीफोन नंबरः (022) 2760 9999.) किया गया है। सर्वाधिकार सुरक्षित। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना संपूर्ण या आंशिक पुनर्प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित। सड़क व रेल परिवहन सेवा शुल्कः मुंबई, ठाणे व रायगड जिलोंके बाहर 1.00 रुपया। विमान सेवा शुल्कः रायपुर,नागपुर, गोवा एवं वाया 2.00 रुपये, इंदौर, चेन्नै एवं वाया 3.00 रुपये, अहमदाबाद, बेंगलुरु, कोचीन, कोयम्बतूर, एरनाकुलम, हैदराबाद, कोझीकोड, मंगलूर, त्रिवेंद्रम, उदयपुर, वाइजग एवं वाया 6.00 रुपये, दिल्ली, कोलकाता, एवं वाया 7.00 रुपये।

ग्रामीण, आदिवासी, अर्ध-शहरी और शहरी क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने से देश में प्रतिभाओं का दायरा व्यापक होगा और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत की संभावनाएं मजबूत होंगी। *-रक्षा खडसे, केंद्रीय खेल राज्य मंत्री*





कीवीलैंड में भारत का विजय 'तिलक'

टीम इंडिया ने चार विकेट से जीत हासिल कर सीरीज़ में बनाई 2-0 से बढ़त

भारत Vs न्यूजीलैंड
टी20 सीरीज, दूसरा मैच

4 विकेट निकाले 21 रन देकर मिचेल सैंटनर ने। यह भारत के खिलाफ टी20I में किसी कीवी बोलर का तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है

26 कैच लपके है तिलक वर्मा ने साल 2026 में खेले टी20I में। यह एक वर्ष में टी20I में सर्वाधिक कैच का रेकॉर्ड है

38 टी20I विकेट हो चुके है अर्शदीप सिंह के साल 2026 में। एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक टी20I विकेट का यह रेकॉर्ड है



भारतीय जीत के नायक नितीश-तिलक

टीम इंडिया ने ऐसे किया चेज

1-6 ओवर्स	7-15 ओवर्स	16-20 ओवर्स
44/1	69/5	68/0

■ **एजेंसियां, क्राइस्टचर्च:** भारत ने तिलक वर्मा (51* रन) के नाबाद अर्धशतक और नितीश कुमार रेड्डी (26* रन) के साथ सातवें विकेट के लिए 30 गेंद में 69* रन की अटूट साझेदारी की बदौलत शुरुआती झटकों से उबरते हुए दूसरे टी20 इंटरनैशनल मैच में न्यूजीलैंड पर एक गेंद रहते चार विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। तिलक (26 बॉल, 6 फोर, 1 सिक्स) और नितीश (13 बॉल, 1 फोर, 1 सिक्स) ने ऐसे समय में जिम्मेदारी संभाली, जब टीम 15वें ओवर में 112 रन पर छह विकेट गंवाकर मुश्किल में थी। इन दोनों भारतीय बैटर्स ने सूझबूझ और संयम से बैटिंग करते हुए 19.5 ओवर में छह विकेट पर 181 रन बनाकर भारत को पांच मैच की सीरीज में 2-0 से आगे कर दिया। कप्तान मिचेल सैंटनर (4/21) की शानदार गेंदबाजी से एक समय न्यूजीलैंड की टीम जीत की ओर बढ़ रही थी। पर तिलक ने फिनिशर की भूमिका निभाते हुए मैच उनके हाथों से छीन लिया।

फिर डटे फिलिप्स, जैकब्स: भारतीय गेंदबाजों ने पहले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन मेजबान टीम ने ग्लेन फिलिप्स (70) और बेवोन जैकब्स (56) के अर्धशतकों के बाद पांच विकेट पर 180 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद फिलिप्स ने 43 गेंद में चार सिक्स और चार फोर से सजी तूफानी पारी खेली जबकि जैकब्स ने 46 गेंद पर 58 रन बनाए जिसमें पांच फोर और एक सिक्स शामिल है। न्यूजीलैंड ने इन दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी निभाई।

सैंटनर ने की हालत खराब: संजू सैमसन ने पहला ओवर मेडन खेला। फिर अभिषेक ने तेजी दिखाई और दोनों ने 4.3 ओवर्स में 40 रन जोड़ लिए। भारत को पहला झटका पांचवें ओवर में जैकब डफी ने सैमसन को आउट करके दिया। स्कोर में चार रन ही जुड़े थे कि सीरीज का पहला मैच खेल रहे वैभव सूर्यवंशी (4) को नाथन स्मिथ ने आउट कर दिया। इसके बाद बाएं हाथ के स्पिनर सैंटनर ने आते ही कमाल की गेंदबाजी करते हुए अभिषेक, भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर (7) और अक्षर के विकेट झटके। नमन और तिलक ने मिलकर 25 गेंद की साझेदारी में 42 रन बनाए। पर सैंटनर ने अपने अंतिम ओवर और पारी के 15वें ओवर में नमन को आउट किया जिससे भारत को 112 रन छठा झटका लगा।

स्कोरकार्ड

न्यूजीलैंड: टिम सीफर्ट कॉ तिलक बो अर्शदीप 7, फिन एलन बो प्रिंस 16, डेरिल मिचेल कॉ तिलक बो भुवनेश्वर 6, ग्लेन फिलिप्स कॉ धीर बो अर्शदीप 70, बेवोन जैकब्स कॉ अक्षर बो रेड्डी 56, मिचेल सैंटनर नॉट आउट 4, माइकल ब्रेसवेल नॉट आउट 10 **एक्स्ट्राज:** 9, **टोटल:** 20 ओवर्स में पांच विकेट पर 180 रन, **विकेट:** 1-9, 2-18, 3-41, 4-157, 5-165, **बोलिंग:** भुवनेश्वर कुमार 4-0-50-1, अर्शदीप सिंह 4-0-33-2, प्रिंस यादव 4-0-30-1, नमन धीर 1-0-7-0, अक्षर पटेल 4-0-28-0, नितीश रेड्डी 3-0-31-1

भारत: संजू सैमसन कॉ फिलिप्स बो डफी 14, अभिषेक शर्मा कॉ स्मिथ बो सैंटनर 27, वैभव सूर्यवंशी कॉ डेरिल मिचेल बो स्मिथ 4, श्रेयस अय्यर कॉ सैंटनर 7, अक्षर पटेल कॉ मिचेल बो सैंटनर 11, तिलक वर्मा नॉट आउट 51, नमन धीर कॉ फिलिप्स बो सैंटनर 31, नितीश कुमार रेड्डी नॉट आउट 26, **एक्स्ट्राज:** 10, **टोटल:** 19.5 ओवर्स में छह विकेट पर 181 रन, **विकेट:** 1-40, 2-44, 3-56, 4-69, 5-165, 6-112, **बोलिंग:** हेनरी 2-1-11-0, डफी 3.5-0-41-1, फर्ग्युसन 3-0-37-0, ब्रेसवेल 4-0-35-0, स्मिथ 3-0-34-1, सैंटनर 4-0-21-4

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

भारतीय टीम के नए चेज मास्टर

रनों का पीछा करते हुए तिलक वर्मा दिग्गज विराट कोहली के बाद टीम इंडिया के नए चेज मास्टर है। तिलक ने टी20I में लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथी बार नाबाद 50+ पारी खेली है। वह रनों का पीछा करते हुए 12वीं बार नाबाद पविलियन लौटे है और भारत ने ये सभी मैच जीते है। रनों का पीछा करते हुए कम से कम 500 रन बनाने वाले बैटर्स में उनका औसत 51.62 है और ओवरऑल विराट कोहली (67.10) के बाद सिर्फ उनका औसत 50+ है।

भारत के बेस्ट शो के साथ पैरा गेम्स संपन्न



शनिवार को क्लोजिंग सेरेमनी में तिरंगे के साथ भारतीय दल

5वें एशियन पैरा गेम्स 2026 आइची-नागोया

■ **एजेंसियां, नागोया:** मिजुहो पार्क ऐथलेटिक्स स्टेडियम में शनिवार को 'आइची-नागोया 2026 एशियन पैरा गेम्स' का समापन समारोह आयोजित किया गया। इसके साथ एक सप्ताह तक चली यह प्रतियोगिता संपन्न हो गई। क्लोजिंग सेरेमनी में पैरा शूटर मोना अग्रवाल और ऐथलीट निषाद कुमार भारत के ध्वजवाहक रहे, जिन्होंने इस संस्करण में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दो-दो गोल्ड मेडल अपने नाम किए।

दोहा में मिलेंगे: एशियन पैरा गेम्स की शुरुआत 'फार ईस्ट ऐंड साउथ पैसिफिक गेम्स फेडरेशन फॉर द डिसेबल्ड' से हुई थी, और इसका पहला संस्करण साल 2010 में चीन के ग्वांगझू में आयोजित किया गया था। आइची-नागोया में हुआ यह आयोजन इसका पांचवां संस्करण था, जबकि 2030 में छठा संस्करण दोहा में आयोजित किया जाएगा। एशियन पैरा गेम्स 2026 में भारत ने कुल 114 मेडल्स (30 गोल्ड, 35 सिल्वर और 49 ब्रॉन्ज) के रेकॉर्ड के साथ अपना सफर पूरा किया।

चीन का दबदबा कायम

एशियन गेम्स की तरह एशियन पैरा गेम्स में भी चीन का दबदबा एक बार फिर कायम रहा। साल 2010 में एशियन पैरा गेम्स की शुरुआत से ही हर बार चीन पहले पायदान पर रहा है। उसने हर एडिशन में 300 से अधिक मेडल जीते हैं। हालांकि, इस बार उसने पिछले गेम्स (521 मेडल) के मुकाबले कम मेडल (435) जीते।

रैंक	देश	मेडल			टोटल
1	चीन	207	117	111	435
2	जापान	64	60	62	182
3	उज्बेकिस्तान	45	49	51	145
4	भारत	30	35	49	114
5	सा. कोरिया	29	38	33	100

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. कीरोन पोलार्ड को किसकी जगह मुंबई इंडियंस का हेड कोच बनाया गया है?
A) चामिंडा वास B) रिकी पॉन्टिंग (C) माहेला जयवर्धने D) कुमार संगाकारा
2. भारत के खिलाफ खेली जा रही टी20I सीरीज में न्यूजीलैंड टीम के कप्तान कौन है?
A) फिन एलन B) माइकल ब्रेसवेल C) मिचेल सैंटनर D) डेरिल मिचेल

कल के जवाब
1. D) 108 2.C) मिचेल सैंटनर

लकी WINNER



1. लक्ष्या जयसवाल, सैक्टर 71, नोएडा
2. नंदकुमार यादव, कलवा थाने महाराष्ट्र
3. राजीव गुप्ता, अमर कॉलोनी,दिल्ली

!!!!अलर्ट!!!!
अब आप अपने जवाब हमें 8796958780
नंबर पर आप अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का फोटो सहित नाम और बाकी दो के नाम हम कल के अंक में छापेंगे।

फटाफट खबरें

वाणी ने बनाई बढ़त

■ **गुरुग्राम:** भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने हीरो वुमन इंडियन ओपन के तीसरे राउंड के बाद एक शॉट की बढ़त हासिल कर ली है। पांच लाख डॉलर की इनामी राशि वाले लेडीज यूरोपियन टूर टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में 32 वर्षीय वाणी ने तीन अंडर-69 का कार्ड खेला।

आदित्य का मेडल पक्का

■ **नई दिल्ली:** आदित्य ने मोंटेनेग्रो में जारी वर्ल्ड बॉक्सिंग अंडर-19 चैंपियनशिप में इटली के तोमासो ओरलैंडो को हराकर मेंस 55 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वह इस प्रतियोगिता में पदक पक्का करने वाले भारत के पहले पुरुष मुक्केबाज हैं।

पर्यवेक्षक आमंत्रित किए

■ **नई दिल्ली:** निलंबित भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (BFI) के महासचिव प्रमोद कुमार ने कहा कि उन्होंने 28 अक्टूबर को होने वाली विशेष आम बैठक (SGM) के बारे में 'वर्ल्ड बॉक्सिंग', भारतीय ओलिंपिक संघ और खेल मंत्रालय को सूचित कर दिया है। उन्होंने इन संस्थाओं से बैठक में अपने पर्यवेक्षक भेजने का भी आग्रह किया है।

करण-दिग्विजय में भिड़ंत

■ **मुंबई:** भारत के करण सिंह ने मुंबई ओपन मेंस एम25 टेनिस टूर्नामेंट सेमीफाइनल में हमवतन चिराग दुहन को हराया। दूसरे सेमी में दिग्विजय प्रताप सिंह ने अमेरिका के गैरेट जॉन्स को शिकस्त दी।

तिलक ने बताया, मैच से पहले गंभीर और कोटक ने भरा था जोश

हर खिलाड़ी मैच विनर: श्रेयस

■ **एजेंसियां, क्राइस्टचर्च:** न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20I सीरीज के दूसरे मुकाबले में भारत की जीत के नायक रहे तिलक वर्मा ने कहा कि मैच से पहले हेड कोच गौतम गंभीर और बैटिंग कोच सितांशु कोटक ने उन पर भरोसा जताते हुए कहा था कि पूरा देश उनसे उम्मीद लगाए बैठा है और अगर वह अंत तक टिके रहे तो भारत जीत सकता है। तिलक ने कहा, 'मैं सिर्फ यही सोच रहा था कि अंत तक बल्लेबाजी करनी है। आज के मैच से पहले मेरी गौतम सर और कोटक सर से बात हुई थी। उन्होंने कहा था, अगर तुम अंत तक बल्लेबाजी करोगे तो हम जीत सकते हैं। मुझे खुद पर बहुत गर्व है।'

रिऐक्शंस



तिलक वर्मा

भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा, 'हर खिलाड़ी मैच जिताने में सक्षम होता है और आज हमें इसका उदाहरण देखने को मिला। जब हमने लगातार विकेट गंवाए तो लगा कि मैच हमसे दूर जा रहा है। लेकिन नितीश और तिलक ने शानदार जज्बा दिखाया। नमन ने भी अहम पारी खेली। वह शानदार गेंदबाज भी हैं और टीम में काफी जज्बा लेकर आते हैं।'

एक और विकेट मिल जाता तो...: सैंटनर: न्यूजीलैंड के कप्तान सैंटनर ने कहा कि भारतीय बल्लेबाजों ने दबाव को अच्छे से संभाला। उन्होंने कहा, 'भारत ने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। अगर हमें एक विकेट और मिल जाता तो शायद हम जीत सकते थे। भारतीय बल्लेबाजों ने लक्ष्य का पीछा बहुत अच्छी तरह आगे बढ़ाया।'

सेमीफाइनल में थमा अनाहत का सफर

■ **एजेंसियां, रेडवुड सिटी:** भारत की अनाहत सिंह सिलिकॉन वैली स्क्वैश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी मलयेशिया की शिवशंकरी सुब्रहमण्यम से हारकर बाहर हो गईं। दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी और मौजूदा विश्व जूनियर चैंपियन अनाहत को 11-5 6-11 4-11 7-11 से पराजय का सामना करना पड़ा। यह मलयेशियन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उनकी तीसरी हार है। इससे पहले अनाहत ने इजिप्ट की आठ बार की वर्ल्ड चैंपियन नूर अल शेरबिनि को हराकर सेमी में जगह बनाई थी।

पोलार्ड बनाए गए मुंबई इंडियंस के हेड कोच

इंडियन प्रीमियर लीग

■ **एजेंसियां, मुंबई:** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2027 सीजन से पहले वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड को टीम का हेड कोच बनाया है। पोलार्ड पिछले कुछ सीजन से टीम के बैटिंग कोच थे। वह माहेला जयवर्धने के जाने के बाद हेड कोच का पद संभालेंगे। फ्रेंचाइजी ने एक बयान में कहा, 'मुंबई इंडियंस को यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि कीरोन पोलार्ड टीम के हेड कोच होंगे। यह टीम की विरासत बनाने के प्रति मुंबई इंडियंस की प्रतिबद्धता का परिचायक है। हम मैदान पर और उसके बाहर प्रतिभाओं के विकास और अपनी टीम संस्कृति मजबूत करने के लिए काम करते रहेंगे।'



कीरोन पोलार्ड

189 मैच मुंबई इंडियंस के लिए खेले हैं ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड ने

बड़ा चैलेंज होगा: हेड कोच के तौर पर टीम को फिर से टॉप पर पहुंचाना पोलार्ड के लिए नया चैलेंज होगा। मुंबई IPL की सबसे सफल टीमों में से है, लेकिन आखिरी बार 2020 में खिताब जीता था। पोलार्ड ने टीम द्वारा जारी बयान में कहा, 'मुंबई इंडियंस मेरे जीवन और करियर का बड़ा हिस्सा रही है। टीम, खिलाड़ियों और पलटन के साथ मेरा लगाव मेरे लिए काफी मायने रखता है।'

बोधना केवल 11 की उम्र में बन गईं IM

■ **एजेंसियां, लंदन:** भारतीय मूल की इंग्लिश चेस प्लेयर बोधना शिवनंदन 38 साल पुराना जूडिथ पोल्गर का रेकॉर्ड तोड़कर 11 वर्ष की उम्र में सबसे युवा विमिंस इंटरनैशनल मास्टर (IM) बन गईं। नॉर्दन लंदन की रहने वाली बोधना को यह रेकॉर्ड तोड़ने के लिए कुछ ही रेटिंग अंक की जरूरत थी। बोधना ने यूरोपियन चेस क्लब कप 2026 के आखिरी राउंड में में जीत हासिल की और सर्वकालिक 10 सबसे युवा इंटरनैशनल मास्टर में शामिल हो गईं। इस लिस्ट में भारत के आर प्रग्नानंदा और डी गुकेश भी शामिल हैं।

सी डैक Centre for Development of Advanced Computing
Expression of Interest (EoI)
CDAC Invites Expression of Interest for Technology Reselling of CDAC developed Cyber Forensics Tools from Indian companies/firms.
For details visit **'www.cdac.in'**,
Contact: 0471 2723333, 9847069184, **tpc@cdac.in**


पश्चिम मध्य रेल
Commercial Branch
No. : C/BPL/PNU/ET/E-Aiction/2026
Date : 23.10.2026
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल में नार्मल पे एंड यूज शोचालयों के ठेके के लिए ई–ऑक्शन आमंत्रित की जाती है। ई–ऑक्शन के कैटलॉग IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) पर उपलब्ध हैं। कैटलॉग का विवरण इस प्रकार है। **Catalogue Number :** C-BPM-PNU-ET-1, **Type of contract :** Pay & Use **Lot No./Bid No. :** PnU-BPL-ET-Toi-19-25-2 (Pay and Use-Toilets), **Contract Period :** 3 Years (1096 day), **Date and time of clone of e-auction :** 28-10-26 15:30:00, सम्पूर्ण जानकारी अनुबंध की सामान्य शर्तें एवं अनुबंध की विशेष शर्तें (www.ireps.gov.in) पर उपलब्ध है। प्रतिभागी पोर्टल पर जाकर विवरण प्राप्त कर सकते है।
कृते मण्डल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पश्चिम मध्य रेल, भोपाल
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

पश्चिम मध्य रेल
शुद्धिपत्र संख्या–17/2026
निविदा सं. 40262064B जिसके खुलने की तिथि 16/10/2026 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/32/2026- के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है– **निविदा सं. एवं संक्षिप्त विवरण:** 40262064B Description:& ब्रुशलेस DC (BLDC) रेलवे कैरिज फैन कम्पलीट विथ ब्लेड, **Field Name:** Justification for deviation from System calculated EMD, **From:** EMD shall be governed by para 5.0 of Annexure-B of e-Tender document for supply contracts (Ver.7.0, applicable w.e.f. 31.10.2022.), **To:** EMD shall be governed by para 5.0 of Annexure-B of e-Tender document for supply contracts (Ver.7.0, applicable w.e.f. 31.10.2022.), **Tender Closing Date Time :** 16/10/2026 12:30, 06/11/2026 12:30, अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए बेबसाईट https://www.ireps.gov.in. देखें। (हस्ता.)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

विज्ञापन संख्या: 01/2026
भारत सरकार
नागरिक उड्डयन मंत्रालय
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
में
सदस्य (प्रचालन)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
23/11/2026 (17:00 बजे तक) है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को नागरिक उड्डयन मंत्रालय में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि 03/12/2026 (17:00 बजे तक) है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट देखें।
https://www.civilaviation.gov.in
CBC 03111/15/0011/2627

TOI YOUNG LEADERS | THE AI CAREERS MASTERCLASS
TIMES INTERNET
4.7 AVERAGE RATING*
Based on the feedback from all batches
AI Is Changing Every Career. Is Your Child Ready?
The AI Careers Masterclass opens up exciting career paths for your child. With expert-led sessions, fun experiences and real-world insights, we make future-ready learning engaging, safe and inspiring.
8 LIVE SESSIONS | GRADES 4-9 | NO CODING REQUIRED | PHYSICAL CERTIFICATE
KIDS WILL EXPLORE CAREERS IN
ONLINE GAMING | HEALTHCARE & MEDICINE | SPACE & SCIENCE | SPORTS & ANALYTICS | DESIGN & CREATIVITY | CLIMATE & SUSTAINABILITY | & MANY MORE!
BATCH 4 STARTS 14TH NOVEMBER 2026
RESERVE YOUR CHILD'S SEAT FOR AN AI-POWERED FUTURE.
SCAN TO REGISTER
Call us at +91 95605 34710 | Email: support.toi@timesinternet.in | visit: http://toi.in/ai_careers

सिंधु ने फाइनल में बनाई जगह अब नंबर-1 आन से टकराएंगी



FILE

मुझे मैच जीतकर फाइनल में पहुंचने की थोड़ी खुशी जरूर है, लेकिन काम अभी पूरा नहीं हुआ है। अब पूरा ध्यान अगले मुकाबले पर है जहां अपना बेस्ट देना है। *-पीवी सिंधु*

आगे मुश्किल चुनौती

वर्ल्ड रैंकिंग में 11वें स्थान पर मौजूद सिंधु के सामने फाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 साउथ कोरिया की आन से यंग की चुनौती होगी। सिंधु ने कहा, 'वह लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। लेकिन मेरा मानना है कि कल का दिन अलग होगा।'

■ **एजेंसियां, पैरिस:** भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने शनिवार को फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जापान की हिना अकेची पर रोमांचक जीत कर फाइनल में जगह बनाई। भारतीय स्टार ने अकेची को तीन गेम तक चले मैच में 21-10, 20-22, 21-16 से हराकर इस साल दूसरी बार सुपर-750 टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। सिंधु ने यह मुकाबला एक घंटे 13 मिनट में अपने नाम किया। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने इससे पहले जुलाई में जापान ओपन सुपर 750 का खिताब जीता था।



NBT आज का इतिहास


आज के दिन पहले आम चुनाव हुए थे

स्वतंत्र भारत के पहले आम (लोकसभा) चुनाव आज ही के दिन 1951 से 21 फरवरी 1952 तक कई चरणों में हुए थे। यह उस समय दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक चुनाव था। इस चुनाव में करीब 17.3 करोड़ वोटर्स के नाम दर्ज हुए थे और लोकसभा की 489 सीटों के लिए मतदान हुआ था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 364 सीटें जीती और नेहरू देश के पहले प्रधानमंत्री बने थे।

इतिहास में आज : 25 अक्टूबर

1881

स्पेन में पाब्लो पिकासो का जन्म हुआ। उनकी पेंटिंग 'ले फेम द अल्जेर' सबसे महंगी पेंटिंग में से एक है।



1964

भारत ने पहला स्वदेशी टैंक विजयंत बनाया और 12 दिसंबर 1965 को सेना में शामिल हुआ।

2017

गुजरात के कच्छ में वैज्ञानिकों को 15.2 करोड़ साल पुराना समुद्री जीवाश्म मिला था।

6 साल के लिए JDU से निकाले गए MLA अनंत सिंह

■ **पीटीआई, पटना:** जनता दल (यूनाइटेड) ने कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में मोकामा के विधायक अनंत सिंह और उनकी पत्नी पूर्व विधायक नीलम देवी को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। पार्टी की बिहार इकाई के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शनिवार को यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, अनंत सिंह पर पार्टी के निर्देशों की अवहेलना करने, शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ अपमानजनक भाषा इस्तेमाल करने और विधान परिषद चुनाव में जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार अनुज सिंह के लिए प्रचार करने का आरोप है। इसके साथ ही पार्टी की पूर्व विधायक नीलम देवी की प्राथमिक सदस्यता भी कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है।



अनंत सिंह

जामिया में कैंपस बंद, ऑनलाइन होंगी क्लास

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** जामिया मिल्लिया इस्लामिया में छात्रसंघ चुनाव बहाल करने की मांग को लेकर जारी प्रदर्शन के बीच प्रशासन ने अगले आदेश तक सभी कोर्स की क्लास ऑनलाइन करने का फैसला लिया है। रजिस्ट्रार प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी की ओर से जारी नोटिस में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा का हवाला दिया गया है। कैंपस की लाइब्रेरी और कैंटीन भी बंद कर दी गई हैं, जबकि गेट बंद होने से विद्यार्थियों की आवाजाही पर रोक लग गई है।

शनिवार को कुलपति प्रो. मजहर आसिफ और रजिस्ट्रार की मौजूदगी में 1,500 से अधिक शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी एकजुट हुए। उन्होंने दीवारों पर आपत्तिजनक नारे लिखने और तोड़फोड़ पर नाराजगी जताई। इसके बाद शिक्षक-कर्मचारी धरनास्थल पहुंचे, जहां प्रदर्शनकारियों से बातचीत के दौरान तनाव बढ़ गया।

छत्तीसगढ़ में एक ही परिवार के 4 लोग नदी में डूबे

■ **पीटीआई, सूरजपुर (छत्तीसगढ़):** सूरजपुर जिले में नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो नाबालिग भाई भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि यह घटना बिश्रामपुर थाना क्षेत्र में 'रन' नदी के राम सरस्वतीपुर घाट पर हुई। चारों NAI राम सरस्वतीपुर घाट पर नहाने गए थे, तभी यह हादसा हो गया।

पहली मुलाकात में ही राजीव दिल को भा गए थेः सोनिया

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख ने आत्मकथा से जुड़ा विडियो X पर शेयर कर राजीव गांधी को किया याद

■ **पीटीआई, नई दिल्ली**

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने राजीव गांधी से पहली मुलाकात और प्रेम संबंध के शुरुआती दिनों को शनिवार को याद किया। उन्होंने कहा कि राजीव बेहद सौम्य और आकर्षक थे। उनकी सौम्यता ने उन्हें पहली मुलाकात में ही प्रभावित कर दिया था।

सोनिया गांधी ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म 'एक्स' पर अपनी आत्मकथा से जुड़ा एक विडियो शेयर किया। उसमें कैम्ब्रिज में राजीव गांधी से पहली मुलाकात के दिनों को याद किया। इंस्टाग्राम के बाद सोनिया गांधी अब 'एक्स' पर भी आ गई हैं। यह इस प्लैटफॉर्म पर उनकी पहली पोस्ट है। उन्होंने लिखा, 'कैम्ब्रिज के एक छोटे से यूनानी रेस्तरां में मेरी प्रेम यात्रा शुरू हुई।'



सोनिया ने कहा, राजीव और मैंने यादों से भरी अपनी एक दुनिया बनाई।

सोनिया ने कहा, 'जब मैं उनसे पहली बार मिली तो मुझे उसी समय महसूस हुआ कि वह ऐसे व्यक्ति हैं, जिनके साथ मैं जिंदगी गुजारना चाहूंगी। बाद में मुझे पता चला कि उनकी भी मेरे प्रति यही भावना थी।'

सोनिया गांधी ने कहा, 'राजीव और मैंने प्रेम, खुशी और यादों से भरी अपनी एक दुनिया बनाई। मैं 10 नवंबर को उस दुनिया को आप सबके साथ साझा करूंगी।'

'रेस्तरां की तलाश में हुई थी पहली मुलाकात'

सोनिया गांधी ने इंग्लैंड में अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा कि उस समय वहां का खाना उन्हें पसंद नहीं था। वह लगातार ऐसे रेस्तरां की तलाश में रहती थीं, जहां उन्हें इतालवी खाना मिल सके। इसी तलाश के दौरान उन्हें कैम्ब्रिज में एक यूनानी रेस्तरां मिला, जहां कई छात्र खाना खाने आया करते थे। इसी रेस्तरां में उनकी पहली मुलाकात राजीव गांधी से हुई थी।

उनकी आत्मकथा 'बिलॉन्गिंगः ए जर्नी ऑफ लव' 10 नवंबर को प्रकाशित होगी। सोनिया गांधी ने कहा कि इसके बाद दोनों के बीच दोस्ती हुई और वे दोस्तों के साथ पार्टियों में जाने तथा विभिन्न जगहों पर घूमने लगे।

उन्होंने उस समय की एक वैलंटाइन पार्टी का भी जिक्र किया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए थे। सोनिया ने राजीव गांधी के व्यक्तित्व के बारे में कहा, वह बेहद सौम्य दिखने वाले व्यक्ति थे। बेशक, वह बहुत आकर्षक थे लेकिन उनकी सौम्यता साफ झलकती थी। उन्होंने कहा कि यह ऐसी बात थी जिसने मेरे दिल को वास्तव में छुआ और मुझे प्रभावित किया। साथ ही यह भी कहा कि राजीव गांधी से अपनी पहली मुलाकात के उन पलों को वह कभी नहीं भूल सकतीं।

फ्रांस में कर्फ्यू तोड़ फिर प्रदर्शन

■ **एपी, पैरिस/मिलानः** फ्रांस में विरोध प्रदर्शनों के बीच शनिवार को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। पिछले वीकेंड हुई हिंसा को दोबारा रोकने के लिए देशभर में 70 हजार तक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। 135 लोगों को गिरफ्तार किया गया और हथियार जब्त किए गए। फ्रांसीसी मीडिया के मुताबिक, ल्योन समेत कई शहरों में प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस छोड़े।

पैरिस में म्यूजियम बंद

पैरिस में पुलिस ने ट्रेड यूनियनों के मार्च का रूट बदल दिया। बैस्टिल में पुलिस ने 135 यूरो जुर्माना भरने की चेतावनी दी। हालांकि, येलो वेस्ट्स आंदोलन से जुड़े लोगों ने आदेश नहीं मानने की बात कही। इस बीच पैरिस के लूव्र, ओरसे और पिकासो म्यूजियम समेत कई प्रमुख स्थान बंद रहे। कई दुकानदारों ने भी अपनी दुकानें बंद रखीं। दुकानों के बाहर लकड़ी के मजबूत तख्ते लगा दिए। पैरिस और मार्सिले में मार्च हुए। जबकि ल्योन, नीस और मोंटपेलियर में कुछ रैलियों पर रोक लगा दी गई। ये प्रदर्शन स्कूलों में स्टाफ की कमी से शुरू हुए थे, लेकिन अब इनमें बेहतर शिक्षा, ज्यादा वेतन और जीवन स्तर सुधारने की मांगें भी शामिल हो गई हैं। पिछले सप्ताह हुई हिंसा के बाद फ्रांस के गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज ने इस्तीफे की पेशकश की थी, जिसे राष्ट्रपति ने ठुकरा दिया था। बढ़ते संकट के बीच राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रक्षा परिषद की बैठक बुलाई। उन्होंने पहली बार छात्र प्रतिनिधियों से मुलाकात की, लेकिन बात नहीं बनी।

वहीं, इटली के मिलान में शनिवार को फिर विरोध प्रदर्शन की आशंका के चलते सरकार ने 500 अतिरिक्त सैनिक तैनात किए। शहर में ड्रोन से निगरानी, रेलवे स्टेशनों पर जांच और ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। रोम में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

फारूक का बयान- पाक बचा रहा, BJP ने कहा- वहीं जाएं

बारामूला में नैशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष की बात पर सियासी विवाद

■ **पीटीआई, श्रीनगर/जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नैशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला के पाकिस्तान को लेकर दिए बयान पर सियासी विवाद खड़ा हो गया है। फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान की वजह से ही कश्मीर का मुद्दा आज भी जिंदा है। पाकिस्तान लगातार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर का मुद्दा उठाता रहा है और इसी वजह से हमारी पहचान बची हुई है। उनके इस बयान पर BJP ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। जम्मू-कश्मीर BJP अध्यक्ष सत पॉल शर्मा ने कहा कि फारूक अब्दुल्ला को देश की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। अगर उन्हें पाकिस्तान इतना ही अच्छा लगता है तो वहां जाकर बस जाना चाहिए।

J&K बीजेपी अध्यक्ष बोले, सार्वजनिक रूप से माफी मांगें अब्दुल्ला

नॉर्थ कश्मीर के बारामूला जिले में पार्टी के एक कार्यक्रम में अब्दुल्ला ने कहा, 'क्या आपको लगता है कि दिल्ली आपके साथ इंसाफ करेंगी?' अब्दुल्ला ने कहा कि आज केंद्र सरकार इसलिए चुप है क्योंकि दुनिया में कश्मीर को लेकर आवाज उठ रही है। हमारा पड़ोसी पाकिस्तान लगातार कहता है कि कश्मीर का फैसला अभी नहीं हुआ है। यही बात हमें बचा रही है, वरना उनकी नीयत अच्छी नहीं है।

PTI



पार्टी के कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने कही बात

'कभी नहीं कहा कि हम भारतीय नहीं हैं'

फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों ने कभी भारतीय होने से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा, 'हमने बार-बार कहा कि हमने भारत के साथ विलय किया था। वह महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और मौलाना अबुल कलाम आजाद का भारत था।' उन्होंने कहा कि भारत का सामाजिक ताना-बाना बिगाड़ दिया गया है, लेकिन यह दौर भी खत्म होगा।

'यहां बोलने की आजादी, पाक में नहीं'

फारूक अब्दुल्ला के बयान पर जम्मू-कश्मीर BJP अध्यक्ष **सत पॉल शर्मा** ने कहा कि उन्हें समझना चाहिए कि भारत में बोलने की आजादी है। इसी आजादी की वजह से वह ऐसे बयान दे पा रहे हैं। अगर यही बातें पाकिस्तान में कही होतीं तो शायद उन्हें बख्शा नहीं जाता।



कैबिनेट विस्तार अगले हफ्ते, उमर बोले- लिस्ट तय



सीएम उमर अब्दुल्ला शनिवार को लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा से मिले

■ **पीटीआई, श्रीनगरः** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अगले हफ्ते के शुरुआती दो-तीन दिन में उनके मंत्रिमंडल का विस्तार और उसमें फेरबदल किया जाएगा। अब्दुल्ला ने पार्टी के अपने सहयोगियों और विधायकों से मंत्री पद के लिए संपर्क न करने की अपील की। साथ ही कहा कि मंत्रियों की लिस्ट पहले ही तय की जा चुकी है। कौन मंत्री बनेगा, इसका फैसला हो चुका है। मुख्यमंत्री ने शनिवार सुबह लोक भवन में लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा से मुलाकात की। अब्दुल्ला ने कहा कि हां, निश्चित रूप से मंत्रिमंडल में फेरबदल पर चर्चा हुई है।

सहयोगियों से कहा, मंत्री पद के लिए संपर्क न करें

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने जर्मनी में भारतीयों से बात की

गोयल ने कहा, भारत लौटकर काम करें छात्र और वैज्ञानिक

बर्लिन से लाइव

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

■ **बर्लिनः** जर्मनी में उच्च शिक्षा ले रहे भारतीय युवाओं के लिए भारत में काम करने की राह आसान होगी। प्रिसिजन इंजीनियरिंग, स्पेस टेक्नॉलजी और एग्रीकल्चर जैसे क्षेत्रों में जर्मन रिसर्च इंस्टिट्यूट्स का भारतीय संस्थानों और उद्योग जगत के साथ तालमेल बेहतर बनाया जाएगा। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यहां बर्लिन में जर्मन वैज्ञानिकों और भारतीय छात्रों से मिलने के बाद ये बातें कहीं। गोयल ने कहा कि भारतीय वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, शोधकर्ताओं को भारत लौटने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उद्योग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच मजबूत साझेदारी और बेहतर शोध सुविधाएं विकसित करने की जरूरत है।

जर्मनी में करीब 70,000 भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं। छात्रों ने गोयल के सामने यह बात उठाई कि भारत में रिसर्च फंडिंग बढ़ाई जाए तो लौटना आसान होगा। डिफेंस टेक्नॉलजी में रिसर्च कर रहे एक छात्र ने कहा कि एक ऐसा प्लैटफॉर्म बने जिसके जरिये जर्मनी में भारतीय स्टूडेंट्स, जर्मन कंपनियां और भारतीय कंपनियां एक-दूसरे से कनेक्ट हों।

वहीं, एक रिसर्चर ने अनुरोध किया कि जर्मनी में भारतीय छात्रों को फ्रीलांसिंग करने के लिए इमिग्रेशन से इजाजत लेनी पड़ती है, जबकि दूसरे कई देशों के छात्रों को ऐसा नहीं करना होता। गोयल ने कहा कि जल्द यह सहूलियत मिल जाएगी।

गोयल ने पूछा, भारत लौटने के लिए किन चीजों की जरूरत होगी?

गोयल ने इन बैठकों के बारे में कहा कि सरकार शैक्षणिक संस्थानों, शोध संगठनों और उद्योग जगत के साथ मिलकर युवा शोधकर्ताओं की जरूरतों को समझेगी। गोयल ने कहा, 'मैंने उनसे कहा है कि वे हमें बताएं कि भारत लौटने पर विचार करने के लिए उन्हें किन चीजों की जरूरत होगी।' उन्होंने कहा, 'भारतीय छात्रों का बड़ा हिस्सा केवल जर्मनी में नौकरी तलाशने के बारे में नहीं सोच रहा, बल्कि घर लौटकर भारत की विकास यात्रा में योगदान देना चाहता है क्योंकि अवसरों का वास्तविक केंद्र अब भारत है।' गोयल ने जर्मन वैज्ञानिकों से कहा कि तेजी से बढ़ रहे भारत को स्पेस टेक्नॉलजी और सेमीकंडक्टर से लेकर कंज्यूमर सेक्टर तक में कई चीजों की जरूरत है और भारत से जुड़कर वे अपने रिसर्च का व्यावसायिक उपयोग बढ़ा सकते हैं।

IANS



पीयूष गोयल ने बर्लिन में कहा- भारत में काम करने की राह आसान होगी

आर्टिफिशल इंटेलिजेंस प्रूफ सेक्टरों की पहचान

पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार ऐसे व्यवसायों और सेक्टरों की पहचान कर उन्हें बढ़ावा देगी, जिनमें AI मददगार तो हो सकता है, पर इनमें काम करने वालों की जॉब के लिए खतरा नहीं बन सकता। गोयल ने कहा, 'मैंने अपने मंत्रालय से उन व्यवसायों की पहचान करने के लिए कहा है, जहां AI मानव कार्यबल को प्रतिस्थापित करने के बजाय कार्यक्षमता बढ़ाने में मदद कर सकता है।' उन्होंने कहा, 'भारत में कई लोगों के पास पारंपरिक कौशल हैं। AI उनकी जगह नहीं ले सकता।'

I.N.D.I.A. की रैलीः BJP ने कांग्रेस-राहुल पर लगाए आरोप

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

वोटर लिस्ट में बदलाव की प्रक्रिया स्पेशल इंटेंसिव रिविजन- SIR के खिलाफ 1 नवंबर को विपक्षी गठबंधन की प्रस्तावित रैली को लेकर सियासी घमासान शुरू हो गया है। बीजेपी ने रैली को लेकर कांग्रेस की आलोचना की है। उसका आरोप है कि 1 नवंबर को राजनीतिक रैली का आयोजन करना 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़कने और उनकी भावनाओं का अपमान करने जैसा है।

बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राहुल गांधी को 1 नवंबर को दिल्ली में अपनी रैली करने की ऐसी क्या जिद है? कांग्रेस को जवाब देना चाहिए कि आखिर इसी तारीख को क्यों चुना गया है? इस दिन दिल्ली में सिख विरोधी दंगे हुए थे और कांग्रेस इसी दिन रैली करने जा रही है।



इस पर कांग्रेस के नेताओं को जवाब देना चाहिए। रविशंकर ने दावा किया कि विपक्षी I.N.D.I.A. के कई घटक दल कांग्रेस की एक नवंबर को रैली आयोजित करने की योजना से सहमत नहीं हैं और कार्यक्रम की तारीख बदलना चाहते हैं। मगर, राहुल गांधी अपनी जिद पर अड़े हैं और किसी की बात सुनने को तैयार नहीं हैं। प्रसाद ने आरोप लगाया कि राहुल रैली आयोजित करने पर अड़े रहकर जानबूझकर सिखों की आहत भावनाओं पर नमक छिड़कने की कोशिश कर रहे हैं।

कारोबारी संगठनों ने कहा, 11 तक रैली न करें

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः** रामलीला मैदान में 1 नवंबर बड़ी रैली आयोजित करने को लेकर कई मार्केट संस्थाओं ने चिंता जताई है। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (CTI) चेयरमैन बृजेश गोयल ने राहुल गांधी को चिट्ठी लिखकर 11 नवंबर तक रैली स्थगित करने का निवेदन किया है। एक दिन की रैली से पुरानी दिल्ली के थोक बाजारों का काम चरमरा जाएगा। बृजेश ने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार का पूरा सम्मान है। सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध है कि 6 नवंबर को धनतेरस, 8 नवंबर को दीपावली और 10-11 नवंबर को भाईदूज है। ऐसे में, भाई दूज तक मुख्य बाजार क्षेत्रों में बड़ी रैलियां आयोजित नहीं हों। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि त्योहारी सीजन में राहुल गांधी को रैली टालनी चाहिए।

त्योहारी सीजन में कांग्रेस की रैली से चिंता में व्यापारी

US की रैलियों में छाया ऑपरेशन सिंदूर, ट्रंप फिर बोले- जंग रुकवाई

AFP

■ **पीटीआई, वॉशिंगटनः** अमेरिका में मध्यावधि चुनावों के प्रचार के दौरान राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत के ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया है। फ्लोरिडा में शुक्रवार को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले साल जारी सैन्य संघर्ष को रुकवाया था। इसके लिए उन्होंने दोनों देशों को भारी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि संघर्ष के दौरान 11 विमान गिराए गए थे। ट्रंप ने कहा, 'भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु हथियार संपन्न देश हैं। मैंने उनसे कहा था कि अगर आप लोग लड़ाई जारी रखेंगे तो अमेरिका के साथ व्यापार नहीं कर पाएंगे। मैं दोनों देशों पर 250% टैरिफ लगा दूंगा।' ट्रंप ने अपने कथित शांति प्रयासों के लिए नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलने पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, 'मैंने 8 युद्ध सुलझाए। क्या मुझे नोबेल पुरस्कार मिला? नहीं।'



अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप


भारत खारिज करता रहा है ट्रंप का दावा

भारत ने ट्रंप के इन दावों को बार-बार खारिज किया है। भारत का स्पष्ट रुख है कि पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति दोनों देशों के बीच सीधे संपर्क से बनी थी। इसमें किसी तीसरे देश की मध्यस्थता नहीं थी। 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने मई में ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इसके तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था।

जॉईंट ॲण्ड स्पाईन क्लिनीक

पेन मॅनेजमेंट क्लिनीक (SINCE 1986)

NON SURGICAL PAIN MANAGEMENT
Orthopedic & Physiotherapy
Neurohab



सायटिका (कमर दर्द)

उपचार मार्गदर्शन

1. साइटिका- पीठ दर्द, कमर से लेकर पूरे पैर और पंजों तक तेज़ दर्द, थोड़ी दूर भी न चल पाना, चलते और खड़े होते समय पैरों में झुनझुनी, पैर भारी होना, बैठना पड़ना, पंजों में ताकत कम होना, पांच-नुकीले पैर का अंगूठा, पैर के तलवे में जलन, पेशाब और शौच पर कंट्रोल न होना।
2. घुटने का दर्द - घुटने में दर्द, हिलने-डुलने में दिक्कत, घुटने के जोड़ में आवाज़, घुटनों का मुड़ना, सूजन, घुटने के जोड़/तेल का कम होना, रोज़ चलने में दिक्कत, लिगामेंट/मांसपेशियों को नुकसान।
3. गठीया रूमेटाइड आर्थराइटिस
4. फ्रोजन शोल्डर - कंधे में दर्द, कंधे का मूवमेंट कम होना, बालों में कंघी न कर पाना, नींद न आना, हाथ न हिला पाना, हाथों में झुनझुनी होना।
5. गर्दन में दर्द - चक्कर आना, हाथों में झुनझुनी होना, कलाई की ताकत/पकड़ कम होना।
6. माइग्रेन (आधे सिर में दर्द) जी मिचलाना, आवाज़ बर्दाश्त न होना, चिड़चिड़ापन आँखों में जलन, आँखों के सामने रोशनी चमकना।
7. एड़ी में दर्द, टेनिस एल्बो, डायबिटिक न्यूरोपैथी।
8. पैरालिसिस (लकवा) पैरालिसिस

इलाज के तरीके



वेदनामुक्ती के ओर

१.इपीड्युरल,रूट,पॅरास्पॉयनल ब्लॉक
२.ल्युब्रीकेशन ट्रिटमेंट (Lubrication Treatment)
३.पी.आर.पी. (Platelet Rich Plasma)
४.जी.एफ.सी. (Growth Factor Concentration)
५.बोटॉक्स (Botox Injection)
६.सोडीयम हयालयुरोनेट इंजेक्शन
७.सोडीयम चॅनल ब्लॉक



डॉ. तेजस्विनी पाटिल ने रुग्णों की जानकारी के लिये प्रकाशित किया है।

मुंबई - ५०३ (B) टॉवर, कोहिनूर स्पेशलिटी क्लिनिक, पांचवी मंज़िल, कोहिनूर स्क्वायर, शिवसेना भवन के सामने, दादर (वेस्ट) समय ८ से ३ (सिर्फ हर सोमवार) 8767090409

इन त्यौहारों पर अपने रूप को दें,
केसर का अनमोल निखार

करवा चौथ

के इस मौके पर दिविसा हर्बल्ज़ प्रा. लि. आपको दे रही है
Roop Mantra Kumkumadi Tailam (18ml)
के एक पैक की खरीद पर एक पैक बिल्कुल फ्री





Terms & Conditions

1. दिए गए QR कोड को अपने मोबाईल से स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.divisastore.com पर जायें।
2. यह उपहार केवल उपभोक्ताओं के लिए है, यह सुरक्षित पैक होगा, जिसे दुकानदार नहीं बेच पाएंगे।
3. #Shipping charges are free inclusive of all taxes.
4. *As on 1+1 discount offer, Buy One unit of Roop Mantra Kumkumadi Tailam - 18ml, worth MRP.: Rs. 899/- get one pack absolutely free.
5. All rights Reserved.

Payment Mode: RuPay VISA MasterCard Maestro AMEX Paytm G Pay BHIM Amazon Pay

24x7 Helpline: 8725966666 | www.roopmantra.com | Available at all medical & general stores